CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 17°C

नई दिल्ली, बुधवार 8 अक्टूबर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 187 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 15 रबी उल सानी1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



राम को गाली देने वाले महर्षि वाल्मीकि का भी अपमान करते हैं: योगी पेज 2



विमेंस वनडे बैटर्स रैंकिंग में स्मृति मंधाना टॉप पर कायम खेल टाइम्स



डिजिटल गोल्ड और नई मुद्रा: नियमों की सुबह होने को है सम्पादकीय



गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से इजरायल को 21 अरब डॉलर की सैन्य मदद दे चुका अमेरिका पेज 12

# केदारनाथ-बद्रीनाथ में सीजन की पहली बर्फबारी

## हेमकुंड साहिब में 2-3 इंच तक स्नोफॉल, राजस्थान में तापमान 12 डिग्री सेल्सियस तक गिरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों के ऊंचे इलाकों में पिछले 24 घंटों से बर्फबारी जारी है। उत्तराखंड के बद्रीनाथ, केदारनाथ और हेमकुंड साहिब में मंगलवार को पहली बर्फबारी हुई। हेमकुंड साहिब में 2 और 3 इंच तक स्नोफॉल हुआ।

केदारनाथ में तापमान 5 डिग्री तक गिर गया। मौसम विभाग ने 7 अक्टूबर को भारी बारिश-बर्फबारी का रेड अलर्ट जारी किया है। इस वक्त चारधाम यात्रा का दूसरा दौर





चल रहा है। रोज 5 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति, चंबा और किन्नौर में भी बर्फबारी हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, पहाड़ी राज्यों में अगले 2 दिन बारिश और बर्फबारी जारी रहने की संभावना है। इधर, पंजाब- हरियाणा के लिए तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में अगले 36 घंटों तक लगातार बारिश हो सकती है।

# हिमाचल में बस की छत पर गिरा भूस्खलन का मलबा, 18 की मौत

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में मरोतन से घुमारवीं जा रही संतोषी निजी बस पर शुक्र खड्ड के किनारे बरठीं में भल्लू पुल के पास पहाड़ी से भूस्खलन का मलबा गिर गया। मलबा गिरने से बस की छत उड़कर खड्ड के किनारे जा गिरी। वहीं सारा मलबा बस पर आ गया। जिससे बस पूरी तरह मलबे की चपेट में आ गई।

खबर लिखे जाने तक बस के अंदर से अभी तक 18 शव निकाले गए हैं। दो बच्चियों और एक बच्चे को सुरक्षित निकाला गया है। इनमें से एक बच्ची की मां दुर्घटना में मारी



**बस में करीब 35 लोग थे सवार**

गई है। बेटियों का प्रारंभिक उपचार बरठीं अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि करीब 35 लोग बस में सवार थे। घटना करीब साढ़े छह बजे हुई है। बस में मरोतन बरठीं, घुमारवीं और बीच के स्टेशनों के लोग सवार थे। चालक और परिचालक की मौत हो चुकी है। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। दुर्घटना पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ पूरी मज़बूती से खड़ी है। और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

## हरियाणा के IG वाई पूरन कुमार ने खुद को गोली से उड़ाया

**चंडीगढ़।** पंजाब व हरियाणा की राजधानी में मंगलवार को बड़ी घटना हुई है। यहां हरियाणा पुलिस के बड़े अधिकारी ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। घटना सेक्टर-11 की है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटना स्थल पर पहुंची है। जानकारी मिलते ही चंडीगढ़ पुलिस की एसएसपी, सीएफएसएल और फोरेंसिक टीम भी घटना स्थल पर पहुंच गई है। जानकारी के अनुसार हरियाणा पुलिस के आईजी वाई पूरन कुमार ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। आईजी वाई पूरन कुमार की कुछ दिन पहले रोहतक के सुनारिया जेल में तैनाती हुई थी। उन्होंने चंडीगढ़ सेक्टर-11 स्थित अपनी कोठी में सुसाइड किया है। वाई. पूरन कुमार की पत्नी पी अमनीत कुमार विदेश दौरे पर हैं। आईएएस पी. अमनीत कुमार, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मंत्री राव नरवीर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी जापान दौरे पर हैं।

## करूर भगदड़ की CBI से जांच की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह तमिलनाडु के करूर भगदड़ मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने भाजपा के नेता उमा आनंदन की याचिका पर शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध स्वीकार करते हुए इस मामले को 10 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

## ईडी के तकनीकी सहायता घोटाले में 15 स्थानों पर छापे

**नई दिल्ली।** ईडी तकनीकी सहायता घोटाले के सिलसिले में दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और मुंबई में 15 स्थानों पर तलाशी अभियान चला रहा है। करण वर्मा और अन्य के खिलाफ दिल्ली पुलिस की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत यह कार्रवाई शुरू की गई है। जांच में पाया गया कि इन जालसाजों ने दिल्ली के रोहिणी, पश्चिम विहार और राजौरी गार्डन इलाके में कई फर्जी कॉल सेंटर खोल रखे थे।

# SIR के तहत हटाए 3.66 लाख मतदाताओं का ब्योरा दें

## सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग को निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चुनाव आयोग से कहा कि वह बिहार की एसआईआर के बाद तैयार की गई अंतिम मतदाता सूची से हटाए गए 3.66 लाख मतदाताओं की जानकारी कोर्ट को दे।

**चुनाव आयोग नौ अक्टूबर तक जानकारी सौंपे**

चुनाव आयोग ने शीर्ष कोर्ट को बताया कि अधिकतर नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं और जिनके नाम हटाए गए हैं, उनमें से अब तक किसी ने कोई शिकायत या अपील दर्ज नहीं करवाई है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग को गुरुवार यानी नौ अक्टूबर तक उपलब्ध जानकारी कोर्ट को सौंपनी होगी, क्योंकि उसी दिन इस मामले में अगली सुनवाई होगी। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि मसौदा सूची और 30 सितम्बर को प्रकाशित की गई अंतिम सूची सबके पास है, इसलिए दोनों सूचियों की तुलना करके जरूरी जानकारी दी जा सकती है। न्यायमूर्ति बागची ने चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी से कहा कि कोर्ट के आदेशों से चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जनसामान्य की पहुंच बढ़ी है।

### आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया से हटाने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भाजपा की असम शाखा द्वारा कथित तौर पर पोस्ट किए गए एक 'आपत्तिजनक' वीडियो को सोशल मीडिया से हटाने की याचिका पर मंगलवार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पत्रकार कुर्बान अली और पूर्व न्यायाधीश अंजना प्रकाश की एक लंबित रिट याचिका में दायर एक आवेदन पर विचार करने का फैसला किया, जो घृणास्पद भाषण से संबंधित है। उक्त वीडियो में कथित तौर पर मुसलमानों को खुलेआम बदनाम करने का आरोप लगाया गया था। आवेदकों की ओर से पेश अधिवक्ता निजाम पाशा ने पीठ के समक्ष तर्क दिया कि चुनाव के दौरान पोस्ट किए गए वीडियो में दिखाया गया है कि अगर एक खास राजनीतिक दल सत्ता में नहीं आता है, तो एक खास समुदाय सत्ता संभाल लेगा। इस पर पीठ ने कहा कि इसमें (वीडियो) टोपी और दाढ़ी वाले लोग दिखाई दे रहे हैं, ऐसे मामलों में स्वत: संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए।



# कफ-सिरप से दो राज्यों में अब तक 23 बच्चों की मौत

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश और राजस्थान में जहरीला कफ सिरप पीने से 23 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें मध्य प्रदेश में अब तक 19 बच्चों और राजस्थान में 4 बच्चों की मौत हो चुकी है।

मामला सामने आने के बाद मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु और पंजाब ने इस सिरप की बिक्री और इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई है। इस मामले की सीबीआई जांच कराने और देशभर में दवाओं की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की मांग की गई है। एडवोकेट विशाल तिवारी ने याचिका में मांग की है कि कोर्ट सरकार को राष्ट्रीय न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति बनाने का निर्देश दे और जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की निगरानी में हो। वहीं, मामले में तमिलनाडु के ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने सिरप बनाने वाली कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस दवा को कांचीपुरम की कंपनी श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स बनाती है।सरकार

**पांच राज्यों में कोल्ड्रिफ सिरप बैन, सीबीआई जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका**

ने पांच दिन के अंदर कंपनी से जवाब मांगा है। वहीं, कफ सिरप बनाने वाली गुजरात की दो कंपनियों के सैंपल में भी जहरीले डाइएथिलिन ग्लायकॉल (डीईजी) और एथिलिन ग्लायकॉल (ईजी) की मात्रा ज्यादा मिली है। छिंदवाड़ा से 19 दवाओं के सैंपल लिए गए थे। गुजरात की रीलाइफ सिरप और रेस्पिफ्रेस टीआर सिरप में गड़बड़ी मिली है। मध्य प्रदेश में इन दोनों सिरपों के स्टॉक और बिक्री पर बैन लगा दिया गया है। गुजरात सरकार को जांच के लिए लेटर भी लिखा है। इससे पहले तमिलनाडु सरकार की जांच कमेटी को कोल्ड्रिफ बनाने वाली श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स की फैक्ट्री में 350 से ज्यादा गड़बड़ियां मिली थीं। जिन्हें क्रिटिकल और मेजर श्रेणी में रखा गया था।

## दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बारिश, पारा गिरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। रविवार देर रात से शुरू हुआ बारिश का दौर मंगलवार को भी जारी रहा। सोमवार की तरह ही मंगलवार को भी पूरे एनसीआर में बारिश हुई। इससे तपमान में गिरवाट आई है। बारिश के कारण जगह-जगह जाम की स्थिति बनी हुई है। वहीं उड़ानों पर भी खराब मौसम का असर पड़ सकता है। दिल्ली हवाई अड्डे की ओर से जानकारी दी गई है कि, दिल्ली में खराब मौसम के कारण उड़ान परिचालन प्रभावित हो सकता है। यात्री अपनी फ्लाइट की जानकार लेकर ही घर से एयरपोर्ट के लिए निकलें। बारिश का यह दूर पश्चिमी विक्षोभ के चलते हो रहा है। एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर-पूर्वी अफगानिस्तान और समीपवर्ती पाकिस्तान के ऊपर समुद्र तल से 3.1 और 5.8 किमी ऊपर बना हुआ है, जिसकी ऊपरी क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक गर्त बना हुआ है। साथ ही, चक्रवाती परिसंचरण मध्य पाकिस्तान और समीपवर्ती पश्चिम राजस्थान के ऊपर समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर तक बना हुआ है।

# रायबरेली में हुई इंसानियत की हत्या: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की पीट-पीटकर मार डालने की घटना को इंसानियत की हत्या करार दिया है।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर मंगलवार को इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या सिर्फ़ एक इंसान की नहीं- इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या है। आज भारत में दलित, आदिवासी, मुसलमान, पिछड़े और गरीब-हर उस व्यक्ति को निशाना बनाया जा रहा है, जिसकी आवाज़ कमजोर है, जिसकी हिस्सेदारी छीनी जा रही है, और जिसकी जिंदगी सस्ती समझी जाती है। देश में नफ़रत, हिंसा और भीड़तंत्र को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है, जहां संविधान की जगह बुलडोज़र ने ले ली है, और इंसाफ़ की जगह डर ने।

**कहा: भारत में दलित, आदिवासी, मुसलमान, पिछड़े व गरीबों को बनाया जा रहा निशाना**

अपने पुराने बैंक अकाउंट्स में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान स्टेप्स

1. बैंक की किसी भी शाखा में जाइए, भले ही वो आपकी रेग्युलर शाखा न हो
2. एक फॉर्म जमा कीजिए केवाईसी डॉक्यूमेंट्स के साथ (आधार, पासपोर्ट, वोटर आईडी या ड्राइविंग लाइसेंस)
3. वेरिफिकेशन के बाद ब्याज समेत (यदि है तो) अपने पैसे वापस पाइए

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजिए या आरबीआई का UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) देखिए जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

दावा न की गई संपत्ति के विशेष कैम्प्स में जाइए जो देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## संक्षिप्त समाचार

### वैष्णो देवी यात्रा बुधवार से फिर शुरू होगी

**जम्मू।** खराब मौसम के कारण श्री माता वैष्णो देवी यात्रा मंगलवार को लगातार तीसरे दिन स्थगित रही। भारतीय मौसम विभाग की ओर से जारी चेतावनी के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया था। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर वैष्णो देवी यात्रा मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी स्थगित रही और यह बुधवार आठ अक्टूबर को फिर से शुरू होगी। भक्त आधिकारिक माध्यमों से अपडेट रह सकते हैं। भारी बारिश के कारण 26 अगस्त को यात्रा स्थगित कर दी गई थी। उस दिन अर्धकुंवारी स्थित इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास भारी बारिश के बाद हुए भूस्खलन में 34 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने भूस्खलन के कारणों की जांच के लिए एक तीन सदस्य वाली उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था।

### सितम्बर में बिके करीब तीन लाख यात्री वाहन

**नई दिल्ली।** देश में गत सितम्बर महीने में यात्री वाहनों और दुपहिया की खुदरा बिक्री में दो अलग-अलग ट्रेंड देखने को मिले, पूरे महीने की बिक्री में जहां स्थिर वृद्धि दर्ज की गयी और यहां तक कि अगस्त की तुलना में गिरावट रही, वहीं वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें लागू होने के कारण नवरात्र की बिक्री में जबरदस्त उछाल देखा गया। वाहन डीलरों के महासंघ फाडा ने मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में बताया कि सितम्बर में देश में कुल 2,99,369 यात्री वाहन बिके, जो पिछले साल सितम्बर की तुलना में 5.80 प्रतिशत अधिक है।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सीएम योगी का बड़ा ऐलान

# सफाई कर्मियों को पांच लाख का हेल्थ इंश्योरेंस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सफाई कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि सरकार उनकी सुरक्षा और सम्मान के प्रति संवेदनशील है।

वाल्मीकि जयंती के मौके पर मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर महासभा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने वाल्मीकि समाज के लोगों से कहा कि आपकी सुरक्षा समाज की सुरक्षा है। आपका सम्मान भगवान वाल्मीकि की विरासत का सम्मान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी बड़ा कार्य करने जा रहे हैं। सफाई, संविदा कर्मचारी को अब आउटसोर्सिंग कंपनी नहीं, बल्कि सरकार का कॉरपोरेशन



■ राम को गाली देने वाले वाल्मीकि भी अपमान करते हैं

सीधे अकाउंट में पैसा देगा। स्वच्छता कर्मियों को पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा का कवर भी देंगे। यूपी के 80 हजार होमगार्ड को यह कवर दे दिया गया है। अब सफाई कर्मचारियों को इस व्यवस्था से जोड़ने जा रहे हैं। योगी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारत के महापुरुषों की परंपरा के भाग्य विधाता हैं। योगी ने कहा कि भगवान वाल्मीकि की फोटो लगाकर आज हर देव मंदिर में अखंड रामायण पाठ चल रहा है। सीएम ने अपील की कि महर्षि वाल्मीकि का चित्र हर भारतीय के घर में होना चाहिए। पीएम मोदी इसे एक भारत-श्रेष्ठ भारत, सबका साथ और सबका विकास कहते हैं। सीएम ने कहा कि रामराज्य वही है, जहां जाति, मजहब, संप्रदाय के नाम पर भेदभाव न हो। आज यही कार्य भाजपा की डबल इंजन सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग श्रीराम को गाली देते हैं, वे भगवान वाल्मीकि का अपमान करते हैं। भगवान वाल्मीकि का अपमान करने वाले भगवान राम का भी अपमान करते हैं। उन्होंने वोटबैंक के नाम पर जाति का सहारा लेने वालों पर हमला किया।

### सपा शासन में महापुरुषों का हुआ अपमान: मुख्यमंत्री

सीएम ने कहा कि 2012 में जब सपा सरकार आई थी, तो सामाजिक न्याय के पुरोधाओं के स्मारक को तोड़ने की धमकी दी थी, तब भाजपा ने कहा था कि इन स्मारकों को तोड़ने वालों को यूपी की जनता तोड़कर रख देगी। आज यह लोग प्रत्एक प्रेसवार्ता में बाबा साहेब का स्मरण करते हैं, लेकिन तब सपा के मुख्यमंत्री ने कन्नौज मेडिकल कॉलेज से बाबा साहेब का नाम बदल दिया था। हमने फिर उसे बाबा साहेब के नाम पर रख दिया। लखनऊ का भाषा विश्वविद्यालय मान्यवर कांशीराम के नाम पर था, सपा ने उसे भी बदल दिया। सहारनपुर मेडिकल कॉलेज का नाम भी बदल दिया। इनके दोहरे चेहरे हैं। यह हर कार्य को वोटबैंक की दृष्टि से देखते हैं। उन्होंने कहा कि यह राम व कृष्ण का विरोध करते हैं। विपक्षी कहते थे कि राम-कृष्ण हुए ही नहीं यानी इन्होंने महर्षि वाल्मीकि के प्रकट उत्सव पर प्रश्नचिह्न खड़ा किया। भगवान श्रीकृष्ण के अवतार को प्रश्नचिह्न के घेरे में रखने के साथ महर्षि व्यास को भी घेरे में रख दिया। सीएम ने कहा कि अयोध्या में समाजवादी पार्टी ने एयरपोर्ट का निर्माण नहीं किया। जब हम इसे बना रहे थे और जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या एयरपोर्ट का नामकरण महर्षि वाल्मीकि के नाम पर किया, तब भी सपा ने विरोध किया। समाजवादी पार्टी के गुंडे लालापुर के आश्रम पर कब्जा कर रहे थे। हमने कहा नाम नोट करो, इनके बाप-दादाओं ने जो प्रॉपर्टी जमा की है, उसे आश्रम के नाम पर करवा डालो। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा के समय में सफाई कर्मियों का शोषण होता था। इन्हें चार हजार रुपए भी नहीं मिल पाता था, लेकिन पीएम ने सबसे पहले कहा कि मैला सिर पर ढोने की कुप्रथा बंद होनी चाहिए।

# सिरप से बच्चों की मौत की न्यायिक जांच करे मप्र सरकार

नई दिल्ली, वार्ता



मध्य प्रदेश कांग्रेस ने कफ सिरप से बच्चों की मृत्यु पर गहरा क्षोभ व्यक्त करते हुए इस संकट को भारी भ्रष्टाचार का परिणाम बताया और कहा कि सिरप माफियागीरी के इस प्रकरण की न्यायिक जांच हो और मृतक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देकर बच्चे के इलाज में हुए खर्च की राशि परिवार को मिलनी चाहिए।

मध्य प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिघार ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रदेश बच्चों के खिलाफ अपराध के मामले में नंबर वन है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में बच्चों के खिलाफ अपराध के 2023 में 22,393 मामले सामने आए हैं। चार साल में 59 हजार से ज्यादा बच्चे लापता हो गए। उन्होंने कहा कि छिदवाड़ा में सिरप पीने से 16 बच्चों की मौत हुई है। कफ सिरप के कारण बच्चों को हो रही दिक्कत को लेकर छिदवाड़ा के विधायक सोहन वाल्मीकि ने कई बार सरकार को चेताया, लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया। कई बार मुख्यमंत्री तथा जिला अधिकारी को पत्र लिखे मगर कोई नहीं जागा। सवाल है कि आखिर पत्र लिखने के बाद भी सरकार क्यों नहीं जागी। जब बच्चे मरने लगे और मामला ज्यादा बढ़ा, तो एक बच्ची का शव कब्र से निकालकर पोस्टमॉर्टम कराया गया। कांग्रेस नेता ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि एक छोटी सी बीमारी में भी टेस्ट कराया जाता है, तो प्रदेश में बच्चों की किडनी फेल होने की रिपोर्ट आती है। दवा कंपनी ने परासिया जैसे आदिवासी क्षेत्र को जानबूझकर अपने कारोबार के लिए चुना है।

# जम्मू-कश्मीर के किसानों को 171 करोड़ जारी

## पीएम-किसान योजना के तहत लाभार्थियों के खाते में जमा होंगे: एलजी

श्रीनगर, वार्ता

जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को कहा कि यहां के लगभग 8.55 लाख पात्र किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत लगभग 171 करोड़ रुपए की प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता मिलेगी। यह राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाएगी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उपराज्यपाल सिन्हा के कार्यालय ने जम्मू-कश्मीर के किसानों के लिए पीएम-किसान योजना की 21वीं किस्त अग्रिम रूप से जारी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर के लगभग 8-55 लाख पात्र किसानों के बैंक खातों में लगभग 171 करोड़ रुपए सीधे हस्तांतरित किए जाएंगे। यह अत्यंत आवश्यक वित्तीय सहायता हमारे किसानों को अपनी आजीविका बनाए रखने और कृषि गतिविधियों को फिर से शुरू करने के लिए तेज़ी से काम करने में मदद करेगी। हमारे किसान अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और अन्य क्षेत्रों में विकास के लिए एक मज़बूत आधार प्रदान करते हैं।

### गुलमर्ग में पहली बार पारा हिमांक बिंदु से नीचे

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थल गुलमर्ग में इस मौसम में पहली बार सोमवार रात को पारा हिमांक बिंदु से नीचे रहा। ऊपरी इलाकों में बारिश और बर्फबारी के कारण पूरे कश्मीर में रात के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। कश्मीर घाटी को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख से जोड़ने वाले जोजिला दर्रे का न्यूनतम तापमान शून्य से 8.0 डिग्री नीचे रहा। श्रीनगर के मौसम विभाग केंद्र के मुताबिक बारामूला के प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया और पिछले 24 घंटों में 37.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

# सपा-कांग्रेस के मुंह में राम, बगल में छुरी: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में जातिवादी व्यवस्था के शिकार करोड़ों दलित, आदिवासी व पिछड़े वर्गों को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के मिशनरी आंदोलन से जोड़कर आत्मसम्मान व स्वाभिमान की नई राह दिखाने वाले बसपा संस्थापक मान्यवर कांशीराम के प्रति इन दोनों दलों का रवैया हमेशा से ही जातिवादी व पक्षपाती रहा है।

मंगलवार को अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर मायावती ने कहा कि नौ अक्टूबर को कांशीराम की पुण्यतिथि है, लेकिन सपा और कांग्रेस जैसी पार्टियां समय-समय पर स्वार्थ के लिए उनके नाम का इस्तेमाल करती रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दलों का चरित्र 'मुंह में राम, बगल में छुरी' वाली कहावत को चरितार्थ करता है। सपा ने न केवल कांशीराम जी के जीवनकाल में उनके आंदोलन को कमजोर करने की कोशिश की, बल्कि बसपा



सरकार द्वारा 2008 में कानपुर देहात को अलग मंडल बनाकर 'कांशीराम नगर' नाम देने के बाद भी उसे बदल दिया। इसके अलावा कांशीराम के नाम पर बनाए गए विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अस्पतालों व संस्थानों के नाम भी सपा सरकार ने बदल दिए। मायावती ने इसे 'घोर दलित विरोधी चाल और चेहरा' करार दिया। कांशीराम के निधन पर सपा की यूपी सरकार ने राज्य में शोक दिवस तक घोषित नहीं किया। इसी तरह उस समय केंद्र में रही कांग्रेस सरकार ने भी राष्ट्रीय शोक घोषित नहीं किया। सपा और कांग्रेस जैसी पार्टियां संकीर्ण राजनीति व वोट के स्वार्थ में कांशीराम को याद करती हैं।

### पीडीए का मतलब 'पीड़ित, दुखी, अपमानित': अखिलेश

**लखनऊ।** देश के मुख्य न्यायाधीश पर हुए हमले को लेकर जारी बयानबाजी के बीच समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए समाज को लेकर अपनी आवाज़ बुलंद की है। कुछ लोगों के हाथ में जाकर तो जूता भी अपमानित महसूस करता है। यादव ने एक्स पर लिखा- पीडीए समाज का अपमान करने वाले ऐसे असभ्य लोग दरअसल अपने दंभ और अहंकार के मारे होते हैं। इनकी प्रभुत्ववादी सोच नफ़रत को जन्म देती है, जो देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए जितनी होती है, उतनी ही समाज के सबसे कमज़ोर अंतिम व्यक्ति के लिए भी। ऐसे लोग वर्चस्ववाद की बीमारी से घोर ग्रसित होते हैं। हम इसलिए कहते हैं, पीडीए का मतलब है 'पीड़ित, दुखी, अपमानित'। पीडीए समाज की उदारता और भलमनसाहत 5000 सालों से ऐसे लोगों को माफ़ करती आई है।



सेंसेक्स 81926.75
निफ्टी 25108.30



सोना रु. 123300
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 157400
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन तेजी

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचकांक दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 136.63 अंक (0.17 प्रतिशत) की बढ़त में 81,926.75 अंक पर बंद हुआ। बीच कारोबार में एक समय यह 500 अंक से अधिक चढ़ चुका था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 30.65 अंक यानी 0.12 फीसदी ऊपर 25,108.30 अंक पर पहुंच गया। यह दोनों का 23 सितम्बर के बाद का उच्चतम स्तर है। रियलिटी, तेल एवं गैस, फार्मा, ऑटो, वित्त, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांकों में तेजी रही। वहीं, बैंकिंग, एफएमसीजी, धातु और आईटी सेक्टरों में बिकवाली ज्यादा रही। सेंसेक्स की 30 में 14 कंपनियों के शेयर हरे निशान में



■ प्रमुख सूचकांक दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर

और अन्य 16 के लाल निशान में बंद हुए। भारती एयरटेल में सबसे अधिक 1.55 प्रतिशत की तेजी देखी गई। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर भी 1.40 प्रतिशत चढ़ा।

अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और मारुति सुजुकी के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। एक्सिस बैंक का शेयर सबसे अधिक 2.13 फीसदी टूट गया। टाटा मोटर्स में 2.01 प्रतिशत, ट्रेंट में 1.78 फीसदी, इंफोसिस में 1.29, भारतीय स्टेट बैंक में 1.07 और हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.02 प्रतिशत की गिरावट रही। कोटक महिंद्रा बैंक, बीईएल, टाइटन और टीसीएस के शेयर भी लाल निशान में रहे। एनएसई में जिन 3,184 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 1,635 के शेयरों में गिरावट और 1,434 में तेजी रही। अन्य 115 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंतत: अपरिवर्तित बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.43 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.31 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। एशियाई शेयर बाजारों में जापान का निक्केई 0.01 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.52 प्रतिशत मजबूत हुआ। वहीं हांगकांग के हैंगसेंग में 0.67 फीसदी की गिरावट रही। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स और ब्रिटेन का एफटीएसई दोनों 0.02 प्रतिशत नीचे थे।

## 1.20 लाख रुपये के पार सोना, चांदी भी उछली

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतें एक बार फिर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। भारत में 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,23,300 रुपये के स्तर को पार कर गया है। देश की राजधानी दिल्ली, जयपुर, नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद जैसे नॉर्थ इंडिया के शहरों में सोना 2,700 महंगा हुआ है। दिल्ली में सोना 1,23,300 प्रति 10 ग्राम और चांदी 1,57,400 प्रति किलो पर पहुंच गई। ज्ञातव्य है कि करवा चौथ का व्रत 10 अक्टूबर 2025 शुक्रवार को है। यह एक ऐसा त्योहार है जिसमें पति-पत्नी एक-दूसरे के लिए सोना खरीदते हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की वेबसाइट के अनुसार मंगलवार सुबह सोने और चांदी की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी देखी गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,22,070 रुपये है, जबकि मुंबई में 1,22,020, चेन्नई में 1,22,180, कोलकाता में 1,22,020, लखनऊ में 1,22,070, चंडीगढ़ में 1,22,070 और अहमदाबाद में 1,22,070 रुपये है। हालांकि ऊंची कीमतों के कारण ज्वैलरी खरीदारी थोड़ी धीमी हुई है, लेकिन गोल्ड ईटीएफऔर डिजिटल गोल्ड में निवेश बढ़ रहा है।

# चावल-चीनी रहे मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेल-दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक लजस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं की कीमतों में मंदी रही। खाद्य तेलों और दालों के दाम में उतार-चढ़ाव देखा गया। वहीं चीनी में भी बढ़त देखी गई।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 35 रिंगिट चढ़कर 4,472 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.89 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50.83 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 12 रुपये बढ़कर 3,864.44 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। गेहूं के भाव नौ रुपये घटकर 2,852.46 रुपये प्रति क्विंटल रहे। आटे की कीमत भी तीन रुपये गिर गई और यह 3,303.07 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 52 रुपये और मूंगफली तेल की 57 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। अन्य तेलों में तेजी रही। सूरजमुखी तेल 88 रुपये और वनस्पति 85 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की



कीमत 33 रुपये और पाम ऑयल की 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत नौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। मूंग दाल की औसत कीमत 16 रुपये और मसूर दाल की 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। वहीं तुअर दाल सात रुपये और उड़द दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 15 रुपये प्रति क्विंटल घट गई, जबकि चीनी में तीन रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही।

# मुख्यमंत्री के जनता दरबार न लगने से निराश लौटे फरियादी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अपने दो दिवसीय दौरे के बाद वापस लौट गए। इसके बावजूद सुबह से ही सर्किट हाउस के बाहर फरियादियों की भीड़ जमा होने लगी। फरियादियों को उम्मीद थी कि पिछली बार की तरह इस बार भी मुख्यमंत्री जनता दरबार में उनकी समस्याएं सुनेंगे। हालांकि प्रोटोकॉल के अनुसार जनता दरबार का आयोजन नहीं था, जिसके कारण फरियादियों को निराश होकर लौटना पड़ा। अखिल भारतीय आंगनवाड़ी महासंघ की जिलाध्यक्ष भारती ने बताया कि वे मुख्यमंत्री से मिलने आई थीं, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। उनकी मांग थी कि अन्य राज्यों की तरह आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की तनख्वाह में भी वृद्धि की जाए। उन्होंने कहा कि दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद हमें उनसे काफी उम्मीदें हैं।

बलिया से आए श्रीपति पांडेय ने बताया कि उन्हें उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री इस बार भी जनता की समस्याएं सुनेंगे, इसलिए वे वाराणसी आए। उन्होंने कहा कि जमीनी विवाद के कारण उनका पूरा परिवार परेशान है।

### योगी से मिलकर न्याय मांगेंगे भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह के ससुर

**लखनऊ।** भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह और उनकी पत्नी ज्योति सिंह के बीच चल रहा विवाद अब परिवार से निकलकर सियासत के गलियारों तक पहुंचने की तैयारी में है। मंगलवार को लखनऊ पहुंचे ज्योति सिंह के पिता रामबाबू सिंह ने कहा है कि वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर अपनी बेटी के सम्मान और न्याय की मांग करेंगे। रामबाबू सिंह और उनकी पुत्री ज्योति सिंह देर-सबेर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर सकते हैं। रामबाबू का कहना है कि वे एक पिता के रूप में बेटी के सम्मान और सुरक्षा की गुहार लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी बस इतनी मांग है कि बेटी को सम्मान के साथ रखे। उन्होंने कहा कि हमारी बेटी उनसे बात करने ही आई थी, लेकिन वह बातचीत नहीं की, उल्टा पुलिस को भेज दिया है। पुलिस पहुंच गई और बेटी को ले जाने लगी।

# गरब्यांग में टेंट-आधारित होमस्टे का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने ग्रामीण पर्यटन, सतत विकास एवं सामुदायिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए ऑपरेशन सद्भावना के अंतर्गत कुमाऊं क्षेत्र के सीमावर्ती गांव गरब्यांग में एक टेंट-आधारित होमस्टे का उद्घाटन किया।

भारतीय सेना ने यहां एक बयान में मंगलवार को कहा कि इस सुविधा का उद्घाटन छह अक्टूबर को उत्तर भारत क्षेत्र के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा ने किया। केन्द्र सरकार के वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अनुरूप इस पहल का उद्देश्य पर्यटकों को क्षेत्र की जीवंत संस्कृति एवं प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव प्रदान करना है। इसके साथ ही समुदाय-आधारित पर्यटन के माध्यम से स्थानीय आजीविका को सशक्त बनाना है। गरब्यांग से दो पवित्र तीर्थयात्रा मार्ग निकलते हैं, जिसमें पहला आदि कैलाश की ओर और दूसरा ओम पर्वत तथा कालापानी की ओर जाता है। इसका सामरिक एवं आध्यात्मिक महत्व इसे कुमाऊं के ऊंचे इलाकों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाता है। ग्रामीणों ने इस उद्घाटन समारोह में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। ऑपरेशन सद्भावना के अंतर्गत विकसित एवं ग्रामीणों द्वारा स्वतंत्र संचालित इस होमस्टे से आगंतुकों को स्थानीय जीवन शैली का अनुभव प्राप्त करने का एक अनूठा अवसर मिलता है। होमस्टे की बुकिंग का प्रबंधन गरब्यांग ग्राम समिति द्वारा किया जाता है, जिनसे 9410734276, 7579811930, 9596752645 नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। भोजन सहित प्रति व्यक्ति प्रति रात्रि किराया 1,000 रुपए है। पर्यटन को बढ़ावा देने के अलावा भारतीय सेना कुमाऊं के सीमावर्ती क्षेत्रों में विभिन्न विकास परियोजनाएं चलाती है, जिसमें गांवों का विद्युतीकरण करना, हाइब्रिड सौर संयंत्र स्थापित करना, चिकित्सा शिविर आयोजित करना, पॉलीहाउस बनाना और आधारभूत ढांचे में सुधार लाना शामिल है।



■ ग्रामीण पर्यटन व विकास को मिलेगा बढ़ावा: सेना

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सीबीआई अधिकारी बनकर लाखों रूपये ठगे, तीन चढ़े हत्थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने एक बड़े साइबर फ्रॉड गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने एक वरिष्ठ नागरिक को "डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड" के जरिए ४२ लाख ४९ हजार रुपये की ठगी का शिकार बनाया। यह गिरोह खुद को ईडी और सीबीआई का अधिकारी बताकर लोगों को डराता था और उनसे भारी रकम वसूलता था। साइबर सेल की टीम, इंस्पेक्टर शिव राम के नेतृत्व में और एसीपी अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में, इस केस की जांच कर रही थी। पुलिस को पता चला कि आरोपियों ने अपने बैंक खातों को एक अंतरराज्यीय साइबर सिंडिकेट को इस्तेमाल के लिए दिया था। बदले में इन्हें प्रति खाता रु. १०,००० प्रतिमाह का भुगतान किया जाता था। इन्हीं खातों के जरिए देशभर में पीड़ितों के पैसे ट्रांसफर और मनी लॉन्ड्रिंग की जाती थी।

पीड़ित एक ८० वर्षीय सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी थे, जिन्हें व्हाट्सएप्प कॉल पर ठगों ने संपर्क किया। कॉल करने वाले खुद को ईडी और सीबीआई का अधिकारी बताते हुए बोले कि उनके बैंक खाते से "संदिग्ध ट्रांजैक्शन" हुए हैं। उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देकर लगातार फोन पर रखा गया ताकि वे किसी और से सलाह न ले सकें। धीरे-धीरे पीड़ित से उनकी जीवन भर की जमा पूंजी रु. ४२.४९ लाख रुपये ठग लिए गए। जांच के दौरान साइबर सेल ने आठ बैंक खातों का पता लगाया जो पहले स्तर में इस ठगी के लिए इस्तेमाल किए जा रहे थे। इनमें से एक खाता महेंद्र कुमार वैष्णव के नाम से था जो धन शोधन का प्रमुख माध्यम बना हुआ था। उसके साथ विषाल कुमार और श्याम दास, तीनों पाली (राजस्थान) के निवासी हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे पेशेवर रूप से "अकाउंट प्रोवाइडर" के रूप में काम करते थे। उन्होंने अपने चेकबुक, एटीएम कार्ड, सिम कार्ड और नेट बैंकिंग क्रेडेंशियल्स गिरोह के संचालकों को सौंप दिए थे। उनके खाते ठगी की रकम को अलग-अलग खातों में भेजने, छिपाने और ट्रेसिंग मुश्किल बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाते थे।

## दिल्ली-दून एक्सप्रेस-वे के पास बनेंगी तीन पार्किंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने दिल्लीख्रदेहरादून एक्सप्रेसवे के दिल्ली खंड में तीन स्थानों पर नई पार्किंग बनाने का निर्णय लिया है। इसका मुख्य उद्देश्य लंबी दूरी की यात्रा को सुरक्षित, आरामदायक और सुविधाजनक बनाना है। इसका प्रत्यक्ष लाभ यमुनापार के लोगों को मिलेगा खासकर व्यस्त गांधी नगर बाजार के कारोबारियों और ग्राहकों को इसका सबसे ज्यादा फायदा होगा।

एनएचएआई के अनुसार, प्रस्तावित पार्किंग स्थलों में पूर्वी जिला अधिकारी कार्यालय रानी गार्डन, गीता कॉलोनी और गांधी नगर बाजार शामिल है। गांधी नगर बाजार में १.४ हेक्टेयर में विकसित होने वाली यह पार्किंग सुविधा न सिर्फ एक्सप्रेसवे यात्रियों के लिए बल्कि स्थानीय व्यापारियों और ग्राहकों के लिए भी फायदेमंद साबित होगी। इस इलाके में पार्किंग की कमी और वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग से सड़कों पर जाम की समस्या बनी रहती है। नई पार्किंग सुविधा से न केवल ट्रैफिक को नियंत्रित किया जा सकेगा बल्कि बाजार के आसपास की सड़कें भी सुचारू रूप से चलेंगी। विशेषज्ञों का कहना है कि गांधी नगर बाजार जैसे व्यस्त व्यापारिक केंद्र के पास आधुनिक पार्किंग सुविधा होना स्थानीय व्यवसाय को अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा देगा। यात्री और स्थानीय ग्राहक आसानी से बाजार पहुंच सकेंगे, जिससे खरीदारी और व्यवसाय दोनों को लाभ मिलेगा। पार्किंग में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए १० फिसदी आरक्षित स्थान और सौर ऊर्जा से चलने वाली लाइटिंग जैसी सुविधाएं होंगी। प्रस्तावित पार्किंग स्थलों में यात्रियों की सुविधा के लिए चिकित्सा सहायता कक्ष, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग चार्जिंग सिस्टम और पार्किंग क्षमता संकेतक जैसी आधुनिक सुविधाएं होंगी।

# पीएमओ का अधिकारी बन उठाता था लाभ, एफआईआर दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पी रामाराव के खिलाफ सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की है, जिस पर आरोप है कि उसने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का अधिकारी बनकर कई संस्थानों से फायदे लेने की कोशिश की। आरोपी की पहचान पी रामाराव के रूप में हुई है और वह दिल्ली के राजेंद्र नगर का रहने वाला है।

सीबीआई ने यह मामला पीएमओ के सहायक निदेशक की शिकायत पर दर्ज किया है। शिकायत में कहा गया कि रामाराव ने तीन अलग-अलग मौकों पर पीएमओ अधिकारी बनकर गलत तरीके से अनुरोध किए। इसके बाद सीबीआई ने उसके खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और पहचान छिपाकर

**■ आरोपी की पहचान पी रामाराव के रूप में हुई है और वह दिल्ली के राजेंद्र नगर का रहने वाला है**

धोखा देने के आरोपों में केस दर्ज किया है। अधिकारियों के मुताबिक, रामाराव ने खुद को पीएमओ का संयुक्त सचिव और उप सचिव बताकर पुणे की सिंबायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलपति को फोन किया और किसी व्यक्ति के एमबीए प्रोग्राम में दाखिले के लिए मदद मांगी।

इसके अलावा, उसने पीएमओ के उप सचिव के रूप में तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के कार्यकारी अधिकारी को १ मई को एक फर्जी पत्र लिखा। इस पत्र में उसने १० मई को भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन के लिए १० लोगों के लिए तीन एसी डबल बेड रूम की व्यवस्था करने का अनुरोध किया था। सीबीआई जांच में पता चला कि पीएमओ में पी रामाराव नाम का कोई अधिकारी कार्यरत नहीं है। एक और मामले में सी श्रीधर नाम के व्यक्ति ने खुद को पीएमओ का संयुक्त सचिव बताते हुए मैसूरू के तहसीलदार को पत्र लिखा।

इसमें सहारा प्राइम सिटी लिमिटेड की १,०२३ एकड़ जमीन (कीमत लगभग १,५०० करोड़ रुपये) के रिकॉर्ड मांगे गए थे, जो प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जब्त की गई थी। जांच में पता चला कि इस पत्र में दिया गया मोबाइल नंबर वही है, जो सिंबायोसिस यूनिवर्सिटी के मामले में इस्तेमाल हुआ था।

# सांसद बृजलाल को संसद की स्थायी समिति का चेयरमैन बनाए जाने पर दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस ( शिक्षक संगठन) ने राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन द्वारा राज्यसभा सदस्य बृजलाल को व्यक्तिगत लोक शिकायत , विधि एवं न्याय संबंधी संसदीय स्थायी समिति का पुन: चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर प्रधानमंत्री व गृहमंत्री को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने एक ईमानदार, कुशल प्रशासक को यह जिम्मेदारी देकर कोरी समाज का नाम ऊंचा किया है । फोरम के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने बताया है कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े प्रदेश के पुलिस महानिदेशक पद को सुशोभित करने वाले सन १९७७ बैच के आईपीएस अधिकारी बृजलाल ने वर्ष २०१५ में पुलिस सेवा से सेवा. निवृत्त होने के पश्चात भाजपा से अपनी राजनैतिक पारी की शुरुआत की थी।

बेहतर पुलिस व्यवस्था , सुरक्षा और आम आदमी की सुनवाई के लिए विशेष व्यवस्था के कारण आपके कार्यकाल को लोग आज भी याद करते हैं ।

डॉ. सुमन ने बताया है कि बृजलाल को वर्ष २०१८ में उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग का अध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान इन्होंने बहुजन समाज में व्याप्त शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार को समस्याओं का समाधान कराने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोग में एक वर्ष के कार्यकाल के पश्चात सन २०२० में इन्हें उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सदस्य के लिए चुना गया।

कर्मठ व कुशल राजनीतिज्ञ तथा बहुमुखी प्रतिभा के धनी श्री बृजलाल को पुलिस सेवा के दौरान अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। बता दें कि इन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार सहित अनेक पुरस्कार मिल चुके हैं।




दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने साइबर फ्रॉड गिरोह के तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर मीडिया के सामने पेश किया।

## एक नजर

### डीडीसीए चयन पर बवाल: कीपिंग न जानने वाले को बना दिया विकेटकीपर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) में चयन प्रक्रिया पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। वीनू मांकड़ ट्रॉफी के लिए चुनी गई अंडर-19 टीम में ऐसा खिलाड़ी विकेटकीपर के तौर पर शामिल कर लिया गया, जो असल में कीपिंग करता ही नहीं है।टीम का ऐलान ३ अक्टूबर को किया गया था। अभिराज गगन सिंह को पहला विकेटकीपर चुना गया, जबकि २२वें नंबर पर दूसरे विकेटकीपर के रूप में प्रियांश का नाम रखा गया। लेकिन जब यह मामला सामने आया तो आनन-फानन में प्रियांश की जगह असली विकेटकीपर को रांची भेजा गया। चयन प्रक्रिया को लेकर सवाल इसलिए भी तेज हो गए हैं क्योंकि लोकपाल के आदेश के बावजूद चयन समिति की बैठक में सचिव अशोक शर्मा और संयुक्त सचिव अमित ग्रोवर मौजूद रहे। लोकपाल ने पहले ही साफ निर्देश दिए थे कि किसी भी चयन बैठक में कोई पदाधिकारी शामिल नहीं होगा। सूत्रों के मुताबिक, चयनकर्ताओं पर दबाव डालकर इस खिलाड़ी को टीम में शामिल कराया गया था। अध्यक्ष रोहन जेटली को खुद हस्तक्षेप करना पड़ा और खिलाड़ी का नाम टीम से हटाना पड़ा। यही नहीं, इस टीम से एक खिलाड़ी को कागजी गड़बड़ी के कारण बाहर करना पड़ा और एक अन्य को भी ड्रॉप कर दिया गया। सोमवार को संशोधित टीम रांची पहुंची, जहां ९ अक्टूबर से बीसीसीआई का घरेलू टूर्नामेंट वीनू मांकड़ ट्रॉफी शुरू हो रहा है।

### राग रंग सामूहिक कला प्रदर्शनी का शुभारंभ



**नई दिल्ली।** मणिकर्णिका आर्ट गैलरी के सौजन्य से ललित कला अकादमी, रवीन्द्र भवन, मंडी हाउस, नई दिल्ली में "राग रंग" सामूहिक कला प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ 4 अक्टूबर 2025 को हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेम सिंह, पूर्व प्राचार्य, गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ आर्ट चंडीगढ़ एवं प्रख्यात कलाकार सहित विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ चित्रकार एम. के. पुरी, लेखक एवं वरिष्ठ चित्रकार डॉ. वेद प्रकाश भारद्वाज तथा कालीचरण गुप्ता शामिल थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रेम सिंह ने अपने संबोधन में कहा नई पीढ़ी के कलाकारों की अभिव्यक्ति और वरिष्ठ कलाकारों का अनुभव मिलकर कला जगत को नई दिशा देते हैं। ललित कला अकादमी में हो रही यह प्रदर्शनी न केवल कला प्रेमियों के लिए आनंददायक है, बल्कि समाज को भी सृजनशीलता और सौंदर्य का संदेश देती है।"इस अवसर पर मणिकर्णिका आर्ट गैलरी की निदेशक, कलाकार चित्रकार कामिनी बघेल ने सभी मुख्य अतिथियों, विशिष्ट अतिथियों एवं उपस्थित चित्रकारों का हृदय से आभार व्यक्त किया। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले कलाकारों में 'अपर्णा देव' , अल्का शर्मा, अनिंदिता सेनगुप्ता, पूजा भारद्वाज जगोटा, प्रियांका अंबष्ठा, रितु मनचंदा, साहना पाल आदि है।

### प्रधानमंत्री तपस्वी जीवन का श्रेष्ठ उदाहरण: खंडेलवाल

**नई दिल्ली।** माँ भारती की सेवा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक जीवन में पच्चीस वर्षीय अद्भुत सफर समर्पण, प्रतिबद्धता, और राष्ट्रनिष्ठा का प्रतीक है और सही अर्थों में प्रधानमंत्री श्री मोदी को एक तपस्वी के रूप में प्रतिस्थापित करता है कहा चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने। खंडेलवाल ने कहा कि मोदी जी ने भारत को नई दिशा, नई पहचान और वैश्विक प्रतिष्ठा प्रदान की है। उनकी दूरदृष्टि, कर्मनिष्ठा और अटूट संकल्प ने देश को आत्मनिर्भरता, स्वावलंबी, विकास और गरिमा के पथ पर अग्रसर किया है। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री मोदी का जीवन "सेवा ही समर्पण" के मंत्र का जीवंत उदाहरण है। गरीब, किसान, व्यापारी, युवा, उद्योग, महिला और प्रत्येक नागरिक के जीवन में परिवर्तन लाने का उनका अथक प्रयास भारत के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा।

# उड्डयन मंत्री ने किया पुस्तिका का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सीआईएसएफ के डीआईजी शिव कुमार मोहनका की अबव एंड बियॉन्ड-एक्सप्लोरिंग द अमेजिंग वर्ल्ड ऑफ एविएशन नामक पुस्तिका का नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने लोकार्पण किया। इस पुस्तिका में श्री मोहन के अपने कार्यकाल के तीन दशकों से अधिक समय के अनुभवों को सांझा किया है। 445 पृष्ठों वाली यह पुस्तक तथ्यों और विचारों का एक आकर्षक संग्रह है, जो न केवल आपको रोमांचित करेगी, बल्कि आपको यह सोचने पर भी मजबूर करेगी कि आप उड़ान के विभिन्न पहलुओं के बारे में कितना कम जानते हैं।



श्री नायडू ने कहा, यह पुस्तक भारत के विमानन क्षेत्र के विश्वकोश की तरह है, एक दुर्लभ और उल्लेखनीय उपलब्धि। यह मेरे लिए एक विशेष क्षण है, क्योंकि ऐसी पुस्तक मिलना असामान्य है जो विमानन की संपूर्ण लंबाई और चौड़ाई को समेटे हुए हो, हवाई क्षेत्र से लेकर टर्मिनल और भूमि तक।

डीआईजी मोहनका ने हर उस एजेंसी और व्यक्ति को सोच-समझकर कवर किया है जो विमानन को आज जैसा है वैसा बनाने में योगदान देता है। भारत सरकार के पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री, सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा, मेरा मानना है कि यह पुस्तक भारत और उसके बाहर विमानन के क्षेत्र में बाइबिल का काम करेगी। यह पुस्तक हवाई यात्रा के ग्लैमर से परे जाकर यात्रियों के वास्तविक अनुभवों और लगातार आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालती है।

# सेल के साथ मिलकर लांच किया प्राइमरी स्टील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिवाली के मौके पर प्राइमगोल्ड सेल जेवीसी ने सरिया प्राइमगोल्ड 550 डी प्राइम. री स्टील मार्केट में लॉन्च कर दिया है। यह उत्पाद सीधे स्टील ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के बिलेट (कच्चा माल) से बनाया जाता है, जो इसे हाई-राइज बिल्डिंग के निर्माण के लिए आर्दश है। खास बात यह है कि यह सरिया दिल्ली समेत उत्तर भारत के पांच राज्यों में ही तत्काल उपलब्ध कराया जाएगा। प्राइमगोल्ड सेल जेवीसी लिमिटेड के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने इस मौके पर बताया कि प्राइमगोल्ड ५५०डी प्राइमरी स्टील बाजार भाव से दूसरी बड़ी कंपनियों की तुलना में १० रुपये सस्ता मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनी दिल्ली के बाजार को लेकर ज्यादा फोकस है। इस मौके पर स्टील ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक (व्यापार) विनोद गुप्ता भी मौजूद थे।




### साड़ी-कुर्ता पहने पिकाचू रोशनी के त्योहार के लिए आए वापस

**नई दिल्ली।** अपने प्रशिक्षकों के लिए उत्साह से भरा रोशनी का त्योहार वापस ला रहा है। यह आपके पोकेमॉन सहित आपके आस-पास के लोगों के साथ जश्न मनाने का समय है! साड़ी पहने पिकाचु और कुर्ता पहने पिकाचु को खोजकर हमारे साथ सेलिब्रेट करे। खेल के अंदर के उत्सवों के साथ-साथ, प्रशिक्षक बेंगलुरु के नेक्सस मॉल कोरमंगला और नई दिल्ली के सेलेक्ट सिटीवॉक में विशेष और रोमांचक प्रकाशोत्सव थीम पर आधारित ऑन-ग्राउंड एक्टिवेशन का भी अनुभव कर सकते हैं। प्रशिक्षक 18 और 19 अक्टूबर को मॉल जा सकते हैं और प्रकाशोत्सव का आनन्द लीजियें।

### इराकी बच्चे की हाइ-रिस्क कार्डियाक प्रक्रिया सफल



**नई दिल्ली।** फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट ने इंसेसेंट टैकीकार्डिया ( यह लगातार, त्वरित हृदय गति संबंधी विकार है जो अपने आप ठीक नहीं होता और इसकी वजह से हृदय की मांसपेशियां कमजोर पड़ने लगती हैं और हार्ट फेल की शिकायत बढ़ जाती है) से पीड़ित 7-वर्षीय इराकी बच्चे पर जीवनघाती कार्डियाक प्रक्रिया इलैक्ट्रो फिजियोलॉजी स्टडी एवं रेडियोफ्रीक्वेंसी एब्लेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है।यह मरीज हृदय में असामान्य सर्किट के साथ जन्मा था। जब इस बच्चे को इलाज के लिए फोर्टिस एस्कॉर्ट्स, ओखला लाया गया तो उसकी हृदय गति/धड़कन काफी असामान्य यानि 170-200 धड़कन प्रति मिनट थी। सामान्य हृदय गति 75-118 धड़कन प्रति मिनट होती है। इस बच्चे का जन्म केवल २६ किलो था और वह पिछले कई वर्षों से बीमार था, और इस मामले में बच्चे की उम्र और काफी कम वजन को देखते हुए उनके देश में कोई भी अस्पताल इस मामले को लेने के लिए तैयार नहीं था। इराक में डॉक्टरों ने मरीज को दवाओं की खतरनाक खुराक पर रखा था जिसके चलते उसकी लाइफ क्वालिटी पर खराब असर पड़ रहा था और इस बीमारी से भी उसे कोई राहत नहीं मिल रही थी। इस संबंध में काफी विचार-विमर्श और परामर्श के बाद, मरीज के परिजनों ने उसे इलाज के लिए भारत लाने का फैसला किया ताकि सही उपचार किया जा सके।डॉ अपर्णा जसवाल, डायरेक्टर-डिपार्टमेंट ऑफ कार्डियाक पेसिंग एंड इलैक्ट्रोफिजियोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट, ने कहा, "यह बेहद जटिल और दुर्लभ मामला था। एक सप्ताह के भीतर ही बच्चे को नॉर्मल लाइफ में लौटता देखना सही मायने में हमारे लिए सुखद रहा है।"

# दिल्लीवालों पर डेंगू-मलेरिया का खतरा बढ़ा: अंकुश नारंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने पिछले 9 दिनों से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे एमटीएस कर्मचारियों से मुलाक. ात की और उनकी मांगों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि दिल्लीवालों पर डेंगू-मलेरिया का खतरा बढ़ता जा रहा है। ऐसे में भाजपा सरकार को कर्मचारियों की मांगे पूरी कर उनकी हड़ताल खत्म करा देनी चाहिए। भाजपा सरकार सिर्फ 60 करोड़ रुपए सालाना बचाने के लिए 5 हजार कर्मचारियों को हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर कर दिया। जबकि ये कर्मचारी ही मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवा का छिड़काव, पानी की टंकियों की सफाई समेत अन्य कार्य करते हैं। जब से ये कर्मचारी हड़ताल पर हैं, दवा का




छिड़काव नहीं हो रहा है। दिल्ली में जब से भाजपा की चार इंजन की सरकार बनी है, तब से न कर्मचारी खुश हैं और ना तो दिल्ली की जनता खुश है। इस अवसर पर करोलबाग जोन अध्यक्ष पुनीत राय, सिटी एसपी जोन अध्यक्ष विकास टांग, वेस्ट जोन अध्यक्ष निर्मला कुमारी जी और आम आदमी पार्टी के जुझारू व कर्मठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंकुश नारंग ने कहा कि एमसीडी के 5, 200 एमटीएस और सीएफडब्ल्यू कर्मचारियों की २९ सितंबर से शुरू हुई हड़ताल नौवें दिन में है। "आप" की एमसीडी सरकार ने इन कर्मचारियों को डीबीसी से एमटीएस का दर्जा दिलाया था। मैंने 26 सितंबर को सदन में मेयर राजा इकबाल सिंह को बताया था कि 5, 200 कर्मचारी 29 सितंबर को हड़ताल पर जा रहे हैं। इनसे बात कर लें, क्योंकि ये लोग टंकियां चेक करते हैं, पानी का जमाव देखते हैं। एमसीडी में इनके बिना कोई यह काम नहीं कर सकता।

**Public Notice**

In the court of 3rd . Jt .civil . Judge (j.d.) panvel . At panvel . Dist: thane ने तारीख 14 ,11, 2025 misc. Application no .723/2025. Exh. No.8id Exh. 8 id .shri shankar guruprasad beriwal age 59 years, occ. Business,address- mp98.pritampura.pirtampura , north- west,delhi - 110034 ......applicant

Versus

Nil .....non applicant

Whereas the father of applicant guruprasad beriwal was expired on 11/02/2008 at B.j.-94, west Shalimar baug ,delhi, leaving behind him following plot in his name and hence , the apptificate in his name in this court .

Schedule

Plot no. 771. Admesuring 250 sq. Meters ,situated at steel market complex , kalamboli ,Navi Mumbai....

Whereas,this public notice is given to all the persons claiming to have have any right , title , interest. Claim in the said property of the deceased ,shall take injection in writing within 30 days from the date of publication of this notice in this court , if no any person ,will take any objection , this court will grant heirship certificate in the name of applicants as prayed , and after that if any objection raised same will not be considered .

Given under my hand and seal of this court on this 29 day of

**By order**
Asstt. Supcrintendent
Civil court , panvel.

# निजीकरण ठेकेदारी के खिलाफ प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लोक समाज पार्टी की तरफ से निजीकरण ठेकेदारी के खिलाफ जंतर मंतर पर विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। पार्टी ने भारत सरकार के प्रधानमंत्री,कानून मंत्री भारत सरकार और श्रम मंत्री भारत सरकार को निजीकरण ठेकेदारी खत्म करने के लिए ज्ञापन भेजा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव श्री बच्चन सिंह कतौतिया जी ने किया। इस मौके पर लोक समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरी शंकर शर्मा (एडवोकेट), लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह ब्रिटिश काल में भारत की खेती पर जमींदारों का कब्जा था और आज इस तरह सरकारी नौकरियों पर देश के नौकरशाह और मंत्रीगण ठेकेदारी के माध्यम पर कब्जा कर दिए हैं।निजीकरण ठेकेदारी असंवैधानिक




ही नहीं बल्कि लोकतंत्र में एक कलंक है।

निजीकरण ठेकेदारी लाने का उद्देश्य मंडल कमीशन के विजन को विफल करना है अर्थात दलित,आदिवासी, ओबीसी के आरक्षण को खत्म करना है। ठेकदारी के माध्यम से आर्थिक रूप कमजोर सवर्ण वर्ग के लोगों का 10% आरक्षण भी खत्म हो रहा है। ठेकेदार सरकारी विभाग पूरा वेतन लेते है जबकि बेरा. ेजगार युवाओं को मात्र ८ हजार से १५ हजार प्रति माह दिए जा रहे हैं। हर युवा का १५ हजार रुपए ठेकेदार,नौकरशाह और मंत्री के बीच बंदरबाट हो रही है। मौके पर पार्टी के ,राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष आर एस बाजवा (एडवोकेट) ,दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सतवीर सिंह करोटिया ,परिवहन प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनील सक्सेना, महिला प्रदेश अध्यक्ष कांता रानी, कुंदन सक्सेना, टिल्लू सिंह, सतपाल ऋतु अंकुर शर्मा (एडवोकेट), अरविंद नागर (एडवोकेट), चेतन दास, गुरमीत सिंह, अजित सिंह, महेन्द्र सिंह, अमित कुमार, सुरेश दुबे, जगदीश प्रधान, पंकज र पंत, जसकरण सिंह, रजिया , राजेश कुमार, मनदीप मालिक, विद्या रावत, कमलेश सक्सेना कुमार, राम गोपाल चौहान, विनोद कुमार, गोविंद शर्मा, राम किशोर, डॉ संजय सी,विशाल श्रीवास्तव, राम प्रकाश विश्वकर्मा, सहित सैकड़ो लोग शामिल थे लोक समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बच्चन सिंह करोटिया राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष आर एस बाजवा (एडवोकेट) ने यह घोषणा किया कि नवंबर के द्वितीय सप्ताह में निजीकरण,ठेकेदारी और बेरोजगारी के खिलाफ गांधी समाधि से जंतर मंतर तक विरोध यात्रा निकाला जाएगा।

### त्योहारों पर ऑनलाइन शॉपिंग संभलकर

**नई दिल्ली।** बड़े त्योहार खरीदारों के लिए लंबी खरीदारी सूचियाँ प्रेरित करते हैं और साथ ही ठगों के लिए बड़े अवसर भी। भरोसेमंद मार्गों का उपयोग करें, और अपनी कीमती चीजें सुरक्षित रखें। नीचे एक व्यावहारिक, विशेषज्ञ-शैली की चेकलिस्ट दी गई है, जो सार्वभौमिक सुरक्षा सर्वोत्तम प्रथाओं को उन उदाहरणों के साथ मिलाती है कि कैसे कंपनियाँ जैसे अमेजन अपनी सुरक्षा बढ़ा रही हैं और ऐसे टूल्स प्रदान कर रही हैं, जिन्हें आप अभी इस्तेमाल कर सकते हैं। अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट - लीगल राकेश बक्शी ने कहा, "कुछ आदतें जैसे भुगतान करने से पहले वेबसाइट्स की पुष्टि करना, मल्टीफैक्टर ऑथेंटिकेशन चालू करना, बैंक स्टेटमेंट्स की जाँच करना और किसी भी संदिग्ध गति. विधि की रिपोर्ट करना जोखिम को काफी हद तक कम कर देती हैं। हम अपनी तरफ से पर्दे के पीछे काम कर रहे हैं; हम उपभोक्ताओं को आमंत्रित करते हैं कि वे स्क्रीन के सामने अपनी जिम्मेदारी निभाएँ।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं इरफान शाह सुपुत्र अजमत शाह निवासी 6255, पक्की गली बाड़ा हिंदूराव दिल्ली -110006, घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री युसरा इरफान सुपुत्री इरफान शाह निवासी अमेरिका ने दारूल इफ्ता 1344 मस्जिद मोहतसीब तिलक बाजार दिल्ली-110006 द्वारा अपने पति फैजान अहमद सुपुत्र मोइनुद्दीन से खुला ( फस्ख निकाह) की मांग की है। इस मामले में दारूल इफ्ता के जरिए कई बार डाक, टेलिफोन से संपर्क किया गया मगर कोई जवाब नहीं मिला। इस विज्ञापन के छपने के 15 दिन के अंदर दारुल इफ्ता में पेश होकर अपनी बात रखें अन्यथा एक तरफा कार्यवाही की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

## 21 साल पुराने हत्याकांड में
# पूर्व पार्षद मनीष पंडित सहित दो को उम्रकैद

**गाजियाबाद।** थाना सिहानी गेट क्षेत्र में 21 वर्ष पहले हुई एक सनसनीखेज हत्या के मामले में आखिरकार न्याय हुआ। अपर सत्र न्यायालय ने सोमवार को अपने फैसले में पूर्व पार्षद मनीष पंडित उर्फ पप्पू और उसके साथी मनोज फौजी को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। यह फैसला बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव विजयपाल यादव के भाई नरेश यादव की हत्या के मामले में आया है, जिसकी सुनवाई लंबे समय से विचाराधीन थी। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता नवीन त्यागी ने

**न्यायालय ने दोनों आरोपियों को हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। फैसले के बाद पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।**



बताया कि यह घटना 14 नवंबर 2004 की है, जब नरेश यादव और उनका भतीजा जितेंद्र यादव रामनगर स्थित अपने ऑफिस पर बैठे थे। उसी दौरान कुछ अज्ञात हमलावर वहां पहुंचे और दोनों पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। इस हमले में नरेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई, जबकि जित. ेंद्र यादव घायल अवस्था में बच गए। घटना के बाद मृतक के भाई विजयपाल यादव ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और धीरे-धीरे मामले की गुत्थी सुलझ गई। जांच में पूर्व पार्षद मनीष पंडित उर्फ पप्पू और उसके साथी मनोज फौजी का नाम सामने आया। दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

बीते दो दशकों से यह मामला अदालत में विचाराधीन था। कई गवाहों के बयान, सबूतों और घटनाक्रमों की बारीकी से पड़ताल के बाद अपर सत्र न्यायालय नंबर-12 (जुनैद मुजफ्फर की अदालत) ने शनिवार को अंतिम सुनवाई पूरी की। अदालत ने पाया कि दोनों अभियुक्तों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं।

न्यायालय ने दोनों आरोपियों को हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। फैसले के बाद पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

यह फैसला न केवल एक 21 वर्ष पुराने मामले का पटाक्षेप करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि भले ही न्याय में देरी हो, लेकिन अपराधियों को सजा अवश्य मिलती है। मृतक के परिजनों ने अदालत के फैसले पर संतोष जताते हुए कहा कि वर्षों की प्रतीक्षा के बाद उन्हें न्याय मिला है।

## वेटलिफ्टिंग का चैंपियन सरस्वती विद्या मंदिर नेहरू नगर

शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अग्रिम भूमिका निभाता है। विद्या भारती के द्वारा देश भर में लगभग 20000 विद्यालय संचालित होते हैं। विद्या भारती खेल के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित करता है जिसमें देश भर के अलग-अलग क्षेत्र के हजारों भैया बहन प्रतिभा करते हैं।

इसी श्रृंखला में विद्या भारती द्वारा आयोजित 36 वी अखिल भारतीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता दिनांक 04 से 06 अक्टूबर सरस्वती विद्या मंदिर आवासीय विद्यालय शारदा विहार भोपाल में आयोजित की गयी। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दुर्गावती हेमराज Vkg सरस्वती विद्या



मंदिर की 5 बहिन और 3 भईयाओं ने प्रतिभाग किया जिसमें अंडर - 17 बहिन कीर्ति शर्मा 44 kg में सिल्वर मेडल बहिन मनीषा शर्मा 53 kg में गोल्ड मेडल बहिन रेनू 58 kg में गोल्ड मेडल बहिन एंजेल चौहान 63kg में गोल्ड मेडल अंडर- 19 बहिन मेघा पाल 69kg में गोल्ड मेडल और अंडर -17 भैया अनमोल तेवतिया 56 kg में गोल्ड मेडल भैया अर्जुन सिंह रावत 60 kg में गोल्ड मेडल अंडर- 19 भैया जतिन गिरी 60 kg में गोल्ड मेडल जीतकर SGFI के लिए स्थान पक्का किया जो अरुणाचल प्रदेश ईटानगर और छत्रपति संभाजी नगर महाराष्ट्र में आयोजित होगी उसमें अपना स्थान पक्का किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन राठी ने खिलाड़ियों की इस अपार सफलता के लिए शुभकामनाएं दी और आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कठिन परिश्रम के लिए प्रोत्साहित भी किया। प्राचार्य जी ने कोच सोनू सिंह के निरंतर प्रयास की भी सराहना की जो रात दिन इन भैया बहनों को अपने मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दे रहे हैं।

## कांग्रेस कार्यालय पर मनाई गई वाल्मीकि जयंती व दुर्गा भाभी जयंती



शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय कम्पनी बाग घंटाघर पर बाल्मीकि जी की जयंती अजय राय और दुर्गा भाभी जी का जन्मदिवस केक काट कर मनाया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष वीर सिंह ने और संचालन बाबूराम शर्मा ने किया। उक्त कार्यक्रम में महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर बाल्मीकि समाज के लोगों के द्वारा महानगर अध्यक्ष वीर सिंह और वरिष्ठ कांग्रेसी बाबूराम शर्मा के साथ महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। जिसमें सभी पूर्व एवम् वर्तमान कांग्रेसी पार्षद, विधायक, संसद और मंत्री, नेतागण, कार्यकर्ता, महानगर पदाधिकारी, पीसीसी सदस्य एवम् एआईसीसी सदस्य, मंडल अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष, मण्डल व ब्लॉक कमेटी पदाधिकारी और फ्रंटल अध्यक्ष एवं फ्रंटल कमेटी के पदाधिकारी आदि समय से उपरोक्त कार्यक्रम में शामिल हुए।

## पीड़ित परिवार से जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने की मुलाकात

शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ राकेश मार्ग चौराहे पर मॉर्निंग वॉक पर जा रही महिलाओं के साथ जो दर्दनाक हादसा हुआ था जिसमें तीन महिलाओं की दुखद मौत हो गई थी पीड़ित परिवार से उनके घर जो सभी कोट गांव के निवासी हैं कोटगांव पार्षद सुनील चौधरी के साथ तीनों परिवारों के घर पर जाकर दुख व्यक्त किया और इस दुख की घड़ी में आग्रह किया।

कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता आपकी इस दुख के समय में आपके साथ खड़ा है जो भी कार्य हो आप सुनील चौधरी के माध्यम से जिला अध्यक्ष व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष



अजय राय तक खबर भेज सकते हैं पुलिस प्रशासन को जल्द जांच पूरी करनी चाहिए और दोषी शख्स को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए उपचार के लिए प्राइवेट हॉस्पिटल क्यों दिया गया है।

पुलिस को सरकारी तौर पर अपने कस्टडी में लेना चाहिए कांग्रेस पार्टी का गाजियाबाद विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोज कुमार राय कानूनी सलाह के लिए तैयार है परिवार को कभी भी आवश्यकता हो हमारे अधिवक्ता विधि प्रकोष्ठ आपको हर संभव सहायता करेंगे गाजियाबाद प्रशासन उत्तर प्रदेश सरकार पूर्ण सहायता के लिए आग्रह किया जा रहा है तीनों परिवारों को किसी प्रकार कानूनी प्रक्रिया कोई आवश्यकता हो प्रशासन पीड़ित परिवारों का पूर्ण सहयोग करें।

स्वर्गीय सुमित्रा देवी, स्वर्गीय कमलेश, स्वर्गीय मीनू के परिवारों से मिले और उनको हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया प्रतिनिधि मंडल में उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा पार्षद सुनील चौधरी वार्ड 52 कोटगांव आशुतोष गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र शर्मा उपाध्यक्ष सचिन उमेश कुमार गोला लोकेंद्र चौधरी सोनी देवल आदि उपस्थित रहे।

## भोजपुर पुलिस ने दुष्कर्म के अभियुक्त को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**मोदीनगर।** थाना भोजपुर पर वादिया द्वारा तहरीर दी गई किअभियुक्त शमशाद पुत्र तोसीफ निवासी ग्राम त्यौडी-13 थाना भोजपुर गाजियाबादद्वारा वादिया के साथ शादी का झांसा देकर वादिया के साथ शारीरिक संबंध बनानातथा बाद में मारपीट कर जान से मारने की धमकी देना। प्राप्त तहरीर के आधार



पर थानाभोजपुर पर तत्काल धारा- 69/352/351(3) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। तत्पश्चातथाना भोजपुर पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग में वांछितअभियुक्त शमशाद पुत्र तोसीफ निवासी ग्राम त्यौडी-13 थाना भोजपुर गाजियाबादको गिरफ्तार किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## रालोद ने किया वाल्मीकि जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल किसान प्रकोष्ठ द्वारा राजनगर एक्सटेंशन में महर्षि बाल्मीकि जयंती का आयोजन एवं सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि त्रिलोक त्यागी राष्ट्रीय महासचिव संगठन और विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सचिव प्रबोध कुमार रहे। मंच का संच. ालन महानगर अध्यक्ष डा रेखा चौधरी ने किया।



महर्षि बाल्मीकि और चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके कार्यक्रम की शुरुवात की गई। किसान प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव एवं आयोजक अमित त्यागी आरके ने मुख्य अतिथि त्रिलोक त्यागी का स्वागत किया।जिलाध्यक्ष तेजवीर दबाना ने प्रबुध कुमार का स्वागत किया। पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी तेजपाल चौधरी, इंद्रजीत सिंह टीटू, रविन्द्र चौहान, अमित त्यागी, ओडी त्यागी, प्रदीप त्यागी, तुषार कौशिक, संजीव अरोड़ा, संजीव चौधरी आदि ने पार्टी की विचारधारा पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि त्रिलोक त्यागी ने आगामी रणनीति के बारे में बताया और सदस्यता अभियान को और गति देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भूपेंद्र डबास जयदीप सिंह विशाल सिरोही तुषार कौशिक किशन राघव राजेंद्र चंदेला सुनील नवीपुर वीर सिंह सलेमाबाद सुरेंद्र तेवटिया कृष्णपाल डायरेक्टर ललित सैन दीपमाला चौधरी दीपा सिरोही पुजा सिंह सुमन चौधरी राखी गुरप्रीत नीतू गोयल बबीता सुनीता इंद्राणी त्यागी नूतन मिश्रा दिनेश शर्मा साकिर अली सोनू शर्मा दिशान्त तोमर आदि उपस्थित रहे।

## सपाइयों ने मनाई भगवान महर्षि वाल्मीकि जयन्ती

शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट एवं महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट के नेतृत्व में भगवान महर्षि बाल्मीकि जी की जयन्ती मनाई गई। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महर्षि बाल्मीकि जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर माल्यार्पण कर जयन्ती मनाई गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट जिला महासचिव नितिन त्यागी महानगर महासचिव राजन कश्यप वरिष्ठ सपा नेता रमेश चंद्र यादव एडवोकेट सरवन कुमार त्यागी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महिला सभा प्रदेश महासचिव मधु चौधरी महानगर उपाध्यक्ष मनोज पंडित कर्मवीर सिंह जाटव प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य यूथ ब्रिगेड जिला अध्यक्ष इरफान अमानत चौधरी लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष असलम कुरैशी अल्पसंख्यक सभा महानगर अध्यक्ष मोहम्मद



अब्बास हैदर साकिर हुसैन प्रदेश सचिव युवजन सभा लोहिया वाहिनी महानगर अध्यक्ष विवेक त्यागी जिला अध्यक्ष शाहनवाज खान गाजियाबाद विधानसभा अध्यक्ष एससी प्रकोष्ठ राजवीर सिंह मुकेश यादव कृष्ण कुमार यादव राहुल यादव सुनील यादव नवीन कुमार शर्मा महानगर सचिव उमेश कश्यप महानगर सचिव बाबा खान जिला उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी प्रशांत नगर आकाश फौजी सोनू सैनी वसीम बाबू एडवोकेट जिला सचिव प्रदीप गहलोत अजय कुमार मजीद खान सतीश पर्चा देवत धामा मोदीनगर विधानसभा अध्यक्ष मदनपाल गौतम सतीश कुमार दीपक राजोरा सूरजपाल रिजवान चौधरी खालिद खान वीरेंद्र गुर्जर मणिपाल शर्मा आशीर्वाद चौधरी एजाज खान खालिद बुखारी जिला सचिव राहुल रावत कार्यालय प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

## 'मिशन शक्ति और एंटी रोमियो महिला सुरक्षा एवं
# महिला सशक्तिकरण के तहत महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुरादनगर।** मिशन, शक्ति, अभियान, 5.0 के अन्तर्गत पुलिस आयुक्त के निर्देशानुसार सोमवार को ग्रामीण जोन कमिश्नरेट गाजियाबाद में महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिला मिशन शक्ति टीम एवं एंटी रोमियो पिंक बूथ द्वारा थाना मुरादनगर क्षेत्र में वार्ड नंबर 3 के सभासद नितिन कुमार के आवास पर चौपाल लगाकर महिलाओं और छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानक. ारी प्रदान की गई। उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा या अपराध, असुरक्षा या समस्या होने पर तुरंत पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181, 1930 ,108,102,1076 आदि के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया और साइबर सम्बन्धी क्राइम के बारे में जानकारी दी उससे कैसे बचा जाए उसके



बारे में जागरूक किया गया। साथ ही नितिन कुमार सभासद का कहना है कि कस्बे की माताएं और बहनों के लिए सरकार द्वारा जागरूक अभियान चलाया जा रहा है सरकार और प्रशासन का धन्यवाद करता हूं अगर कस्बे की माताएं बहनें जागरूक हो जाएंगी तो अपराधियों का खात्मा आरंभ हो जाएगा।

## होटल से मंगाया शाही पनीर, निकला मांस

**लोनी।** थाना क्षेत्र में होटल से खाने के लिए मंगाए गए शाही पनीर में मांस निकला। पीड़ित ने होटल पर पहुंचकर विरोध किया तो दो कर्मचारियों ने गाली-गलौज कर हत्या की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों गिरफ्तार किया है। गढ़ी जस्सी गांव निवासी कपिल लोनी नए बाजार में सुनार की दुकान पर नौकरी करते हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार दोपहर करीब चार बजे साथी पवन को सलाम होटल पर भेजकर खाने के लिए शाही पनीर और रोटी मंगवाई। जब साथी खाना लेकर दुकान पर पहुंचा तो उन्होंने पनीर की प्लेट में निकाला। आरोप है कि प्लेट में पनीर के साथ मांस भी था।

## टूटी सड़कें और गंदगी का अंबार, जलभराव कर रहा लोगों को बीमार

शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** गार्डन एनक्लेव वार्ड नंबर 46 ग्राम मैनापुर बिजली घर के पास की कॉलोनी व आसपास के क्षेत्र में टूटी सड़क व जलभराव के चलते स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीते दिनों हुई तेज बारिश के बाद कॉलोनी में पहले से खराब चल रहे हालात बदतर हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वह कई बार शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो पा रही है।



गार्डन एनक्लेव की कई गलियों में टूटी सड़क व नालियों के चलते यहां हमेशा जलभराव के हालात बने रहते हैं। कुछ दिन पूर्व हुई बारिश के बाद जलभराव की समस्या और विकट रूप धारण कर चुकी है। सड़क पर जमा कीचड़ व नालियों का पानी के चलते लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। कॉलोनी के हजारों लोग आवागमन के लिए इसी मार्ग का इस्तेमाल करते हैं। पिछले दिनों कीचड़ पर फिसलकर कॉलोनी के कई घायल हो चुके हैं। लोगों को भय है कि यदि आने वाले समय में फिर से बारिश हुई तो इस बार सड़क का नालियों का गंदा पानी उनके घरों तक भी पहुंच सकता है। समाजसेवी सुबोध मित्तल ने बताया कि कॉलोनी के लोग कई बार सड़क व नालिया बनवाने को लेकर सीएम पोर्टल नगर आयुक्त गाजियाबाद, महापौर गाजियाबाद गुहार लगा चुके हैं। अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है।कॉलोनी वासियों कहना है कि हमारे वार्ड के पार्षद भाजपा से हैं विधायक भी भाजपा से हैं और सांसद भी भाजपा से हैं परंतु कोई भी प्रतिनिधि कॉलोनी की शुद्ध नहीं लेता है । मात्र जब चुनाव आते हैं वोट मांगने के लिए नेता कॉलोनी में आते चुनाव के बाद कोई भी प्रतिनिधि क्षेत्र में नहीं आता। कॉलोनी वासियों का कहना है कि अगर जल्दी कॉलोनी वासियों की समस्या का समाधान नहीं किया गया।

## 20 लाख की मांग के चलते विवाहिता को निकाला घर से

**मोदीनगर।** दहेज में 20 लाख रुपये की मांग के चलते महिला और उसकी बेटी को मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगा है। काउंसलिंग के दौरान भी दोनों पक्षों में सहमति नहीं बनने पर मोदीनगर कोतवाली में पति सहित छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है।

बलवंतपुरा कॉलोनी में रहने वाली ज्योति के अनुसार, उसकी शादी दिसंबर 2022 में मार्कपुर गुर्जर सादाबाद बिजनौर निवासी रोहित से हुई थी। रोहित रेलवे में नौकरी करता है।

शादी के बाद ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए विवा. हता को प्रताड़ित करते थे। महिला ने वर्ष 2023 में एक बेटी को जन्म दिया।

इसके बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज में 20 लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। महिला पर मायके वालों से जमीन नाम कराने के लिए दबाव बनाए जाने लगा। मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने महिला और उसकी बेटी को घर से निकाल दिया।

मामला काउंसलिंग गाजियाबाद पहुंचा, लेकिन दोनों पक्षों में सहमति नहीं बनी। डीसीपी ग्रामीण के आदेश पर थाने में पति रोहित, सास हरकली, जेठ दीपक, जेठानी रेनू ननद पूजा और ननदोई सचिन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है।

## वैश्य समाज ने अग्रसेन जयंती के कार्यक्रम में किया मेधावियों को सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**मोदीनगर।** वैश्य समाज मोदीनगर द्वारा स्थानीय सी एम् डी हाल में अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन जी की 5149 जयंती पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें वैश्य सम्मेलन तथा मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों डॉ अनिल अग्रवाल, पूर्व सांसद, डॉक्टर अमित अग्रवाल (विधायक मेरठ), अभिमन्यु गुप्ता तथा रामकिशोर अग्रवाल पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण करके व दीप प्रज्वलित करके किया गया।





वैश्य समाज की ओर से लगभग हाई स्कूल व इंटर के छात्रों तथा जिन छात्रों ने इंजीनियरिंग का और मेडिकल में स्थान प्राप्त किया है ऐसे लगभग 60 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा 25 विद्यार्थियों जिन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया था उनको भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता राम किशोर अग्रवाल जी तथा स्वागत के अध्यक्ष राजू तायल रहे। मंच संचालन महामंत्री डॉ अनुज अग्रवाल ने किया।

अपने भाषण में बोलते हुए मुख्य अतिथि पूर्व सांसद श्री अनिल अग्रवाल ने कहा की वैश्य समाज हमेशा से समाज हित में काम करता आया है वैश्य बंधुओ ने निस्वार्थ भाव से देश की सेवा की है उन्होंने कहा कि आज अग्रसेन जयंती पर हम यह संकल्प लेते हैं कि हम सभी मिलजुल कर समाज के हित में कार्य करेंगे। इस अवसर पर बोलते हुए अमित अग्रवाल विधायक मेरठ ने कहा की वैश्य समाज की संख्या के अनुपात में अभी सरकार में उतनी भागीदारी नहीं है अतः हम सभी को एकजुट होकर वैश्य समाज की भागीदारी बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए।

अपने अध्यक्ष की भाषण में पूर्व मंत्री श्री राम किशोर अग्रवाल ने कहा की वैसे समाज तभी एकजुट होगा जब समाज के प्रत्येक स्तर का व्यक्ति समाज से जुड़ेगा इसके लिए हमें घर-घर जाकर वैश्य बंधुओं को समाज से जोड़ना चाहिए। वैश्य समाज के अध्यक्ष डॉ बृजभूषण बंसल व महामंत्री डॉक्टर अनुज अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन के इतिहास व उनके वंशजों के शैक्षणिक, सामा. जिक, आर्थिक और धार्मिक क्षेत्र में विभिन्न योगदान की चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य तौर पर अनिल अग्रवाल पूर्व सांसद राज्यसभा, अभिमन्यु गुप्ता, उपाध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, मोदी डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर दीपक अग्रवाल, पूर्व प्रधानाचार्य डॉ पीके गर्ग तथा मोदी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एस सी अग्रवाल उपस्थित रहे।

# महर्षि वाल्मीकि का जीवन सामाजिक समरसता व करुणा का प्रतीकः रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि महर्षि वाल्मीकि जी ने अपनी अमर कृति रामायण के माध्यम से संदेश दिया है कि समाज की सच्ची शक्ति करुणा, समानता और श्रम की गरिमा में निहित है।



महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन इस बात का प्रतीक है कि मानवता का सर्वोच्च रूप सेवा और समरसता में निहित होता है। मुख्यमंत्री ने यह विचार आज वाल्मीकि दलित महाप. ंचायत में व्यक्त किए। महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर त्रिलोकपुरी क्षेत्र में इसका आयोजन किया गया था। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। यदि महर्षि वाल्मीकि जी न होते तो हम प्रभु श्रीराम के व्यक्तित्व व कृतित्व को गहराई से नहीं जान पाते। इस विशेष कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों से आए नागरिकों, समाजसेवियों, और जनप्रतिनिधियों ने महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन, दर्शन और शिक्षाओं पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विधायक रविकांत भी मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भगवान वाल्मीकि जी और प्रभु श्रीराम के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि रामायण हमें समानता, करुणा और समरसता का संदेश देती है।

उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम ने समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का संदेश दिया, चाहे वह केवट हों, निषादराज हों, शबरी हों या वानर सेना। यह सोच इस बात का प्रतीक है कि धर्म और विकास का मार्ग तभी सफल होता है जब समाज का हर वर्ग समान अवसर के साथ आगे बढ़े। महर्षि वाल्मीक ने रामायण जैसी अमर कृति रचकर प्रभु श्रीराम के जीवन के प्रत्येक आदर्श को समाज के सामने रखा।

## केजरीवाल को मिला बंगला

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल को आखिर नया बंगला अलॉट हो गया है। केजरीवाल को मुख्यमंत्री आवास छोड़े करीब एक साल हो गया है। अब कोर्ट के आदेश पर उन्हें नया बंगला अलॉट किया गया है। दरअसल, वह एक राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष हैं इसलिए उन्हें आवास मिलना चाहिए। इसे लेकर आम आदमी पार्टी अदालत गई थी। अदालत के आदेश पर केजरीवाल को यह बंगला उपलब्ध कराया गया है। केजरीवाल को 95, लोधी एस्टेट स्थित टाइप VII बंगला अलॉट किया गया है। अब केजरीवाल इसे बंगले में परिवार के साथ रहेंगे। आम आदमी पार्टी ने पहले केंद्र सरकार से उन्हें 35, लोधी एस्टेट स्थित बंगला देने का अनुरोध किया था, जिसका इस्तेमाल मायावती करती थीं, लेकिन वह आवास जुलाई में ही केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को अलॉट किया जा चुका है।

# फेस्टिव सीजन में यात्रियों को विशेष ट्रेनों का तोहफा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फेस्टिव सीजन में यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे विशेष ट्रेनों का संच. ालन करेगा। इसके तहत राजगीर-हरिद्वार जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी, जो त्योहारों के दौरान दोनों दिशाओं में कुल १२ फेरे लगाएगी।

ट्रेन संख्या ०३२२३ राजगीरख्रहरिद्वार जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल १० अक्तूबर से २६ दिसंबर तक हर शुक्रवार राजगीर से सुबह ४:०५ बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह ५:१५ बजे हरिद्वार पहुंचेगी। वहीं, ०३२२४ हरिद्वार-राजगीर साप्ताहिक स्पेशल ११ अक्तूबर से २७ दिसंबर तक हर शनिवार हरिद्वार से सुबह ७:२० बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह ७:१५ बजे राजगीर पहुंचेगी। यह ट्रेन नालंदा, पवापुरी रोड, बिहार शरीफ, वेना, हरनौट, बख्तियारपुर जं., फतुहा, पटना साहेब, पटना जं., दाना. पुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं., जौनपुर जं., अयोध्या धाम जं., लखनऊ जं., शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद जं. और लक्सर जं. जैसे प्रमुख स्टेशनों पर ठहरेगी। इन विशेष ट्रेनों में वातानुकूलित, शयनयान और साधारण श्रेणी के डिब्बे लगाए जाएंगे ताकि त्योहारों के दौरान यात्रियों को सुगम यात्रा की सुविधा मिल सके।

उत्तर रेलवे ने वंदे भारत त्योहार स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। ये विशेष ट्रेनें ११ अक्तूबर से १६ नवंबर २०२५ तक नई दिल्ली से पटना और पटना से नई दिल्ली के बीच संचालित होंगी।

## बीड़ी को किया पुलिस ने गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने राजधानी में हुई गोलीकांड की एक बड़ी वारदात को सुलझाते हुए घोषित अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान अभिषेक उर्फ बीड़ी (२६ वर्ष) निवासी गांव जगतपुर एक्सटेंशन, वजीराबाद, दिल्ली के रूप में हुई है। वह तीमारपुर थाने में दर्ज हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के मामले में वांछित था और लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस के मुताबिक, फरवरी २०२५ में गांधी विहार, मुखर्जी नगर इलाके में अभिषेक उर्फ बीड़ी ने अपने साथियों तनीश, पियूष, युवी और जुनैद के साथ मिलकर एक छात्र उज्जवल पर जानलेवा हमला किया था। हमले के दौरान गोली उज्जवल के सीने में लगी थी और आरोपी वारदात के बाद मौके से फरार हो गए थे। इस मामले में आरोपी लंबे समय से पुलिस को चकमा दे रहा था।

# डॉक्टर पॉल के मर्डर का वांटेड मुठभेड़ में ढेर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक डॉक्टर की सनसनीखेज हत्या और डकैती के मामले में वांटेड नेपाल के क्रिमिनल को देर रात दिल्ली पुलिस और गुरुग्राम पुलिस की ज्वाइंट टीम ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। जिसकी पहचान भीम जोरा के रूप में हुई है। बदमाश ने ६ राउंड पुलिस पर फायर किया था और पुलिस टीम ने 5 राउंड गोली उसपर चलाई थी।

पुलिस के अनुसार यह आर्म्स डकैती और डॉक्टर पॉल के सनसनीखेज हत्या के मामले में वांटेड था। डॉक्टर पॉल की हजरत निजाम. ुद्दीन थाना इलाके के जंगपुरा में पिछले साल मई महीने में हत्या की गई थी। ढेर हुआ बदमाश नेपाल का रहने वाला था। पुलिस के अनुसार इसके बारे में साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ के इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह डागर की देखरेख में पुलिस टीम को सूचना मिली थी। गुरुग्राम क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा की टीम को भी जानकारी मिली थी। दोनों टीम देर रात साउथ ईस्ट दिल्ली के ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित आस्था कुंज पार्क इलाके में पहुंच गई। रात १२:२० बजे के आसपास इसको ट्रैप किया गया। इस वांटेड को सरेंडर करने के लिए कहा, लेकिन उसने पुलिस टीम पर लगातार गोलियां चलानी शुरू कर दी। सेल्फ डिफेंस में पुलिस ने भी गोलियां चलाई और उसे घायल कर दिया।



**महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर समाज कल्याण एवं एससी/ एसटी/ ओबीसी कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह भगवान वाल्मीकि मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ पूजन करते हुए।**

# वाल्मीकि रामायण से मिलती है समरस समाज की प्रेरणाः रविन्द्र इन्द्राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर दिल्ली सरकार के समाज कल्याण एवं एससी/ एसटी/ ओबीसी कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने दिल्ली के विभिन्न स्थानों में भगवान वाल्मीकि मंदिरों में श्रद्धालुओं के साथ पूजन किया और शोभा यात्रा में सहभागिता की।

रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि कांवड़ यात्रा, नवरात्रि और रामलीला के बाद आज भगवान वाल्मीकि जी के प्रकट दिवस का दिल्ली भर में भव्य आयोजन हो रहा है। यह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और आस्था के सम्मान को लेकर दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाता है। अब दीपावली भी उतनी ही भव्य मने इसके लिए भी सरकार तैयारी कर रही है। उन्होंने समस्त दिल्ली वासियों एवं देशवासियों को महर्षि वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं देते हुए आग्रह किया कि भगवान वाल्मीकि जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारें और एक शिक्षित, समरस एवं न्यायपूर्ण समाज का निर्माण कर राष्ट्रीय एकता को मजबूत करें।

समाज कल्याण मंत्री ने मंदिर मार्ग स्थित राष्ट्रीय वाल्मीकि मंदिर में भाजपा के अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य और वाल्मीकि समाज से जुड़े विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं के साथ पूजन किया। इसके बाद उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय महासचिव एवं बीजेपी एससी मोर्चा तरुण चुघ और भाजपा पदाधिकारियों के साथ भगवान वाल्मीकि को पुष्प अर्पित किया। उन्होंने राजधानी में विभिन्न शोभा यात्रा में भी सहभागिता की। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी द्वारा रचित पवित्र श्रामायणश केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि पारिवारिक संस्कार, सामाजिक समरसता और मर्यादा के पालन की अद्‌भुत व्याख्या है। रामायण न केवल भारत में बल्कि नेपाल, श्रीलंका, थाईलैंड, कंबोडिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, तिब्बत, मॉरिशस सहित कई देशों में विभिन्न रूपों में प्रचलित है, जो भारतीय संस्कृति की वैश्विक स्वीकृति का प्रमाण है।

## करवा चौथ कलेक्शन पेश किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फैबइंडिया ने अपने 'स्वर्णिम 2025' कैम्पेन के तहत नया करवा चौथ कलेक्शन लॉन्च किया हैद्य खास अवसरों के लिए डिजाइन किए गए इस कलेक्शन में फैशन और होम डेकॉर के ऐसे विकल्प शामिल हैं। यह कलेक्शन लाल, मैजेंटा और सुनहरे रंगों के शानदार पैलेट में तैयार किया गया है और इसमें अपैरल से लेकर होम डेकॉर तक की आकर्षक रेंज शामिल है। इसमें बुनी हुई साड़ियाँ, कढ़ाईदार कुर्ते, बंदगला जैकेट और रेशम, सूती व विस्कोस के मिश्रण से बने दुपट्टे शामिल हैं। इनके साथ माहिर कारीगरों द्वारा डिजाइन किए गए ज्वेलरी और एक्सेसरीज की एक सिलेक्टेड रेंज भी उपलब्ध है।

# ट्रांसजेंडर भारत में रह रहे थे अवैध रूप से, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रह रहे 10 बांग्लादेशी ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। ये सभी दिल्ली के शाल. ीमार बाग और महेन्द्रा पार्क थाना क्षेत्रों में अलग-अलग जगहों से पकड़े गए। पुलिस को इनके पास से ७ स्मार्टफोन मिले हैं जिनमें प्रतिबंधित आईएमओ एप्प इंस्टॉल था, साथ ही बांग्लादेशी राष्ट्रीय पहचान पत्र की तस्वीरें भी बरामद की गईं।पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई लगातार मिल रही गोप. नीय सूचना के आधार पर की गई। सूचना थी कि कुछ संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक हैदरपुर मेट्रो स्टेशन और नई सब्जी मंडी इलाके में घूमते देखे गए हैं। इसके बाद पुलिस ने इलाके में निगरानी बढ़ाई और विशेष टीम गठित कर छापेमारी की। टीम ने शाल. ीमार बाग थाना क्षेत्र में आठ और महेन्द्रा पार्क इलाके में दो संदिग्धों को पकड़ा।



शुरुआती पूछताछ में उन्होंने खुद को भारतीय नागरिक बताया, लेकिन उनके जवाबों में विरोधाभास और हावभाव देखकर पुलिस को शक हुआ। जांच के दौरान जब उनके मोबाइल और सोशल मीडिया अकाउंट खंगाले गए, तो कई तस्वीरें और डिजिटल सुराग सामने आए जो बांग्लादेश से जुड़े हुए थे। बाद में जब सख्ती से पूछताछ की गई, तो उन्होंने खुद अपनी बांग्लादेशी नागरिकता स्वीकार की और अपने राष्ट्रीय पहचान पत्र भी दिखाए। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने भारत में अवैध रूप से घुसपैठ की थी और दिन में भिक्षा मांगने व रात में आपत्ति. जनक गतिविधियों में शामिल रहते थे। पुलिस ने यह भी पाया कि सभी ने लिंग परिवर्तन सर्जरी कराई थी ताकि वे खुद को महिलाओं के रूप में प्रस्तुत कर सकें। इसके लिए वे भारी मेकअप, साड़ी या सलवार सूट, कृत्रिम बाल (विग) और स्त्री-सुलभ तौर-तरीके अपनाकर अपनी असली पहचान छिपाते थे। पुलिस ने बताया कि ये सभी आरोपी बिना किसी वैध पासपोर्ट, वीजा या ट्रैवल दस्तावेज के भारत में रह रहे थे, जो फॉरनर्स एक्ट, १९४६ का उल्लंघन है। इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है और विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय के सहयोग से इन्हें जल्द ही देश से निर्वासित (डिपोर्ट) किया जाएगा।

उत्तरी-पश्चिमी जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई दिल्ली पुलिस की "टेक्नोलॉजी-ड्रिवन पुलिसिंग" का उदाहरण है, जिसमें साइबर इंटेलिजेंस, निगरानी और जमीनी कार्रवाई को मिलाकर अवैध प्रवासियों के खिलाफ निर्णायक कदम उठाया गया है। पुलिस ने दो. हराया कि राजधानी में अवैध रूप से रह रहे किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा

# झमाझम बारिश, ऑरेंज अलर्ट पर दिल्ली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में आज (मंगलवार) तड़के से ही झमाझम बारिश हो रही है। इससे पहले सोमवार को भी एनसीआर के कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई थी। ठंडी हवाओं के साथ बारिश ने गुलाबी ठंड का अहसास करा दिया है। दो दिन से बारिश होने के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को अभी से ठंड का भी अहसास होने लगा है। सोमवार को दिन में रुक रुककर हुई बारिश के बाद देर रात को भी कई इलाकों में झमाझम बारिश देखने को मिली है। इससे तपमान में गिरवाट आई है। इसके कारण सोमवार २०११ के बाद से और इस महीने का सबसे ठंडा दिन रहा, जहां वर्ष २०११ में अधिकतम तापमान ३४.४ डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। मौसम विभाग ने पहले ही अगले ४८ घंटों में हल्की से मध्यम बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी दी थी। बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई है जिससे लोगों को ठंड का अहसास हो रहा है। जलभराव के कारण लोगों को ऑफिस जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा। दिल्ली के सभी जिले ऑरेंज अलर्ट पर हैं, सुबह से ही तेज बारिश होने से दिल्ली के कई इलाकों में जलभराव भी हो गया है। तेज बारिश से जगह-जगह जाम लगा तो, जलभराव ने भी परेशान किया। हालांकि, वर्षा ने उमस भरी गर्मी से राहत तो दिलाई, लेकिन जनजीवन प्रभावित होने से आफत बढ़ गई।

## मेट्रो स्टेशन पर मिलना शुरू हुआ पीने का पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने यात्रियों के लिए पीने के पानी की सुविधा शुरू की है। फिलहाल यह सुविधा नेहरू प्लेस गोविंद पुरी सरिता विहार और तुगलकाबाद मेट्रो स्टेशनों पर उपलब्ध होगी। अधिकारियों के अनुसार इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को सुविधा प्रदान करना है खासकर गर्मी के मौसम में। डीएमआरसी का लक्ष्य भविष्य में इस सुविधा को अन्य स्टेशनों पर भी विस्तारित करना है। इस सुविधा का शुभारंभ होने के बाद इन सभी मेट्रो स्टेशन में यात्रियों को पानी की सुविधा मिलेगी। आने वाले समय में अन्य मेट्रों स्टेशनों पर भी यह सुविधा शुरू की जाएगी।

# जबावदेही के साथ करें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का इस्तेमालः शिव प्रताप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का जबावदेही के साथ इस्तेमाल करने के महत्त्व पर बल देते हुए कहा कि शब्दों में पवित्रता और शक्ति होती है। राज्यपाल आज बतौर मुख्यातिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय द्वारा आयोजित 'भारत में द्वेषपूर्ण भाषण और चुनाव राजनीति' विषय पर संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।



राज्यपाल ने कहा कि शब्दों का बहुत गहरा प्रभाव होता है। शब्दों से मित्रता और शत्रुता दोनों ही हो सकती है इसलिए इनका इस्तेमाल विनम्रता और गरिमा के साथ किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक सभ्य समाज में हमारे वार्तालाप में शालीनता और सम्मान झलकना चाहिए। राज्यपाल ने द्वेषपूर्ण भाषा की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के कुछ प्रतिनिधियों और वर्गों के बीच सार्वजनिक संवाद का गिर रहा स्तर निराशाजनक है। उन्होंने संवाद में मर्यादा बनाए रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए नागरिकों से उन लोगों का समर्थन न करने का आग्रह किया जो द्वेषपूर्ण या विभाजनकारी बयानबा. जी करते हैं। उन्होंने कहा कि हिंसा केवल शारीरिक कृत्यों तक ही सीमित नहीं है, आहत करने वाला और द्वेषपूर्ण भाषण भी हिंसा का एक रूप है। उन्होंने कहा कि हमें अपने देश और समाज के हित में इसका पूरी तरह से खंडन करना चाहिए।

राज्यपाल ने शिक्षक समुदाय से युवा पीढ़ी को भाषा के जिम्मेदाराना इस्तेमाल के प्रति संवेदनशील बनाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का युवाओं के मन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) योगेश सिंह ने समारोह की अध्यक्षता की और द्वेषपूर्ण भाषा के कानूनी और नैतिक आयामों को उदाहरणों के साथ समझाते हुए अनुच्छेद १९ पर विस्तार से चर्चा की।

# जाम से राहत को बनाए जाएंगे नए कल्वर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पीडब्ल्यूडी ने साउथ दिल्ली के चार फ्लाईओवरों की संरचनात्मक जांच और मजबूतीकरण का काम शुरू करने की योजना बनाई है। पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन के पास ईस्ट एंड अपार्टमेंट रोड को चौड़ा करने के लिए तीन नए कल्वर्ट बनाए जाएंगे।

विभाग के अनुसार इससे यात्रियों की सुरक्षा बढ़ेगी और ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत मिलेगी। दक्षिणी दिल्ली में जिन संरचनाओं पर काम होगा उनमें अफ्रीका एवेन्यू रोड जंक्शन पर आईआईटी फ्लाईओवर, पुराना आरटीआर फ्लाईओवर, आउटर रिंग रोड पर मोदी मिल फ्लाईओवर और लाला लाजपत राय मार्ग पर बारापुल्ला नाला कल्वर्ट शामिल हैं। इनकी सुरक्षा जांच, लोड टेस्ट और मरम्मत के लिए प्रारंभिक व विस्तृत तकनीकी अनुमान तैयार किए जाएंगे। काम पूरा होने के बाद संरचनाओं को सुरक्षा प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

हाल के ऑडिट में पुराने आरटीआर फ्लाईओवर पर क्रैश बैरियर गायब पाए गए हैं, जबकि मोदी मिल फ्लाईओवर की सड़क सतह क्षतिग्रस्त है। आईआईटी फ्लाईओवर पर दरारें और एक्सपेंशन ज्वांइट्स की खराबी मिली है। बारापुल्ला कल्वर्ट में जलभराव और रखरखाव की कमी सामने आई है।

# पंजाबी बाग से लाखों की चोरी करने वाले गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सितंबर को पंजाबी बाग थाना इलाके में एक घर के अलम. ीरा से लाखों के गोल्ड, डायमंड और कैश चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से लगभग ३० लाख रुपए का गोल्ड और जूलरी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरो. पियों की पहचान जयप्रकाश, बेगन साह, जयराम साह और गणेश के रूप में हुई है। यह सभी बिहार के सीतामढ़ी और दिल्ली के करोल बाग के रहने वाले हैं। पता चला कि जयप्रकाश पहले से लूट और घरों में चोरी के १५ मामलों में शामिल है। जबकि जयराम ७ मामलों में शामिल रह चुका है। डीसीपी वेस्ट डराडे शरद भास्कर ने बताया कि इनमें से एक दिल्ली पुलिस का घोषित बीसी भी है और इसके ऊपर जहांगीरपुरी थाना सहित कई दूसरे थाना में काफी मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार २६ सितंबर को पंजाबी बाग थाना की पुलिस को एक शख्स ने शिकायत दी कि उसके घर से लाखों के गोल्ड, डायमंड की जूलरी और कैश चोरी किया गया है।

**छपरा जं. – आनन्द विहार (ट.) रेलवे स्टेशन के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का शुभारम्भ**

**समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा छपरा जं. एवं आनन्द विहार (ट.) स्टेशनों के बीच रेलगाड़ी सं. 15133/15134 नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन की संचालन, समय–सारणी एवं ठहराव निम्नानुसार होंगे :–**

**रेलगाड़ी संख्या 15133/15134 छपरा जं. – आनन्द विहार (ट.)– छपरा जं. अमृत भारत एक्सप्रेस (द्वि–साप्ताहिक)**

| रेलगाड़ी संख्या : 15133 | | स्टेशन | रेलगाड़ी संख्या : 15134 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | ↓ ↑ | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 22.00 | छपरा जं. | 22.50 | -- |
| 22:50 | 22:55 | सीवान जं. | 21:20 | 21:25 |
| 23:30 | 23:35 | थावे जं. | 20:20 | 20:25 |
| 00:25 | 00:27 | तमकुही रोड | 19:45 | 19:47 |
| 01:10 | 01:12 | पडरौना | 18:53 | 18:55 |
| 02:05 | 02:10 | कप्तानगंज जं. | 18:15 | 18:20 |
| 03:15 | 03:25 | गोरखपुर जं. | 16:50 | 17:00 |
| 04:01 | 04:03 | खलीलाबाद | 15:34 | 15:36 |
| 04:28 | 04:31 | बस्ती | 15:10 | 15:13 |
| 04:54 | 04:56 | बभनान | 14:36 | 14:38 |
| 05:35 | 05:37 | मनकापुर जं. | 13:52 | 13:54 |
| 06:30 | 06:35 | गोंडा जं. | 13:25 | 13:30 |
| 08:31 | 08:33 | बाराबंकी | 10:31 | 10:33 |
| 09:45 | 09:48 | बादशाहनगर | 09:30 | 09:33 |
| 10:15 | 10:25 | ऐशबाग | 09:00 | 09:10 |
| 13:30 | 13:35 | कानपुर सेंट्रल | 07:00 | 07:05 |
| 15:43 | 15:45 | इटावा जं. | 04:20 | 04:22 |
| 22:10 | -- | आनन्द विहार (ट.) | -- | 00:20 |

**चलने के दिन:** **15133 छपरा जं.** से प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार को दिनांक 20.10.2025 से एवं **15134 आनन्द विहार (ट.)** से प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को दिनांक 22.10.2025 से। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App. देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3091/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आधा दर्जन बदमाश हथियारों के साथ पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बाहरी जिला की स्पेशल स्टॉफ टीम ने अवैध रूप से हथियार रखने वालों के ठिकानों पर एक के बाद एक रेड करके आधा दर्जन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से तीन पिस्टल, सीएमपी और आधा दर्जन कारतूस बरामद किये हैं।


पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी जयप्रकाश की देखरेख में इंस्पेक्टर रोहित के निर्देशन में निहाल विहार के अंधेरे स्थानों और पार्कों की नियमित जाँच के दौरान, स्पेशल स्टाफ की टीम को शमशान घाट पार्क के पास, निलोठी-मीराबाग रोड पर खट्टा (डंपयार्ड) के पास अवैध हथियार ले जा रहे एक संदिग्ध के बारे में एक महत्वपूर्ण सूचना मिली। पुलिस ने घेराबंदी करके रवि नामक बदमाश को पकड़ा,जिसके कब्जे से दो पिस्टल और चार कारतूस बरामद किये। वह पहले भी वारदात में शामिल था। उसने आयुष नामक हथियारों के सप्लायर से हथियार खरीदे थे।

आयुष को उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर उसने अपने साथी दीपक यादव का नाम बताया और अपना ठिकाना भी बताया। दीपक को गिरफ्तार करके उसके पास स पिस्टल बरामद की। इसी क्रम में संजय उर्फ संजू को गंदा नाला पुलिया, निलोठी मीराबाग रोड, निहार विहार से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पिस्टल और दो कारतूस बरामद किये।

# कांताराः चैप्टर1 की टीम से की सीएम रेखा गुप्ता ने की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लंबे इंतजार के बाद, होम्बले फिल्म्स और ऋषभ शेट्टी की कांताराः चैप्टर 1, जो कांताराः अ लीजेंड का प्रीक्वल है, पिछले हफ्ते सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म के ट्रेलर और गानों ने पहले ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया था, लेकिन रिलीज के बाद इसने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ दिए और एक ग्लोबल फेनोमेनन बन गई। दुनियाभर के दर्शक और समीक्षको ने इसकी दमदार कहानी, शानदार परफॉर्मेंस और लाजवाब विजुअल्स की तारीफ करनी जारी रखा है। ऐसे में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता हाल ही में मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में फिल्म कांताराः चौप्टर 1 की टीम से मिली, जिसमें अभिनेता और निर्देशक रिषभ शेट्टी भी शामिल थे।



इस मुलाकात में भारतीय फिल्मों की बढ़ती पहचान और यह दिखाने की ताकत बताई गई कि कैसे ये फिल्में भारत की आध्यात्मिक और पारंपरिक संस्कृति को सामने लाती हैं और उसे बचाती हैं। उन्होंने अपनी इस मुलाकात के बारे में अपने एक्स हैंडल पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा है, आज मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में हम कांताराः चैप्टर 1 के एक्टर और डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी, और उनकी टीम से मिले। फिल्म भारत की आध्यात्मिक गहराई और सांस्कृतिक समृद्धि को खूबसूरती से पेश करती है, हमारी परंपराओं की आत्मा को जीवंत करती है। कांतारा जैसी रचनाएँ गर्व से हमारी विरासत की भावना को वैश्विक मंच तक पहुँचाती हैं।

## सुंदरकांड पाठ किया

**नई दिल्ली।** देश के विभिन्न राज्यों में पिछले दिनों भूस्खलन, बादल फटना, बाढ़ जैसी आपदाओं का सामना करना पड़ा। ऐसा नहीं है कि इस प्रकार की आपदा पहले नहीं आती थी मगर इस बार आपदाओं ने अपना विकराल रूप दिखाया। इसी बात का ध्यान रखते हुए कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान जी का सुंदरकांड और हनुमान बाहुक पाठ आयोजित किया गया। यह पाठ मंदिर के महंत पं. सुरेश शर्मा और महीपति द्वारा किया गया। इस मौके पर भाजपा सांसद कमल सहरावत, दिल्ली विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, भाजपा सांसद मनोज तिवारी, एनडीएमसी सदस्य दिनेश प्रताप सिंह, पूर्व सांसद जयप्रकाश अग्रवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री जगदीश टाइटलर, प्रीत विहार से विधायक संजय गोयल, निगम पार्षद शशिकांत हेम का, एनडीएमसी के सीएसओ राजीव ढाका आदि मौजूद रहे।

# चोरी की बाइक इस्तेमाल करने पर हेड कांस्टेबल सस्पेंड

## चोरी की बाइक लेकर कचहरी परिसर पहुंचे थे हेड कांस्टेबल, अधिवक्ताओं ने किया था हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** चोरी की बाइक को लेकर कचहरी पहुंचने वाले हेड कांस्टेबल को डीआईजी के निर्देश पर एसपी ने सस्पेंड कर दिया है। एसपी कि इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मामला 5 अक्टूबर का है जब पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल सुमित कुमार कचहरी परिसर में एक माल मुकदमे से ज़ब्त बाइक को लेकर पहुंचे।



मिली जानकारी के अनुसार जिस बाइक को लेकर हेड कांस्टेबल सुमित कुमार कचहरी पहुंचे थे उस बाइक को पुलिस ने किसी पुराने केस में ज़ब्त की थी और मालखाने में जमा कर दी थी। अधिवक्ताओं को इसकी जानकारी मिलते ही वह मौके पर पहुंच गए और देखते ही देखते बड़ी संख्या में अधिवक्ता इकट्ठा हो गए। बाइक को लेकर अधिवक्ताओं ने कचहरी परिसर में जोरदार हंगामा किया और पुलिस पर कानून के नियमों का उल्लंघन करने के गंभीर आरोप भी लगाए। अधिवक्ताओं के हंगामे का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामले की सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने अधिवक्ताओं को किसी तरह शांत कराया और हेड कांस्टेबल सुमित कुमार को थाने भेज दिया। अधिवक्ता रितिक सागर ने पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल सुमित कुमार के खिलाफ पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए गंभीर आरोप लगाएं जिसमें बाइक का दुरुपयोग प्रमुख था। मामला डीआईजी कला. निधि नैथानी के संज्ञान में आते ही उन्होंने जिले के एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह को मामले की तत्काल विभागीय जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। डीआईजी रेंज मेरठ कला निधि नेथानी के निर्देश पर एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल सुमित कुमार को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। एसपी की इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।

# कंकाल मिलने से हड़कंप, पुलिस जाँच में जुटी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में एक अस्पताल के पास झाड़ियां में कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। कंकाल मिलने की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली तो पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य इकट्ठा किए। मिली जानकारी के अनुसार पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के अनव. रपुर में स्थित सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज हॉस्पिटल के पास झाड़ियों में एक कंकाल मिलने से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने कंकाल मिलने की सूचना पुलिस को दी। कंकाल मिलने की सूचना मिलते ही पिलखुवा थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कंकाल को अपने कब्जे में ले लिया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य इकट्ठा किए। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। पिलखुवा थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि पुलिस को सरस्वती इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज हॉस्पिटल के पास झाड़ियां में एक कंकाल मिलने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने कंकाल को कब्जे में ले लिया है। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तलवार से केक काटकर जन्मदिन मनाना युवकों को पड़ा भारी, 9 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र में युवकों को तलवार से केक काटकर जन्मदिन की पार्टी करना भारी पड़ गया। तलवार से केक काटने की वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए जन्मदिन की पार्टी के दौरान तलवार से केक काटने के मामले में 9 युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने जन्मदिन पार्टी के दौरान केक काटने में इस्तेमाल की गई तलवार भी बरामद कर ली है।

मिली जानकारी के अनुसार मामला 5 अक्टूबर का है। देहात थाना क्षेत्र के मोहल्ला पन्नापुरी निवासी गोपाल पुत्र रमेश का जन्मदिन था। जहां गोपाल ने अपने दोस्तों को बुलाया और सड़क पर ही जन्मदिन की पार्टी कर डाली। इतना ही नहीं जन्मदिन की पार्टी में केक काटने के दौरान चाकू का इस्तेमाल ना करते हुए युवकों ने तलवार से केक काट दिया और हुड़दंग मचाते हुए बीच सड़क पर जमकर आतिशबाजी की। पुलिस ने तुरंत वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए जन्मदिन पार्टी के दौरान तलवार से केक काटने के मामले में युवकों की पहचान की और मामले में कार्रवाई करते हुए 9 युवकों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त तलवार बरामद कर ली है। पुलिस ने सम्बंधित मामले में मौहल्ला पन्नापुरी निवासी विवेक पुत्र प्रहलाद, विकास पुत्र प्रहलाद, बसु पुत्र विजय कुमार, कृष्ण पुत्र समय सिंह, अनुराग पुत्र बबलू शर्मा, गोपाल पुत्र रमेश, उज्जवल पुत्र महेश पाल, अनिकेत पुत्र सुनील, मनीष पुत्र कृष्ण को



गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने केक काटने में प्रयुक्त की गई तलवार को भी बरामद कर लिया है। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि पांच अक्टूबर को मोहल्ला पन्नापूरी में सड़क पर तलवार से केक काटने वाले गोपाल पुत्र रमेश और उसके साथियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा यह भी जांच की जा रही है कि केक काटने में इस्तेमाल की गई तलवार को कहां से लाया गया था। फिलहाल पुलिस द्वारा युवकों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# कच्ची शराब बनाने वाले दो तस्कर गिरफ्तार, भारी मात्रा में कच्ची शराब बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली पुलिस ने कच्ची शराब बनाते समय दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में कच्ची शराब, लहन व शराब बनाने के उपकरण बरामद किए हैं।

गढ़मुक्तेश्वर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि एसपी के निर्देशन में जिले में लगातार अवैध शराब बनाने और बेचने वालों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा कच्ची शराब बनाते समय दो तस्करों को गांव कांकाठेर की मंडैया से गंगा की तरफ नाले के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से



160 लीटर अवैध कच्ची शराब, 400 लीटर लहन व शराब बनाने के उपकरण एक लोहे का ड्राम, एक पतीला सील्वर का, दो पाइप का टुकडा प्लास्टिक व चार अदद प्लास्टिक बाल्टी बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपियों की पहचान राहुल पुत्र तारा सिंह और राजकुमार पुत्र इन्द्रजीत निवासी कांकाठेर की मडैया थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ के रूप में हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शराब तस्करों को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध शराब की तस्करी होने नहीं दी जाएगी। अवैध शराब बनाने और बेचने वालों की गिरफ्तारी हेतु यह अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

# अंडरपास निर्माण से गांधी रोड पर जाम, लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** परतापुर रोड पर चल रहे अंडरपास निर्माण कार्य के कारण गांधी रोड पर वाहनों की भारी भीड़ हो गई है, जिससे इलाके में लगातार यातायात जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय निवासी इस समस्या से अत्यधिक परेशान हैं।

जानकारी के अनुसार, अंडरपास निर्माण के दौरान परतापुर रोड के बंद होने के कारण सभी वाहन गांधी रोड पर मोड़ दिए गए हैं। इससे इस मुख्य मार्ग पर वाहनों की संख्या अचानक बढ़ गई है। सुबह और शाम के व्यस्त समय में तो यहाँ पूर्ण रूप से जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस जाम के कारण उन्हें अपने दैनिक कार्यों में देरी हो



रही है।

स्कूली बच्चों को समय पर स्कूल पहुँचाना, कार्यालय पहुँचना और यहाँ तक कि आपातकालीन स्थितियों में निकलना भी मुश्किल हो रहा है। निवासी प्रशासन से इस समस्या का त्वरित समाधान करने की माँग कर रहे हैं।

# महर्षि वाल्मिकि जयंती पर श्रद्धा व उल्लास का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** महर्षि बाल्मिकी की जयंती के पावन अवसर पर बुधवार को चंडी फाटक स्थित महर्षि बाल्मिकी मंदिर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता राधेलाल ढिकोलिया ने की।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल, नगर मण्डल अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी, पिंटू , राजपाल, डा. अश्वनी वैध सहित नगर के गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। इस अवसर पर नगर पालिका सभासद अजय कुमार, नरेश भारती, पवन चौधरी, अंकुर गहलौत, सुरेंद्र गहरा, विकास वैद्य, अंकुर वैद्य, मुकेश वैद्य, केतन बाल्मिकी, रॉकी बाल्मिकी सहित समाज के सभी वर्गों के अनेक लोग उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में महर्षि बाल्मिकी के जीवन दर्शन और उनके द्वारा रचे गए महाकाव्य रामायण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का दिवस भर आयोजन रहा, जिसने आध्यात्मिक वातावरण बना दिया। इस कार्यक्रम ने समाज में धार्मिक सौहार्द और सामाजिक एकता का एक सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया।

## एक नजर

### ऑटो की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सिंभावली क्षेत्र में तेज रफ्तार के कहर देखने को मिला है। जहां एक तेज रफ्तार ऑटो ने सड़क पर खड़े होकर घर जाने के लिए सवारी का इंतजार कर रहे एक युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस में मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और ऑटो चालक और ऑटो को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार सिंभावली निवासी 18 वर्षीय मनीष पुत्र नेत्रपाल अपने घर जाने के लिए सिखेड़ा फ्लाईओवर के पास सवारी का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ऑटो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मनीष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पुलिस ने ऑटो चालक को भी हिरासत में ले लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। सिंभावली थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा मृतक मनीष के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर हादसे का कारण और घटनाक्रम के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है। संबंधित मामले में जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी की बाइक के साथ तीन वाहन चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना कपूरपुर पुलिस ने चैकिंग के दौरान तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्ज़े से चोरी की एक मोटर साइकिल, तमंचा व चाकू बरामद किया है। कपूरपुर थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडे ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के सालेपुर कोटला नहर पुल के पास चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को एक बाइक पर सवार तीन लोग आते हुए दिखाई दिए। जब पुलिस ने चेकिंग के दौरान उन्हें रो. ककर ज़ब बाइक की जांच की तो पता चला की बाइक चोरी की है। पुलिस ने तीनों युवकों की मौके से तलाशी ली तो इनके कब्ज़े से एक अवैध तमंचा मय जिन्दा कारतूस व एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस तीनों को बाइक समेत थाने ले आई। पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि गिरफ्तार किए गए तीनों युवक शातिर किस्म के अपराधी हैं। जिनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट, चोरी, अवैध हथियार रखने जैसे एक दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज है। पुलिस पूछताछ में आरो. पियों की पहचान फैज पुत्र अख्तर निवासी शाहबिलात मस्जिद सिकंदर गेट मदरसा सादात थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़, जुनैद पुत्र स्व. रियाजुद्दीन निवासी कोटला मेवातियान एक मीनार मस्जिद सिकंदर गेट थाना हापुड़ नगर और फैजान पुत्र महबूब निवासी भण्डा पट्टी सिकंदरगेट थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। जिनके कब्जे से चोरी की एक बजाज प्लैटिना मोटरसाइकिल, तमंचा और चाकू बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क किनारे लगे कूड़े के ढेर से लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देहात क्षेत्र के मौहल्ला कोटला सादात के बाहर सड़क किनारे फैले कूड़े के ढेर से फैलती बदबू ने राहगीरों का राह पर चलना दुशवार कर दिया है। स्थानीय लोगों को भी कूड़े के ढेर से उठती बदबूओं का सामना करना पड़ता है। कई मोहल्लों को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग के किनारे जमा बदबुदार कूड़े के ढेर ने मार्ग की शोभा को बदहाली में बदल डाला है। आलम यह कि यहां से गुजरने वाले लोगों में अब इस बात की भी चिता बढ़ने लगी है कि कहीं कचरे का ढेर पूरे शहर को किसी संक्रामक बीमारी की ओर ना ढकेल दे। कई मोहल्लों को जोड़ने वाले इस मुख्य मार्ग पर कूड़े के कारण यहां से निकलने वाले लोगों को गंदगी और बदबू का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी मोहम्मद अली ने बताया कि कूड़े के ढेर में लावारिस पशु मुंह मारते रहते हैं, जिसकी वजह से कूड़ा सड़क पर फैल रहा है। कूड़े से निकलने वाली बदबू और गंदगी के कारण जीना मुश्किल हो रहा है। गंदगी की वजह से बच्चों और बुजुर्गों को अनेक प्रकार की बीमारियां होने का भी खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कूड़े का ढेर काफी समय से लगा हुआ है। कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है, जिसके कारण सड़क पर जाम भी लग जाता है और लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इस समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

# लोक दल के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी बने हरीश हूण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** राष्ट्रीय प्रवक्ता हरीश हुण को लोकदल में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी का दायित्व मिलने से गदगद हुए कार्यकर्ताओं ने पार्टी हाईकमान का आभार जताते हुए खुशी में मिठाई बांटी।

लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की कवायद की जा रही है। जिसके तहत पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता हरीश हूण को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रभारी नियुक्त करते हुए जिताऊ और टिकाऊ प्रत्याशियों के चयन का जिम्मा सौंपा गया है। देवेंद्र सिंह, हसरत अली, जयपाल सिंह, आनंद



कुमार, ताहिर खां, रियाज अहमद, शमशाद अली आदि ने हरीश हूण को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाए जाने पर पार्टी हाईकमान का आभार जताते हुए खुशी में मिठाई वितरित कीं।

# सपा कार्यकर्ताओं ने मनाई महर्षि वाल्मिकी की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के बुलंदशहर रोड पर स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर की अध्यक्षता में महर्षि बाल्मिकी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती पर जीवन गाथा पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन पुरुषोत्तम वर्मा एडवोकेट ने किया। जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने कहा कि महर्षि बाल्मिकी का बचपन का नाम रत्नाकर था तथा अपने परिवार का पालन पोषण लोगो को लूटकर धन अर्जित करके पालन पोषण करते थे। कालांतर में संत ने उनको ज्ञान दिया तब अनपढ़ होने के कारण वह मरा मरा रटने लगे। वह संस्कृत भाषा के जनक कहलाए तथा संस्कृत में रामायण काव्य



लिखने का अद्भुत कार्य किया। रामायण में उन्होंने राम के आदर्शो का वर्णन किया और महर्षि कहलाए। उन्होंने कहा कि हमें इनके जीवन सत्य, धर्म और भक्ति की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर तेजपाल प्रमुख ,राजेश, पदम सिंह, आदेश, जयवीर, अख्तर मलिक, प्रीति रानी एडवोकेट, रेशमा अंसारी, लवी तोमर, रेशमा यादव, यशी यादव, मोहमद नईम, इदरीश आजाद, अरशद, हम्माद मतीन, आफताब मसूदी, शाहरुख, कमाल मंसूरी, वसीम मेवाती, पुरुषोत्तम वर्मा एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# एक दिन की थाना प्रभारी बनी छात्रा ईशा व शुभि रानी






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मिशन शक्ति अभियान के तहत कपूरपुर थाने में एक विशेष आयोजन किया गया। महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एसडी पब्लिक स्कूल सपनावत की कक्षा 10 की छात्रा ईशा को एक दिन के लिए थाना प्रभारी बनाया गया। इस दौरान छात्रा ने थाना क्षेत्र का भ्रमण कर कानून-व्यवस्था की समीक्षा की और स्थानीय लोगों को महिला सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया।

वही दूसरी और, पिलखुवा वीआईपी इंटर कॉलेज की कक्षा 11 की छात्रा शुभि रानी ने बुधवार को एक दिन के लिए कोतवाली की कमान संभालकर एक अनूठा अनुभव प्राप्त किया। यह अवसर एक विशेष कैरियर एक्सपोजर कार्यक्रम के तहत प्रदान किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को पुलिस व्यवस्था की व्यावहारिक जानकारी देना था। शुभि ने इस दौरान कोतवाली की दैनिक दिनचर्या, सार्वजनिक शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया और पुलिसकर्मियों के दायित्वों को करीब से समझा।

# गंगा के कटान ने बदला कार्तिक पूर्णिमा मेले का स्वरूप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बाढ़ के बाद भी गंगा द्वारा भूकटान किए जाने से पौराणिक गढ़ खादर मेले की दिशा और दशा में बड़े स्तर पर बदलाव आ गया है, जिससे मेला स्थल वाला क्षेत्र काफी संकुचित होने से इस बार लाखों श्रद्धालुओं को जलधारा के बीच कई जगह बन रहे रेतीले टापू में पड़ाव डालना मजबूरी हो जाएगी। जिला पंचायत विभाग को रेतीले टापुओं पर आने जाने को कई अस्थाई पुल बनाने पड़ेंगे।

कई दशक बीतने के बाद मोक्ष दायिनी गंगा मैया ने इस साल बरसात के दौरान गढ़ खादर में में सर्वाधिक रौद्र रूप धारण किया था। भूकटान होने से गंगा की तलहटी में बसे गांव चक लठीरा में सर्वाधिक बर्बादी हुई है, जहां डेढ़ से लेकर दो हजार बीघा कृषि भूमि समेत उसमें उग रहीं किसानों की फसल भी गंगा की जलधारा में बह गई थीं। दो बार बाढ़ और गंगा में कई बार उफान आने से हुए भूकटान ने इस बार मिनी कुंभ के रूप में विख्यात गढ़ गंगा खादर मेले की दिशा और दशा को पूरी तरह बदलकर रख दिया है। मेला क्षेत्र समेत आसपास के जंगल में 50 मील से भी अधिक लंबी अस्थाई सड़क और जलाश्यों पर पुल के साथ ही गंगा किनारे मीलों लंबे स्नान घाट बनाना इस बार बड़ी चुनौती रहेगा। 35 लाख से भी अधिक श्रद्धालुओं के ठहराव से लेकर व्यापारिक प्रतिष्ठान और धार्मिक संगठनों के अखाड़ों के लिए उपयुक्त भूमि मुहैया कराना भी इतना आसान नहीं रहेगा।

# प्राधिकरण के उप- महाप्रबंधक की मौत

## शव यात्रा में शामिल हुए सांसद, विधायक और हजारों की संख्या में लोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण में तैनात उप- महाप्रबंधक आशीष भाटी (48 वर्ष) का आज सुबह को डेंगू बुखार के चलते मौत हो गई। वह दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती थे। उनके पिता पूर्व हरिश्चंद्र भाटी भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं। उनकी मौत की सूचना पाकर भारी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचे।

स्वर्गीय आशीष भाटी के पिता हरिश्चंद्र भाटी ने बताया कि उन्हें डेंगू रोग था। उन्हें उपचार के लिए दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उपचार के दौरान आज सुबह उनकी मौत हो गई। उनके अनुसार उनके शव यात्रा नोएडा की सेक्टर-61 से चलकर ग्रेटर पहुंची।

आशीष भाटी की मौत की खबर सुनकर भाजपा सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर, नोएडा के विधायक पंकज सिंह, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, विधान परिषद सदस्य श्रीचंद नागर, भाजपा के जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, भाजपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेंद्र चौधरी, भाजपा किसान मोर्चा के मीडिया प्रभारी अमित त्यागी, भाकियू नेता अशोक भाटी सहित भारी संख्या में लोग पहुंचे, तथा शोक संतप्त परिवार को सान्त्वना दी।



आशीष भाटी एक सुलझे हुए अधिकारी थे। नोएडा प्राधिकरण में तैनती के दौरान उन्होंने कई ऐसे कार्य किया जो वर्षों तक याद किए जाएंगे। वे लोगों से लगातार मिलते-जुलते रहते थे, तथा जन समस्याओं को लेकर वह हमेशा सजग रहते थे।

### गैंगस्टर एक्ट के दोषियों को दो-दो साल की सजा

**नोएडा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गैंगस्टर एक्ट के दोषी आकाश कुमार व सुखवीर प्रताप को दोषी करार देते हुए 2-2 वर्ष की सजा सुनाई है। दोषियों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना जमा नहीं करने पर सात दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। बिसरख कोतवाली में 30 अक्तूबर 2023 को संगठित बाइक चोर गिरोह के आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने मामले में गैंग लीडर फिरोजाबाद निवासी सुखवीर प्रताप, नोलेन्द्र कुमार हैबतपुर के आकाश कुमार, बदायूं के लक्की कुमार, अमन गुप्ता व शाहजहांपुर के बन्टी भारती के खिलाफ केस दर्ज किया था। गिरोह बेहद संगठित तरीके से चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। आरोपियों के खिलाफ वर्ष 2023 में थाना बिसरख, फेस-2 नोएडा और विजयनगर गाजियाबाद में चोरी, लूट और संपत्ति संबंधी अपराधों के करीब 15 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने वाले गिरोह को बैंक खाते मुहैया कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने वाले गिरोह को म्यूल खाते उपलब्ध कराने वाले आरोपी को हरियाणा के पानीपत से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके खाते में एक महिला के साथ हुई ठगी की रकम गई थी। पुलिस ने आरोपी के मोबाइल को भी कब्जे में ले लिया। एडिशनल डीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि इसी साल 21 अगस्त को एक महिला ने थाने में शिकायत दी और बताया कि ठगों ने डिजिटल अरेस्ट कर उसके साथ 40 लाख रुपये की ठगी की है। ठगों ने जांच के नाम पर रकम ट्रांसफर कराई।

पुलिस ने तुरंत ठगी की घटना का संज्ञान लिया। ठगी में लिप्त बैंक खातों को फ्रीज कराया। इसके बाद ठगी करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए साइबर क्राइम थाना प्रभारी की अगुवाई में एक टीम गठित की गई। जांच में सामने आया कि पानीपत के राकेश कुमार के खाते का इस्तेमाल ठगी में हुआ है। इसके बाद टीम ने उसे दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह पानीपत में एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। नौकरी के दौरान ही उसका संपर्क पानीपत के ही करन से हुआ। वह पहले से ही साइबर अपराध में लिप्त था और ठग गिरोह को बैंक खाते उपलब्ध कराता था। करन ने राकेश से कहा अगर वह अपना खाता उसे दे तो हर महीने उसे एक निश्चित रकम मिलेगी। अगस्त में महिला के साथ, जो ठगी हुई, उसमें से चार लाख 98 हजार 793 रुपये राकेश के खाते में आए। इसे करन और उसने निकाला। दोनों ने रुपये आपस में कमीशन के रूप में वितरित कर लिए। करन हरियाणा के करनाल स्थित जेल में बंद है।



# ऑफिस के लिए जगह दिलाने के नाम पर 1.62 करोड़ की धोखाधड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-142 कोतवाली क्षेत्र के अधीन सेक्टर-90 स्थित अल्फाथम टॉवर और नोएडा वर्ल्ड वन से जुड़े एक प्रोजेक्ट के जरिये धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। मामले में एनडब्ल्यूडी सॉफ्ट इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड की दिल्ली निवासी साक्षी बुधिराजा ने भूटानी इन्फ्रा, सीबीएस इंटरनेशनल और इनके प्रतिनिधियों पर 1.62 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में भूटानी इन्फ्रा के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर प्रेम भूटानी के अलावा गौरव शर्मा, संजय रस्तोगी, आदित्य राज सक्सेना, नमन, नसीम, साक्षी, माधुरी, राजेश टंडन, अमित, अनुराधा शर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस को दी शिकायत के अनुसार कंपनी एक ऑफिस के लिए नोएडा वर्ल्ड वन प्रोजेक्ट में निवेश की योजना बना रही थी। इसी दौरान भूटानी इन्फ्रा के प्रतिनिधि नमन, आदित्य राज सक्सेना और गौरव शर्मा नाम के व्यक्ति ने कंपनी से संपर्क किया। गौरव शर्मा ने खुद को दुबई के राजेश टंडन और सीबीएस इंटरनेशनल का प्रतिनिधि बताया।

उसने बताया कि अल्फाथम टावर सेक्टर-90 की तीसरी मंजिल पर स्थित यूनिट बिक्री के लिए उपलब्ध है। जिसकी कीमत करीब चार करोड़ है। 6 जनवरी 2025 को सीबीएस इंटरनेशनल के कार्यालय में एक बैठक हुई। बैठक में गौरव शर्मा ने कंपनी को बताया कि डील फाइनल करने के लिए कैश पेमेंट जरूरी है। आरोप है कंपनी को 1.62 करोड़ रुपये दिए गए। जब शिकायतकर्ता ने गौरव शर्मा से संपर्क करने की कोशिश की, तो उसका मोबाइल फोन बंद मिला।

# तीन मंजिला कंपनी में आग लगी, लाखों का सामान जला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक 3 थाना क्षेत्र के उद्योग विहार में सोमवार देर रात एक कंपनी में भीषण आग लग गई। यह आग इतनी भयावह थी कि कुछ ही देर में इसने पूरी कंपनी को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि रात करीब 2 बजे सूचना मिली कि उद्योग विहार में स्थित Strawman Paper Straws नामक कंपनी में आग लग गई है। यह कंपनी कागज की स्ट्रॉ बनाने का काम करती है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां तत्काल मौके पर पहुंचीं, लेकिन आग पहले ही काफी फैल चुकी थी।



**पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया:** आग की विकरालता को देखते हुए आसपास के क्षेत्रों से करीब 15 और दमकल गाड़ियों को बुलाया गया। करीब 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वर्तमान में कूलिंग डाउन की प्रक्रिया जारी है।

**कंपनी तीन मंजिला थी, आग की सूचना देर से मिली:** प्रदीप कुमार ने बताया कि कंपनी तीन मंजिला थी और आग लगने की सूचना देरी से मिलने के कारण आग को फैलने का पर्याप्त समय मिल गया, जिससे नुकसान बढ़ गया। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि कंपनी के अंदर कोई व्यक्ति फंसा नहीं था। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, आग से कंपनी को भारी नुकसान हुआ है, जिसमें मशीनरी और कच्चा माल पूरी तरह जल गया। दमकल विभाग और पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है ताकि आग लगने के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके। स्थानीय प्रशासन ने भी घटनास्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया है।

## एक नजर

### रकम दोगुनी देने का झांसा देकर 49 लाख से अधिक ऐंठे

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नोएडा एसटीएफ की गिरफ्त में आए धोखाधड़ी के आरोपियों की अखबार में फोटो देखकर पहचान करने के बाद एक पीड़ित ने सूरजपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया। इस गिरोह ने रकम दोगुनी करने का झांसा देकर पीड़ित से 49 लाख रुपये से अधिक की ठगी की थी। नोएडा के सेक्टर-120 निवासी जय प्रकाश ने पुलिस को बताया कि उनकी छह जून को अलग-अलग मोबाइल नंबर से दीपक कुमार, पवन कुमार और धीरज मिश्र से बात हुई। उन्होंने अपने एक परिचित के माध्यम से आरोपियों से बातचीत की। इसके बाद पीड़ित को ऑनलाइन रकम ट्रांसफर करने पर कैश में रकम दोगुनी देने का झांसा दिया गया। पीड़ित को झांसे में लेकर 49 लाख 50 हजार रुपये खाते में ट्रांसफर करवा लिए गए। पीड़ित को आरोपियों ने दो करोड़ रुपये कैश दिखाया, लेकिन रुपये नहीं दिए। आरोपियों ने झांसा दिया कि कल फ्लैट पर आकर रुपये ले जाना। पीड़ित आरोपियों द्वारा बताए गए फ्लैट पर पहुंचा तो वहां ताला लगा मिला। पता चला कि आरोपियों ने एक ब्रोकर के माध्यम से फ्लैट किराये पर लिया था और वे यहां चले गए हैं। पीड़ित ने आरोपी शुभम राज उर्फ पवन अग्रवाल, प्रदीप कुमार उर्फ दीपक कुमार और धीरज मिश्र और कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

### नियमों की उड़ रहीं धज्जियां, आरएमसी प्लांट से बढ़ा प्रदूषण

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** जेपी विशटाउन के सेक्टर 133 स्थित किंग्सटन पार्क सोसाइटी के ठीक सामने रेडी मिक्स कंक्रीट (आरएमसी) प्लांट का निर्माण कार्य चल रहा है। इससे उड़ती धूल व ध्वनि प्रदूषण ऐसे में निवासियों को ध्वनि प्रदूषण के साथ ही वायु प्रदूषण से परेशान होना पड़ रहा है। निवासियों का कहना है शासन-प्रशासन ने सुनवाई नहीं की तो आने वाले दिनों में प्लांट शुरू हो जाएगा और समस्या बढ़ जाएगी। बिल्डर ने एक तरफ की रोड ब्लॉक कर दी है। इससे दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है। किंग्सटन पार्क सोसाइटी के निवासियों ने आरएमसी प्लांट के विरोध में प्रदर्शन किया। निवासियों ने बताया कि दिसंबर 2024 में बिल्डर ने यह प्लांट लगाने का काम शुरू किया था और कुछ दिन प्लांट चला भी था। इसके बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से निरीक्षण किया गया जिसमें पाया गया कि एनओसी लिए बिना आरएमसी प्लांट, डीजी सेट का संचालन और निर्माण कार्य किया जा रहा था। इस पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नोटिस जारी करने के बाद 12 लाख का जुर्माना लगाया था। निवासियों ने बताया कि एक सप्ताह पहले फिर यहां पर प्लांट का बचा हुआ निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह निर्माण कार्य 24 घंटे चल रहा है इस वजह से लोगों को ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण से परेशान होना पड़ रहा है, लोग बीमार हो रहे हैं। विनीत सराओगी ने बताया कि यहां पर यूपीपीसीबी के नियमों की पूरी तरह धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इस संबंध में हमने पीएमओ कार्यालय, सीएम पोर्टल, डीएम, नोएडा प्राधिकरण, पुलिस प्रशासन और यूपीपीसीबी से शिकायत की है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही। रमेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि हम डेढ़ साल पहले ही सोसाइटी में आए हैं, लेकिन हमें सांस की समस्या होने लगी है। स्वाती झा ने बताया कि प्रदूषण की वजह से बच्चे बीमार हो रहे हैं। निवासियों ने बताया कि सोसाइटी में करीब 2000 से अधिक लोग रह रहे हैं। सोसाइटी के बाहर की रोड टू वे वन वे कर दिया है। यहां पर स्कूल की बस भी आती हैं और अन्य गाड़ियां भी निकलती हैं ऐसे में दुर्घटनाएं हो सकती हैं। ओवरलोडेड वाहन भी निकल रहे हैं।

### डिजिटल तरीके से कटेंगे चालान ट्रैफिक पुलिस का घटेगा कार्यभार

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** देश में पहली बार ट्रैफिक चालान प्रणाली को पूरी तरह स्वचालित और डिजिटल बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की गई है। नोएडा सेक्टर 31 स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षकों ने मिलकर एक ऐसी तकनीक विकसित की है, जो वाहनों से संबंधित समस्त दस्तावेजों की स्थिति स्वत: जांच सकेगी और नियम उल्लंघन की दशा में बिना किसी मैनुअल हस्तक्षेप के चालान जारी कर सकेगी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ दिनेश चंद के निर्देशन में कंप्यूटर साइंस विभाग के अध्यक्ष डॉ शिशुपाल सिंह तथा बेसिक शिक्षा विभाग, सिकंदराबाद में कार्यरत रीना रानी ने इस सिस्टम को तैयार किया है। दोनों विशेषज्ञों ने संयुक्त रूप से सॉफ्टवेयर और रेडियो फ्रीक्वेंसी पहचान तकनीक के माध्यम से ऐसा सिस्टम विकसित किया है, जो ट्रैफिक पुलिस की कार्यप्रणाली को पूरी तरह डिजिटल रूप में बदल देगा। इस सिस्टम को ऑटोमेटेड व्हीकल कंप्लायंस एंड डिजिटल चालान जनरेशन सिस्टम यूजिंग रेडियो फ्रीक्वेंसी बेस्ट डिटेक्शन नाम दिया गया है, जिसे भारत सरकार के कॉपीराइट विभाग द्वारा 12 जुलाई को कॉपीराइट प्रदान किया गया। यह प्रणाली न केवल ओवर स्पीडिंग, नो पार्किंग या सीट बेल्ट जैसे सामान्य यातायात उल्लघंनों का पता लगाएगी, बल्कि वाहनों के दस्तावेज बीमा, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट, रजिस्ट्रेशन और ड्राइविंग लाइसेंस की वैधता का भी स्वत: जांच करेगी।

### किसान 29 को नोएडा प्राधिकरण पर धरना देंगे

**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन (मंच) ने शाहपुर गोवर्धनपुर सेक्टर 128 में मासिक बैठक की। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल त्यागी ने उत्तर प्रदेश के सभी पदाधिकारी से कहा कि 29 अक्टूबर से नोएडा प्राधिकरण पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन रहेगा। जिसमें आप सभी की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। इसलिए पूरे उत्तर प्रदेश प्रदेश के अपने-अपने जिलों में सभी किसानों को जागरूक करें और भारी संख्या में नोएडा प्राधिकरण पर पहुंचने का काम करें।

**बोर्ड में एक भी नहीं रखा एजेंडा:** नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठकों में अब किसानों की समस्याओं पर चर्चा ही नहीं होती है। जिसका जीता जागता उदाहरण 3 अक्टूबर को की गई नोएडा की बोर्ड बैठक है। जिसमें नोएडा प्राधिकरण ने किसानों की समस्या के समाधान के लिए एक भी मुद्दा पास नहीं किया, जिससे किसानों में भारी रोष है।

**समस्या को लेकर करेंगे प्रदर्शन:** भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधीर चौहान ने सभी पदाधिकारी से कहा कि किसानों का भविष्य आप लोगों के हाथ में है। आप किसानों के साथ जहां कहीं भी अन्याय और शोषण हो उसके खिलाफ बिना डरे हुए किसानों की समस्या की आवाज को बुलंद करने का कार्य करेंगे। ऐसी मुझे आप सभी पदाधिकारी से आशा और उम्मीद है। 29 अक्टूबर 2025 को नोएडा प्राधिकरण पर भारी संख्या में पहुंच कर नोएडा प्राधिकरण से पीड़ित किसानों की आवाज को बुलंद करने का कार्य करें।

**टीम बनाकर होगा जन जागरण:** भारतीय किसान मंच के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने कहा कि किसान यूनियन मंच का अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू होगा। जिसके लिए सभी गांव में अलग-अलग टीम बनाकर जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। भारी संख्या में नोएडा प्राधिकरण पहुंचकर अपने हक की आवाज को बुलंद किया जाएगा। 81 गांव के किसान अपना हक लेकर रहेंगे।

# तबादले में नहीं निभाई ड्यूटी, मंत्री ने किया बर्खास्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो प्राधिकरण में तैनात रहे प्रबंधक विद्युत एवं यांत्रिक हेमेंद्र प्रताप सिंह को औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने बर्खास्त कर दिया है। यूपीसीडा में उनके तबादले के बाद नई जगह पर जिम्मेदारियां निभाने की जगह लगातार अनुपस्थित रहने पर जांच बिठाई गई थी। अब उनकी सेवाएं मंत्री के आदेश के बाद समाप्त कर दी गई हैं।

मंगलवार को औद्योगिक विकास मंत्री की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक भ्रष्टाचार की शिकायतों के बाद उनका तबादला किया गया था। इसके बाद नई जगह पर तैनाती लेने की जगह वह अनुपस्थित बने रहे। 27 नवंबर 2020 को जारी आदेश के बाद एक दिसंबर 2020 को उन्हें ग्रेनो प्राधिकरण से कार्यमुक्त भी कर दिया गया था। इसके बाद भी उन्होंने 18 अप्रैल 2022 तक आदेश के अनुपालन में नई जगह पर उपस्थित होकर कार्यभार नहीं संभाला। आदेशों की अनदेखी और मनमानी के कारण उन्हें निलंबित कर एसीईओ स्तर से जांच बिठा दी गई थी। इस जांच के पूरा होने के बाद औद्योगिक विकास मंत्री के सामने बर्खास्त किए जाने का प्रस्ताव रखा गया। इसे अनुमोदन मंगलवार को दिया गया।

आदेश के मुताबिक यह कार्रवाई अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने व चिकित्सा अवकाश के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन न करने, पर्याप्त आधार एवं संतोषप्रद स्पष्टीकरण के बिना अवकाश स्वीकृत कराए बगैर सेवा से अनुपिस्थत रहने के आरोपों के कारण की गई थी। साथ ही, उच्च स्तर से मिले आदेशों की अवहेलना का भी दोषी उन्हें पाया गया था।

# 79 लाख लेकर फ्लैट नहीं देने के मामले में सिक्का बिल्डर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** 79 लाख रुपये से अधिक की रकम लेकर फ्लैट नहीं देने के मामले में सिक्का बिल्डर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली सेक्टर 113 पुलिस ने सिक्का पिनेकल सुपर स्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड ग्रुप और डायरेक्टर समेत 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह मुकदमा कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। सेक्टर 73 निवासी अमित प्रसाद राय ने कोर्ट में अर्जी दी है कि उन्होंने वर्ष 2022 में सेक्टर 79 स्थित सिक्का ग्रुप के कीमात्रा ग्रीन प्रोजेक्ट में एक फ्लैट बुक कराया था। इसके एवज में उन्होंने नकदी और लोन लेकर कुल 79 लाख रुपये से अधिक की धनराशि बिल्डर कंपनी को दी थी। रकम जमा करने के बाद पीड़ित को बिल्डर की तरफ से ईमेल से बताया गया कि यह प्रॉपर्टी उन्हें नहीं दी जा सकती। जब उन्होंने इसका विरोध किया तब बिल्डर की तरफ से बताया गया कि यह ईमेल गलती से उनके पास भेजा गया था और अब लोन क्लियर होते ही सब कुछ ठीक हो जाएगा। इस दौरान पीड़ित जब प्रोजेक्ट पर जाकर फ्लैट को देखा तब पता चला कि उनकी यूनिट किसी और को बेच दिया गया है। इस घटना के बाद पीड़ित ने स्थानीय पुलिस से शिकायत की लेकिन पुलिस की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई। फिर उन्होंने कोर्ट में इसकी अर्जी दी और अब कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

वही इस मामले में सिक्का ग्रुप के मीडिया प्रभारी का कहना है कि हम पर लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं और कंपनी की तरफ से पूरे पैसे वापस कर दिए गए हैं। आरोप लगाने वाले ने खुद ही फ्लैट कैंसिल करने का अनुरोध किया था। कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस की टीम मामले की जांच कर रही है। इस मामले में सिक्का पिनेकल सुपर स्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड ग्रुप, डायरेक्टर हरविंदर सिंह सिक्का, डायरेक्टर गुरमीत सिंह सिक्का, गुरलीन कौर, राजीव शर्मा, हिमांशु जैन और चंद्रमणि देवी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष बने शिवकुमार राणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** औद्योगिक नगरी विश्व स्तर पर छाप डालने वाली क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट (रजि०) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक एवं दशहरा मिलन समारोह में एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा के महासचिव शिव कुमार राणा को सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के पद पर मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषिपाल सिंह परमार की अनुशंसा पर की गई है। इस निर्णय के बाद न केवल क्षत्रिय समाज में, बल्कि नोएडा के औद्योगिक समुदाय में भी हर्ष की लहर दौड़ गई है।



एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नाहटा ने इस अवसर पर कहा हमारी एसोसिएशन, जो छत्तीस बिरादरियों के उद्योगपतियों का प्रतिनिधित्व करती है, अपने महासचिव शिव कुमार राणा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर गर्व महसूस करती है।

शिव कुमार राणा न केवल एक सफल उद्योगपति हैं, बल्कि समाजसेवा, संगठन निर्माण और युवा नेतृत्व के प्रतीक बन चुके हैं। उनका अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के 'प्रदेश अध्यक्ष' पद पर मनोनयन, उनके समर्पण, निष्ठा और संगठनात्मक कौशल की स्वीकृति है। एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन से जुड़े विभिन्न सेक्टरों के उद्योगपतियों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि शिव कुमार राणा का संगठनात्मक अनुभव और समाजिक सक्रियता औद्योगिक जगत के लिए प्रेरणास्रोत है।

# वाजिदपुर गांव के पास नाले में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के ग्राम वाजिदपुर के पास बड़े नाले में आज एक अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस को मिला है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव किस शख्स का है, इसका अभी पता नहीं चल पाया है। वहीं पुलिस सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेट फार्म के माध्यमों से शव का पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह को पुलिस को सूचना मिली कि बाजितपुर गांव के पास स्थित बड़े नाले में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बड़े नाले से शव को बाहर निकाला। शव की पहचान के लिए कोई दस्तावेज प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष है। थाना प्रभारी ने बताया कि शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह व्यक्ति किसी दुर्घटना के चलते रात के समय नाले में जा गिरा है। नाले में भरे हुए पानी में डूबने की वजह से उसकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

आसपास के लोगों की सहायता से और सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेट फार्म के माध्यमों से शव के पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। वहीं सुबह के समय नाले में शव मिलने की सूचना पाकर मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्र हो गए। वहां खड़ी भीड़ के लोगों के अनुसार व्यक्ति की हत्या कर शव को नाले में फेंका गया है।

# विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कांप्लेक्स को उपयोगी बनाने पर मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कांप्लेक्स को उपयोगी बनाने के लिए ग्रेनो प्राधिकरण निजी कंपनी की मदद लेगा। इस कंपनी का काम जहां संचालक के चुनाव के लिए नियम व शर्त तय कराना होगा, वहीं, कैसे स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में मौजूद सुविधाओं को बेहतर करने के लिए भी सुझाव देना होगा।

ग्रेनो प्राधिकरण ने इसके लिए खेल के क्षेत्र में अनुभव रखने वाली निजी कंपनी के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ऐसी कंपनी व एजेंसी से 17 अक्तूबर तक आवेदन मांगे गए हैं। इसके बाद एक प्रजेंटेशन के जरिए कंसल्टेंट का चयन किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि एजेंसी को सभी खेल के मैदान जैसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, इंडोर स्टेडियम, एक्वेटिक सेंटर आदि के अलावा क्लब एरिया का भी तकनीकी ऑडिट करना होगा। इससे पता चल सकेगा कि इनका बेहतर उपयोग कैसे हो, यहां जरूरी सुधार को लेकर भी सुझाव कंसल्टेंट दे सकेगा। यहां कोचिंग के अलावा राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय आयोजन कैसे कराए जा सकते हैं, यह भी कंसल्टेंट को बताना है। प्रबंधक खेल हरे कृष्णा का कहना है कि एजेंसी के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन की अंतिम तारीख के बाद प्रजेंटेशन कराया जाएगा। चयन समिति प्रजेंटेशन और तकनीकी आकलन के आधार पर ही कंसल्टेंट का नाम तय करेगी।

# गोदाम मालिक से अवैध वसूली का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कोतवाली दादरी क्षेत्र के बील अकबरपुर गांव के समीप निर्माणाधीन गोदाम मालिक से दो लाख रुपये प्रतिमाह अवैध वसूली मांग को लेकर मजदूर एवं गार्ड के साथ मारपीट की गई। गाजियाबाद के कवि नगर निवासी नीरज चौधरी ने न्यायालय के आदेश पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि बील अकबरपुर गांव के पास गोदाम का निर्माण कर रहे हैं। निर्माण के लिए 18 लाख 61 हजार रुपये शुल्क जमा कराकर मानचित्र स्वीकृत कराया गया।

बील अकबरपुर गांव निवासी धर्मेंद्र भाटी ने धमकी दी कि अगर गोदाम का निर्माण की एवज में दो लाख प्रति माह देने होंगे। नहीं तो शिकायत कर कंपनी को बदनाम कर देंगे। नीरज भाटी, दीपक, सोनू, ओम भाटी, न्यूज रिपोर्टर आदि का समूह है। चेतावनी दी की उनकी मर्जी के बिना गोदाम नहीं बनवा पाओगे। जब अवैध वसूली की लिए साफ मना कर दिया तो झूठे आरोप लगाते हुए राजस्व अधिकारियों को शिकायत दी।

धर्मेंद्र भाटी व अन्य सदस्यों के साथ अवैध उगाई करने, बदनाम करने, गुंडागर्दी करने आदि में लिप्त रहे। 10 अक्तूबर को लाठी डंडे लेकर गाली गलौज करते हुए निर्माणाधीन गोदाम में घुस गए। वहां मजदूर, मैनेजर के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। मैनेजर से 5 हजार रुपये और मजदूरों के उपकरण छीन कर ले गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। न्यायालय के आदेश पर धर्मेंद्र भाटी, नवीन भाटी, दीपक, सोनू, ओम भाटी, न्यूज रिपोर्टर व अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# नोएडा स्टेडियम में सजेगा दिवाली का भव्य मेला

**■ लोक कला, हस्तशिल्प और पारंपरिक व्यंजनों से सजेगा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** रोशनी के त्योहार दिवाली के अवसर पर आर्ट एंड क्राफ्ट विकास संस्थान के तत्वावधान में सेक्टर 21 ए स्थित स्टेडियम में 10 से 20 अक्टूबर तक ग्रैंड दिवाली एक्सपो 2025 का आयोजन होगा। इसका उद्घाटन 11 अक्टूबर को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कुमार कश्यप करेंगे। संस्थान के सचिव राजकुमार कश्यप ने बताया कि प्रदर्शनी में देशभर के 250 से अधिक हस्तशिल्पी और उद्यमी शामिल होंगे, जो बनारसी साड़ियां, सहारनपुर का फर्नीचर, खुर्जा की पॉटरी, राजस्थानी जूतियां और कई पारंपरिक उत्पाद आकर्षक दामों पर उपलब्ध कराएंगे।




दिल्ली पर्यटन विभाग की पूर्व अधिकारी रंजना चितकारा ने बताया कि नार्थ ईस्ट, राजस्थान, पंजाब, महाराष्ट्र और उड़ीसा समेत कई राज्यों के लोक कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। अविकेश वर्मा ने बताया कि मेले में देश के विभिन्न प्रांतों के पारंपरिक व्यंजनों वाला फूड कोर्ट भी रहेगा।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# झूठे मुकदमे व धमकियों से तंग होकर युवक ने की आत्महत्या

## परिजनों ने आक्रोश में पुलिस से की धक्का-मुक्की और हंगामा कर शव उतारने से किया इंकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** थाना क्षेत्र के लूंब और किरठल गांव के बीच बच्चों के विवाद ने मंगलवार को दर्दनाक रूप ले लिया। सनी पुत्र धर्मेंद्र 19 वर्षीय किरठल निवासी ने झूठे मुकदमे और धमकियों से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परि. जनों ने पुलिस पर झूठा मुकदमा दर्ज करने और दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

जानकारी के अनुसार, 27 अक्टूबर को लूंब और किरठल गांव के बच्चों के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद किरठल के कृष्ण ने धर्मेंद्र के दोनों बेटों सनी और नीरज के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पिता धर्मेंद्र का कहना है कि दोनों बेटों का उस झगड़े से कोई संबंध नहीं था, फिर भी झूठे मुकदमे के जरिए परिवार




मृतक का फाइल फोटो

पर दबाव बनाया गया। धर्मेंद्र ने बताया कि सोमवार रात करीब 1:30 बजे बेटे सनी ने उसे मैसेज भेजा जिसमें सिर्फ लिखा था-गुड बाय। इसके कुछ देर बाद उसने कमरे में फांसी लगा ली। सुबह जब परिवार ने देखा तो वह पंखे से लटका हुआ था। घटना की जानक. ारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने आक्रोश में पुलिस से धक्का-मुक्की की और शव उतारने से इंकार कर दिया।



मौके पर पहुंचे सीओ विजय कुमार ने लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। पिता धर्मेंद्र का कहना है, जब तक बेटे की मौत का न्याय नहीं मिलेगा, वह फांसी से शव नहीं उतारेंगे। गांव में सनी की मौत के बाद मातम पसरा हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और घटना से जुड़े तथ्यों की छानबीन की जा रही है। किरठल गांव निवासी धर्मेंद्र के बेटे सनी ने सुसाइड नोट लिखकर फांसी लगा ली। सुसाइड नोट में सनी ने लिखा था मैं सनी चौहान फांसी लगा रहा हूं। मुझे झूठे मुकदमे में फंसाया गया है। कृष्ण और उसके दोनों लड़कों ने लूंब गांव के प्रदीप के साथ मेरे साथ मारपीट की और मुझे झूठे मुकदमे में फंसाने का काम किया। वैसे भी वे मुझे मारना चाहते हैं। मैं खुद ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर रहा हूं। मृतक सनी के परिजनों ने हंगामा किया। उनका कहना है कि उनके बेटे को झूठे केस में फंसाया गया






था। इसी कारण सामाजिक लज्जा से बचने के लिए उसने खुद फांसी लगा ली। पुलिस प्रशासन इसके लिए दोषी है। जब तक डीआईजी मौके पर नहीं आएंगे तब तक शव को नीचे नहीं उतरेंगे।

# कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवानों का किया गया चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** 12 अक्टूबर से जालौन में शुरू होने वाली उत्तर प्रदेश राज्य ट्रेडिशनल रेसलिंग प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिले के चौधरी फेरू सिंह कुश्ती एकेडमी दाहा में आयोजित जिला स्तरीय मिट्टी कुश्ती प्रतियोगिता में इन पहलवानों का चयन किया गया है। सोमवार को चौधरी फेरू सिंह कुश्ती एकेडमी दाहा में हुई इस प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम प्रधान गुल्लू राणा ने पहलवानों का परिचय करवाकर किया।

पुरुष वर्ग में 65 किलोग्राम भार वर्ग में कार्तिक कुमार, 74 किला. ेग्राम में सत्यम छपरौली, 86 किला. ेग्राम में अनुज तोमर मलकपुर, 97 किलोग्राम में अक्षित सरोहा और 125 किलोग्राम में आदित्य मलकपुर ने अपनी-अपनी कुश्ती जीती। महिला वर्ग में 50 किलोग्राम भार वर्ग में अंशिका खोखर, 53 किलोग्राम में ईशा खोखर और 57 किलोग्राम भार वर्ग में प्रीति का चयन हुआ। अर्जुन अवार्डी पहलवान सुनील राणा ने बताया कि ये सभी चयनित पहलवान 12 से 14 अक्टूबर तक जालौन में आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश राज्य ट्रेडिशनल रेसलिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे। स्थानीय लोगों ने युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें क्षेत्र तथा देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

# सपाईयों ने महर्षि वाल्मीकि जयंती पर किया सादर नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सपा पदा. धिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा आदिकवि महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर मल्यार्पण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि आदिकवि महर्षि वाल्मीकि महाकाव्य रामायण के




रचनाकार थे। महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं से जीवन के हर अंधकार को ज्ञान, कर्म और सत्य से प्रका. शित किया जा सकता है। उनके विचार धर्म, न्याय और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते है। कार्यक्रम में संजीव त्यागी, बिल्लू प्रधान, नगेंद्र सिंह, राहुल यादव, राजू प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# छात्र ने योगासन प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रमाला।** क्षेत्र के डीएवी इंटर कॉलेज किशनपुर बराल के कक्षा 10 के छात्र सूप गांव में स्थित आनंद योग आश्रम के शिष्य ने 69 वी प्रदेश स्तरीय विद्यालय खेलकूद बालक व बालिकाओं की योगासन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत मंडल स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता राजकीय इंटर कॉलेज अयोध्या में 3 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक आयोजित की गई जिसमें वंश पुत्र प्रमोद प्रजापति ने पहले मेरठ मंडल में स्वर्ण पदक जीता उसके बाद राज्य स्तरीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता में ट्रेडिशनल इवेंट में अंडर 17 आयु वर्ग में खेल कर स्वर्ण पदक जीता वंश ने अपने माता-पिता अपने स्कूल और आनंद योग आश्रम का नाम ऊंचा किया जल्दी ही स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत नेशनल खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा स्कूल पहुंचने पर स्वागत किया जाएगा।



## एक नजर

# रामायण के मंत्र मंदिरों में गूंजे और शाम होते ही दीपों की लौ से जगमगाए प्रांगण

**शाह टाइम्स संवददाता**

**बागपत।** मंदिरों में भक्ति संगीत, भजन-कीर्तन और दीपदान से वातावरण पवित्रता और समरसता से भर गया। श्रद्धालु दिनभर रामायण पाठ में सम्मिलित रहे और भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। बागपत की धरती सदियों से सत्य, धर्म और सेवा की परंपरा की वाहक रही है। त्रेता युग की लव-कुश गाथा से लेकर आज तक इस जनपद ने भारतीय संस्कृति को जीवित रखने का कार्य किया है। यह आयोजन न केवल धार्मिक अनुष्ठान था, बल्कि संस्कृति और कर्तव्यबोध की पुनर्स्थापना का पर्व भी बन गया। जब सुबह की पहली किरण के साथ रामायण के मंत्र मंदिरों में गूंजे और शाम होते ही दीपों की लौ से प्रांगण जगमगाए, तब बागपत की यह धरती भक्ति और संस्कृति के मिलन की प्रतीक बन उठी। इस अवसर पर प्रत्येक मंदिर में स्थानीय नागरिकों, महिलाओं, युवाओं और भजन मंडलियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समाज के सभी वर्गों ने मिलकर वाल्मीकि जयंती को एक सामूहिक सांस्ख्रतिक उत्सव के रूप में मनाया। हर ओर जय श्रीराम के जयघोष गूंजते रहे। बच्चों में रामायण की कथाओं के प्रति उत्साह दिखा तो युवाओं ने वाल्मीकि के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही।

# कार डिवाइडर से टकराने के बाद बनी आग गोला, चालक ने कूदकर बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर एक कार डिवाइडर से टकराने के बाद उसमें आग लग गई। यह घटना टोल नंबर एक के पास हुई। कार में सवार बैंक कर्मचारी ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी।

जानकारी के अनुसार, बैंक कर्मचारी अजीत बागपत में अपनी डयूटी खत्म कर नोएडा जा रहे थे। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर टोल नंबर एक के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर के बाद कार से धुआं निकलने लगा। टोल कर्मचारियों ने अजीत को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद वह तुरंत



कार से बाहर निकल गए। अजीत के बाहर निकलते ही कार में तेजी से आग फैल गई और कुछ ही मिनटों में वह पूरी तरह जलकर खाक हो गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान एक्सप्रेसवे पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा। कार चालक अजीत ने बताया कि वह अपने घर जा रहे थे और अचानक उनकी गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। उन्होंने समय रहते अपनी जान बचा ली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को सड़क किनारे हटवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एक सड़क हादसे में 61 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। सिलेंडर से भरे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी।

मृतक की पहचान करण सिंह के पुत्र कवर पाल 61वर्षीश के रूप में हुई है। वह सड़क पार कर रहे थे, तभी रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कवर पाल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, ट्रक तेज रफ्तार में था और गलत दिशा से आ रहा था।

# पश्चिमी यूपी को अलग प्रदेश का दर्जा दिलाने को संघर्ष करेगा मंचः बौद्ध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** दलित मुस्लिम एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सुरेंद्र कुमार बौद्ध ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य का दर्जा दिलाने के लिए जनपदों में धरना प्रदर्शन आयोजित कर मंच समान विचारधारा वाले दलों से सहयोग लेकर संघर्ष करेगा। दलित मुस्लिम एकता मंच राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. बौद्ध मंगलवार को बरनावा गांव में राष्ट्रीय महासचिव शकील खान के कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मंच का प्रत्येक कार्यकर्ता दलितों, शोषितों, दबे कुचले समाज, मजदूर, किसानो, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए तत्पर हैं। डबल ईंजन की सरकार हमारे देश के अन्नदाता को कमजोर करने पर तुली है। निजी चीनी मिलो के प्रबंधन की मनमानी के चलते किसानों को गन्ने का बकाया भुगतान नहीं मिल रहा है। प्रकृति आपदा के कारण कई फसलों के हुए नुकसान के चलते किसान आर्थिक संकट झेल रहा है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति विकास की लाईन में अंतिम पायदान पर खड़ा है, उसके लिए बिना भेदभाव के मंच लडाई लड़ रहा है। पश्चिम उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनवाने के लिए मंच राष्ट्रीय परिवर्तन दल व राष्ट्रीय पिछड़ा महासंघ के साथ मिलकर संघर्ष करेगा। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव शकील खान, सलीम सलमानी, सलमान आदि मौजूद रहे।

# सुगम्य भारत का सपना दिव्यांग बच्चों के संग होगा साकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देशन में आयोजित होने जा रही सुगम संकल्प प्रदर्शनी का उद्देश्य विशेष बच्चों की अद्भुत क्षमताओं को सम्मानित करना, समाज में समावेशन और संवे. दनशीलता की भावना को बढ़ावा देना और नागरिकों में जिम्मेदार और संवेदनशील दृष्टिकोण विक. सित करना है।

इस प्रदर्शनी का आयोजन 9 अक्टूबर, दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक, लोकमंच कलेक्ट्रेट, बागपत में किया जाएगा। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा, उनकी उपलब्धियों और उनके अद्भुत कौशल को प्रदर्शित किया जाएगा। यह प्रदर्शनी समाज को यह संदेश देगी कि सुगम्य भारत का सपना केवल दिव्यांग बच्चों के लिए संवेदनशीलता, सम्मान और समान अवसर सुनिश्चित करके ही साकार हो सकता है। जिलाधिकारी ने नागरिकों से आहवान किया है कि वे इस दिवाली समावेशन और संवे. दनशीलता के दीप मिलकर जलाएँ। उन्होंने कहा कि अक्सर समाज में विशेष सहायता की आवश्यकता वाले बच्चों को केवल उनकी अक्षमताओं के आधार पर देखा जाता है, जबकि वास्तव में वे हर क्षेत्र में सक्षम हैं। उन्हें केवल विश्वास, सम्मान और अवसर की आवश्यकता होती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि दिव्यांग बच्चों को सम्मान और विश्वास की कृष्टि से देखने का अभ्यास हमारे संवैधानिक मूल्यों और जिम्मेदार नागरिकता का अनिवार्य हिस्सा है।

जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे इस अनूठे कार्यक्रम में भाग लेकर विशेष बच्चों की प्रतिभा का सम्मान करें, समाज में समावेशन और संवेदनशीलता को बढ़ावा दें, और दिवाली पर्व को सिर्फ रोशनी का पर्व नहीं बल्कि मानवता, समानता और जिम्मेदार नागरिकता के संदेश का पर्व बनाएं। प्रशासन ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे इस अवसर पर उपस्थित होकर दिव्यांग बच्चों के उत्साह और प्रतिभा को सम्मानित करें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का हिस्सा बनें।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के आहवान पर शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई। महर्षि वाल्मीकि बडा मन्दिर जन सेवा समिति पट्टी मेहर घास मंडी में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। महर्षि को याद करते हुए शहर अध्यक्ष रामहरी पंवार ने कहा महर्षि वाल्मीकि दुनिया के आध्यात्मिकता के प्रतीक अद्भुत सर्वप्रिय महाकवि हुए उनके समतुल्य आज तक कोई कवि नहीं हुआ उनके द्वारा रचित महाकाव्य रामायण का प्रतिदिन पुरे देश में गुणगान किया जाता है। उन्होंने समाज मे समानता न्याय सत्य के



मूल्यो की स्थापना के लिए जो योगदान दिया। हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। साथ ही शहर कार्यालय पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय का जन्म दिन उत्साह पूर्वक मनाया। अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर वीरेन्द्र सिंह अजीतसिंह सलेक चंद उर्मिला सिंह राहूल राजकुमार साहिल शुभम तुसार पिण्टेस बिजेन्द्र शर्मा जयप्रकाश सरोहा रीना रामकुमार मुखिया औमवीर दुहण देवेन्द्र शर्मा औकार दत्त आदि मौजूद रहे।

# महिलाएं अपनी समस्या बेझिझक बताएंः रेणुका पंवार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** गांव में बस स्टैंड पर मंगलवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम हुआ, जिसमें महिलाओं को उनके अधिकारों एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची प्रसिद्ध हरियाणवी सिंगर रेणुका पंवार ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में महिलाएं व बालिकाएं कुछ भी कहने से झिझकती हैं, जिसके कारण वे कई तरह के उत्पीड़न को सहन करती रहती हैं, लेकिन आज समय बदल रहा है। सरकार, पुलिस व प्रशासन महिला सुरक्षा व सम्मान के लिए हर संभव सहयोग के लिए खड़ा है। इसलिए कोई भी जुल्म सहना नहीं है। अपनी समस्या बेझिझक खुलकर स्थानीय पुलिस या हेल्पलाइन नंबरों पर बतानी है। उन्होंने योगी सरकार के मिशन शक्ति कार्यक्रम की सराहना भी की। इसके उपरांत उन्होंने थाना परिसर में स्थित मिशन शक्ति केंद्र में जाकर पुलिस कर्मियों से जानकारी ली। मिशन साथी अभियान प्रभारी शीलेश चौधरी ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार शर्मा ने महिलाओं में बालिकाओं के कल्याण के दिए चलाई जा रही सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। आयोजन में एसएसआई नरेश चंद यादव, एसआई दीप शिखा, नीलकांत, विपिन कुमार, राहुल यादव, उपेंद्र प्रधान, मास्टर अमित धामा, दीपक भाटी, पूजा, सुमन, रजनी, मनीषा पवार आदि मौजूद रहे।

# महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर किया माल्यार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** मंगलवार को घास मंडी पट्टी मेहर स्थित महर्षि बाल्मीकि मंदिर में बाल्मीकि जयंती के अवसर पर सारथी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति ने वातावरण को भक्ति और उत्सव से सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई। उपस्थित जनों ने रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सचिव अनिल अरोरा, विवेक चौधरी, सचिन खोखर, ममता अरा. ेरा, आशा ग्रोवर, मोनिका (महिला कल्याण विभाग), प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर चाइल्ड हेल्प लाइन वंदना गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन, उनके आदर्शों और समाज में उनकी प्रेरणादायक भूमिका पर प्रकाश डाला। ईस मौके पर मंदीर के प्रधान सलेक चंद, अजित कुमार और बाल्मिकी समाज भी उपस्थित रहा। महिला कल्याण विभाग और चाइल्ड हेल्प लाइन टीम की ओर से बाल संरक्षण और सामाजिक जागरूकता से जुड़ी जानकारियां भी साझा की गईं, जिससे कार्यक्रम केवल धार्मिक न होकर सामाजिक रूप से भी महत्वपूर्ण बन गया। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया और बाल्मीकि समाज के लोगों ने एकता और समरसता का संदेश दिया।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर जनपद के मंदिरों में हुआ अखंड रामायण पाठ

**शाह टाइम्स संवददाता**

**बागपत।** संस्कृति, भक्ति और मानवीय मूल्यों से ओतप्रोत दृश्य मंगलवार को पूरे बागपत जनपद में देखने को मिला, जब महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर जिले के सभी प्रमुख मंदिरों में अखंड रामायण पाठ का भव्य आयोजन हुआ।

शासन के निर्देशानुसार और जिलाधिकारी अस्मिता लाल के मार्गदर्शन में हुए इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया, बल्कि समाज में प्रेम, करुणा, नैतिकता और एकता जैसे मानवीय मूल्यों के प्रसार का भी माध्यम बना। मुख्य कार्यक्रम बालैनी के प्राचीन महर्षि वाल्मीकि मंदिर में संपन्न हुआ, जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हिंडन नदी किनारे स्थित यह वही



ऐतिहासिक स्थल है जहाँ त्रेता युग में महर्षि वाल्मीकि ने तपस्या की थी और लव-कुश को शस्त्र एवं शास्त्र विद्या में पारंगत कराया था। माता सीता ने भी इसी आश्रम में आश्रय लिया था, और लव-कुश का जन्म भी इसी पावन धरा पर हुआ था। इस ऐतिहासिक स्मृति से जुड़ी भूमि आज भी श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है। इसके साथ ही वार्ड नंबर एक देशराज मोहल्ला बागपत के वाल्मीकि मंदिर, बाल्मीकि मोहल्ला खेकड़ा के वाल्मीकि मंदिर, और वार्ड नंबर एक घास मंडी बड़ौत स्थित वाल्मीकि मंदिर में भी अखंड रामायण पाठ का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी अस्मिता लाल द्वारा पूर्व में जारी निर्देशों के अनुसार सभी आयोजन स्थलों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंध की विशेष देखरेख की गई। स्थानीय प्रशासन और संस्कृति विभाग के समन्वय से कार्यक्रम श्रद्धा और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। महर्षि वाल्मीकि को संस्कृत साहित्य का प्रथम कवि माना जाता है। उनकी रचना रामायण न केवल एक ग्रंथ, बल्कि भारतीय जीवन दर्शन की आत्मा है। बागपत में आयोजित यह अखंड रामायण पाठ इस सत्य का प्रमाण बना कि भारत की आत्मा आज भी अपनी संस्कृति, अध्यात्म और मानवीय मूल्यों से जुड़ी हुई है।

# महर्षि वाल्मीकि के प्रकट दिवस को धूमधाम से मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** गांव पूठखास मे वाल्मीकि मंदिर प्रांगण पर समाज के लोगों ने इकट्ठा होकर भव्य कार्यक्रम किया। मुख्य वक्ता राजकुमार सिद्धार्थ वाल्मीकि ने महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का छुट्टी बहाल करने पर समस्त समाज ने आभार जताया। अयोध्या अंतरर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि जी के नाम पर रखने पर योगी व मोदी सरकार के प्रति विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता के भाव से भाजपा सरकार कार्य कर रही है देवी देवता महापुरुषों का सम्मान भाजपा सरकार कर रही है। शालीन राणा ने लड्डू प्रसाद वितरण कर हर्ष जताया। भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंकज चौहान की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रमोद चौधरी सफाई कर्मचारी नेता मिथुन परचा झाड़ू छोड़ो कलम उठाओ संकल्प लेने का आह्वान किया। इस दौरान सुरेश वाल्मीकि, नरेंद्र वाल्मीकि, बहादुर वाल्मीकि, केशव पाल, अमित चौधरी, शालीन राणा आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





घंटाघर वाल्मीकि मंदिर पर माल्यार्पण के बाद जमा कांग्रेसी।



पार्टी कार्यालय पर महर्षि भगवान को नमन करते सपाई।

## कांग्रेसियो ने मनाई महर्षि वाल्मीकि की जयंती

**मेरठ।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर घंटाघर स्थित महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित कर उनके बताएं रास्ते पर चलने की सौगंध ली। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने समाज को समानता, न्याय और मानवता का संदेश दिया। उनके आदर्श आज भी समाज को सच्चाई और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। प्रवक्ता हरिकिशन वर्मा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन इस बात का प्रतीक है कि कर्म और निष्ठा से कोई भी व्यक्ति महान बन सकता है। उन्होंने समाज में भाईचारे की भावना को सशक्त किया।

# वाल्मीकि जयंती पर सफाई कर्मियों से काम कराने का विरोध

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** वाल्मीकि चेतना मंच के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने वाल्मीकि जयंती पर सफाई कर्मियों से काम कराने का विरोध किया है उन्होंने एक ज्ञापन राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी को सौंपा है।

जिसमें उनका कहना था कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सफाई कर्मचारी का उत्पीड़न कर रहे हैं। सफाई कर्मियों को बिना सौगात दिए रोजाना की तरह सफाई कार्य में लगाकर अपनी घोषणा को पलीता लगाने का काम किया गया है। जिससे वाल्मीकि समाज में रोष है उन्होंने कहा कि यह कैसा लोकतंत्र है जिसमें मानव-मानव में भेद किया जा रहा है 2001 में राजनाथ सिंह ने अनुसूचित जाति के आरक्षण से वंचित जातियों को चिन्हित कर उन्हें आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए सामाजिक न्याय समिति बनाई थी उसी क्रम में मुख्यमंत्री 23 मार्च 2018 में अति दलितों को आरक्षण दिलाने की घोषणा भी कर चुके हैं एक अगस्त 2024 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा अप वर्गीकरण को उत्तर प्रदेश में लागू नहीं किया गया जिसका समाज के लोग विरोध कर रहे हैं। इस दौरान अर्जुन महरोल, टीसी मनोठिया, मुकेश पार्चा, राजू ढींगिया आदि रहे।



## तनाव दूर करने के स्कूल में दिए टिप्स



शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल, सरधना में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय 'कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम ऑन प्रमोटिंग मेंटल हेल्थ एंड वेलनेस अमंग स्टूडेंट्स' का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं उनके समग्र कल्याण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने शिक्षकों को यह बताया कि विद्यार्थियों के तनाव, चिंता और व्यवहारिक परिवर्तनों को कैसे समझा जाए तथा सकारात्मक वातावरण बनाकर उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाया जाए। कार्यशाला में विभिन्न गतिविधियों, चर्चाओं और केस स्टडी के माध्यम से शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े व्यावहारिक उपाय सिखाए गए। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. रोहित मेहरा ने सभी शिक्षकों को इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी के लिए बधाई दी।

## बहसूमा के गांव मोडखुर्द में महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव मोडखुर्द में महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़ी धूमधाम से बनाई गई। समाजसेवियों ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। बताते चलें कि क्षेत्र के गांव मोडखुर्द में महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाज सेवियों ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व प्रधान मुन्नाराम वाल्मीकि, सोनू सिंह, महावीर सिंह, अनिल कुमार, विनोद कुमार, वीरसिंह, भगत जी, सतबीर सिंह, भोपाल सिंह, सतपाल, अनुज, मोनू, अमित, सचिन आदि रहे।

# जयंती पर सरधना में महिला सफाई कर्मचारी सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** मंगलवार को सरधना महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई, इस दौरान प्रभात फेरी निकालते हुए मंदिर में मूर्ति स्थापित की गई। नगर पालिका की तरफ से महिला सफाई कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।

मोहल्ला खाकरोबान में स्थित वाल्मीकि मंदिर के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सरधना विधायक अतुल प्रधान ने सर्वप्रथम महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया। इसके बाद मंदिर में रामायण पाठ, प्रभात फेरी का भी आयोजन किया गया। ईओं दीपिका शुक्ला द्वारा महिला सफाई कर्मचारी ममता, शशि व गीता को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। महिला सशक्तिकरण सम्मान एक पहल है जिसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों जैसे शिक्षा व स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय, आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान सूर्य देव त्यागी, मंगू प्रधान, महिपाल वाल्मीकि, शरद त्यागी, मलखान सैनी, सुभाष चावरिया, दीपक शर्मा, आलोक जैन, शाहवेज अंसारी (समाजसेवी), ललित गुर्जर, शानू जैन, मुकेश कुमार, विक्की पार्चा, अमित पार्चा, मोहन कुमार, अमित चौटाला, बृजपाल सिंह, रवि कुमार, कमल कुमार, आशीष गोस्वामी, आकाश पार्चा आदि उपस्थित रहे।





## अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल ने यूपी में 70 प्रतिशत तेज डिलीवरी को सुगम बनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** 22 सितंबर से शुरू हुए अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 में पूरे उत्तर प्रदेश के ग्राहकों और विक्रेताओं ने पूरे जोश ओर उत्साह से भाग लिया। स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन एंड ब्यूटी, होम एंड किचन, रोजमर्रा की चीजों, किराने के सामान और बड़े उपकरणों में अच्छी खासी वृद्धि देखी गई है। ग्राहक विभिन्न श्रेणियों में बहुप्रतीक्षित दिवाली स्पेशल डील्स और ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।

# एक दिन की जिला पंचायत राज अधिकारी बनने वाली आयशा सम्मानित

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत हुआ था कार्यक्रम, आईएएस बनकर क्षेत्र का नाम रोशन करने का है सपना

शाह टाइम्स संवाददाता

**किठौर।** मिशन शक्ति 5.0 के तहत मेरठ में 80 मेधावी छात्राओं को एक दिन का अधिकारी बनने का अवसर मिला। इन छात्राओं ने जिलाधिकारी कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी सीडीओ, अपर जिलाधिकारी एडीएम सिटी, एसडीएम वित्त एवं राजस्व एफआर और एसडीएम प्रशासन सहित 80 महत्वपूर्ण पदों का कार्यभार संभाला।

कार्यालयों में पहुंचे फरियादी शुरुआत में यूनिफार्म में बैठी इन छात्राओं को देखकर चौक गए। हालांकि, जब उन्हें बताया गया कि ये छात्राएं आज के लिए अधिकारी है, तो उन्होंने अपनी समस्याएं खुलकर रखी। कई मामलों का निस्तारण होने पर फरियादियों ने इन एक दिन की अधिकारियों को आशीर्वाद दिया, ओर जमकर इस पहल की सराहना की। इसी मिशन के तहत जनपद मेरठ के कस्बा किठौर की कुमारी आयशा परवीन पुत्री शराफत अली, एक दिन की जिला पंचायत राज अधिकारी बन कर अपने कॉलेज, परिजनों व क्षेत्र का नाम रोशन किया। आयशा ने पूरे दिन कार्यालय में प्रशास. निक कार्यों का अनुभव प्राप्त किया। इस दौरान, उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली और प्रशास. निक व्यवस्था की बारीकियों को समझा। जानकारी के अनुसार आयशा वर्तमान में स्टार अल फलाह इंटर कॉलेज किठौर की विज्ञान वर्ग कक्षा 11 वीं की छात्रा है, हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में जिला टॉप किया था। कुमारी आयशा परवीन ने बताया कि मिशन शक्ति के इस कार्यक्रम से उनके आत्मविश्वास और मनोबल में काफी वृद्धि हुई है।

इस अनुभव ने उन्हें प्रशासनिक दायित्वों और जनता की सेवा की भावना को करीब से समझने का अवसर दिया। वहीं स्टार अल फलाह इंटर कॉलेज किठौर के प्रबंधक डाक्टर नुसरत अली ने इस पहल को बेटियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल बेटियों को समाज सेवा नेतृत्व शील और आत्मनिर्भर के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सराहनीय है। इस मौके पर ऑल इंडिया अब्बासी महासभा व स्थानीय गणमान्य इमरान अहमद गफूरी आदि ने कुमारी आयशा परवीन को उसके आवास पर पहुंच कर सम्मानित किया।



# वेस्टर्न यूपी टोल-वे कंपनी ने बांटी 44 छात्रों को छात्रवृत्ति

शाह टाइम्स संवाददाता

**दौराला।** वेस्टर्न यूपी टोलवे प्राइवेट लिमिटेड सिवाया टोल प्लाजा ने दौराला पुलिस स्टेशन के पास एम.बी फार्म हाउस में क्यूब रूट्स फाउंडेशन की ओर से एक छात्रवृत्ति वितरण समारोह की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे परियोजना निदेशक अमित प्रणव, स्वतंत्र इंजीनियर रणवीर सिंह की उपस्थिति में परियोजना प्रमुख सुहैब अहमद खान ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। छात्रवृत्ति समारोह के दौरान, सरकारी स्कूलों में भाग लेने वाले और शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में अपनी कक्षा 10वीं पूरी करने वाले 44 छात्र इस पहल से लाभान्वित हुए। इन छात्रों को उनके शिक्षकों द्वारा उच्च शिक्षा प्राप्त करने में वित्तीय कठिनाइयों का सामना करने के रूप में पहचाना गया था। इस कार्यक्रम में, छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों द्वारा क्यूब रूट्स फाउंडेशन और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा दिए गए समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया गया। सभी छात्र छात्राओं को दस-दस हजार रुपए का चेक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान मेंटेनेंस प्रबंधक बृजेश सिंह, रीजनल हेड संजय राय, सहायक उपाध्यक्ष स्नेहिल अग्रवाल, प्रबंधक राकेश राय, सीएसआर अश्वनी चौहान, आलोक पांडे, शिवा कुमार, मनिंदर विहान, अनुज सोम, राजकुमार, के.वी. मूर्ति, विजय कंसल, मनोज कुमार, अश्वनी चौधरी, शशिकांत कौशिक, ओमकार सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



# लाठी चलाने का शौक है तो बार्डर पर चलें जाएं संगीत सोमः अतुल प्रधान

## संगीत सोम के बयान पर विधायक अतुल का पलटवार

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान ने भाजप के फायर ब्रांड नेता सरधना सीट से पूर्व विधायक ठा. संगीत सोम के दिए गए लठ वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि अगर भाजपा नेताओं को लठ बजाने का इतना ही शौक है तो सभी भाजपाई बार्डर पर चलें जाएं, देश नफरत की राजनीति से ही नही मोहब्बत की राजनीति से चलेगा।

दशहरे के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में रामलीला मैदान से ठा. संगीत सोम ने कहा था कि पुलिसकर्मी अपने लठ पर तेल लगाकर रखें, जो सरधना कस्बे का माहौल खराब करने का प्रयास करेगा तो उसका इलाज पुलिस करेगी, किसी भी सूरत में माहौल खराब करने वालों को बक्शा नही जायेगा। संगीत सोम का बयान सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। मंगलवार को नगर में आयोजित वाल्मीकि जयंती में पहुंचे सपा के विधायक अतुल प्रधान ने संगीत सोम के बयान पर पलटवार करते हुए सभा व पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि देश डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान से चलेगा, न ही भाजपा नेताओं के इशारे पर, भाजपा देश का माहौल खराब करने पर तुली हुई है। लेकिन देश की जनता समझदार हो चुकी है, जो लड़ाई-झगड़ों से दूर अमन-चैन कायम रखना चाहती है। अगर आरएसएस व भाजपा के नेताओं को लठ चलानें का शौक है तो सभी लोग बार्डर पर चलें जाएं। अतुल प्रधान ने कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश की जनता समा. जवादी पार्टी की सरकार बनाने जा रही है। जिससे सभी वर्ग के लोगों को फायदा होगा, सपा सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गो को साथ लेकर चलती है, आने वाला समय सपा सरकार का है।





# ससुर ने बहू पर किया जानलेवा हमला

## हालत गंभीर, आरोपी ने खुद ही थाने पहुंचकर जुर्म कबूला

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। नौचंदी थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर सेक्टर 13 में ससुर ने गुस्से में आकर अपनी बहू पर फरसे से हमला कर दिया, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

हमले के बाद आरोपी ससुर खुद थाने पहुंचा और पुलिस को घटना की जानकारी दी। थाने पहुंचे आरोपी इकबाल के कपड़े खून से सने हुए थे। जिसे देखकर थाने पर हड़कंप मच गया आनन फानन में पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। प्राथमिक जांच में यह मामला पारिवारिक विवाद का बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी ससुर इकबाल को हिरासत में लेकर फरसा बरामद कर लिया है। पीड़ित महिला हिना की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है और परिवार के अन्य सदस्यों से भी पूछताछ की जा रही है। एसएचओ ईलम सिंह ने बताया कि इकबाल करीब 12 वर्ष पूर्व सेना से रिटायर हुए थे। उनकी पत्नी की मृत्यु हो चुकी है। इकबाल हुसैन रिटारमेंट के बाद घर रहते थे। करीब छह महीने पहले उनकी पत्नी की मृत्यु हो गई। इसके बाद से इकबाल डिप्रेशन में चले गए। उनकी परेशानी को देखकर परिवार ने उपचार शुरु कराया। वर्तमान में भी इकबाल का डिप्रेशन का उपचार चल रहा था। परिवार में बड़ा बेटा आफताब, उसकी पत्नी राहत उर्फ हिना, बेटी नईमा और छोटा बेटा महताब हैं।



## एयरटेल बिजनेस को मिला आईआरएसओसी का बहुवर्षीय कॉन्ट्रैक्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** एयरटेल बिजनेस ने भारतीय रेलवे सिक्योरिटी ऑपरेशंस सेंटर (आईआरएसओसी) से एक बहुवर्षीय कॉन्ट्रैक्ट हासिल किया है जिसके तहत एयरटेल बिजनेस भारत के रेलवे नेटवर्क के डिजिटल बैकबोन को सुरक्षित रखने के लिए कॉम्प्रिहेंसिव, इंडस्ट्री लीडिंग सिक्योरिटी सर्विसेज प्रदान करेगा। शरत् सिन्हा, सीईओ व डायरेक्टर एयरटेल बिजनेस, ने कहा, एयरटेल बिजनेस में, हम समझते हैं कि साइबर खतरों के बढ़ते दौर में संचालन की निरंतरता, डेटा इंटीग्रिटी और यात्रियों की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है, ऐसे में एडवांस्ड डिफेंस मेकैनिज्म्स एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमें आईआरएसओसी द्वारा भारत के सबसे बड़े और जटिल डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, जिसमें विशाल रेलवे नेटवर्क और डेटाबेस शामिल हैं।

## निसान ने अपनी ग्लोबल एसयूवी लाइनअप के नवीनतम संस्करण के नाम का किया एलान

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** निसान मोटर इंडिया ने अपनी ग्लोबल एसयूवी लाइनअप के नवीनतम संस्करण के नाम का एलान किया। कंपनी ने अपनी नवीनतम एसयूवी ऑल-न्यू टेक्टॉन की पहली झलक दिखाई है। एक नाम जिससे दिखती है निसान की महत्वाकांक्षाओं की झलक टेक्टॉन नाम ग्रीक भाषा से लिया गया है, जिसका अर्थ होता है। शिल्पकार क्राफ्ट्समैन। यह नाम लोगों के जीवन को समृद्ध करने वाली निसान की सटीक इंजीनियरिंग एवं इनोवेशन के अनुरूप है। यह नाम एक पावरफुल, प्रीमियम सी एसयूवी को दर्शाता है, जिसमें इंजीनियरिंग एक्सीलेंस,परफॉर्मेंस और अनूठी डिजाइन आइडेंटिटी नजर आती है। टेक्टॉन एसयूवी ऐसे लोगों की पसंद बनकर उभरेगी जो करियर, पैशन या लाइफस्टाइल के जरिये अपनी दुनिया खुद बना रहे हैं।

# व्यापारिक सम्मेलन में जीएसटी दरों में बदलाव पर चर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता

**किठौर।** विधानसभा क्षेत्र के खरखौदा स्थित कृषि कल्याण केंद्र में मंगलवार दोपहर भारतीय जनता पार्टी की ओर से एक महत्वपूर्ण व्यापारिक सम्मेलन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 सितंबर से लागू की गई जीएसटी दरों में बदलाव से जुड़े विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनमानस को राहत पहुंचाना, भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देना और आत्मनिर्भर भारत को विकसित भारत के रूप में सशक्त बनाना रहा।

सम्मेलन में किठौर विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों के जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता बंधु, वरिष्ठ पदाधिकारी, व्यापार संघ के सदस्य एवं बड़ी संख्या में व्यापारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी ने किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मेरठ जिलाध्यक्ष शिव कुमार राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा पश्चिम उत्तर प्रदेश डॉ. विकास अग्रवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधन दिया। कार्यक्रम में सीए आशीष गोयल ने भी GST में हुए बदलावों की तकनीकी जानकारी साझा की। कार्यक्रम का आयोजन खरखौदा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया। जिसमें किठौर विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्षों एवं उनकी टीमों ने अतिथियों का स्वागत किया। सम्मेलन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ और व्यापारिक जगत से जुड़े प्रतिभागियों ने इसे लाभदायक बताया।





# स्वामी विवेकानंद शोध पीठ के प्रतिनिधिमंडल ने रामकृष्ण मिशन नई दिल्ली का किया दौरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** सुभारती विश्वविद्यालय, के अधीन स्थापित स्वामी विवेकानंद शोधपीठ के प्रतिनिधिमंडल ने रामकृष्ण मिशन, नई दिल्ली का दौरा किया। यह यात्रा दोनों संस्थानों के बीच सांस्कृतिक और शैक्षिक सहयोग के लिए हुए समझौता ज्ञापन एम.ओ.यू. का एक महत्वपूर्ण अंग रही। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विवि की संयोजिका प्रो. डॉ. मोनिका मेहरोत्रा ने किया, जबकि सहायक प्राध्यापक डॉ. अजय कुमार वर्मा ने सह-नेतृत्व किया। रामकृष्ण मिशन की ओर से सचिव सर्वलोकानंद महाराज ने अतिथियों का स्वागत करते हुए दोनों संस्थाओं के साझा उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की। भेंट के दौरान शिक्षा और अध्यात्म के समन्वय पर विशेष बल दिया गया। संवाद में यह बात सामने आई कि आज की शिक्षा केवल जानकारी नहीं, बल्कि नैतिकता, सेवा और चरित्र निर्माण का माध्यम बननी चाहिए। दोनों संस्थानों ने संयुक्त रूप से संगोष्ठियां शोध परियोजनाएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया। इस दौरान सुभारती विवि के प्रति. निधियों ने सर्वलोकानंद महाराज को सुभारती अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्रतिनिधियों ने शिक्षा संस्थानों में विवेकानंद केंद्र स्थापित करने और रामकृष्ण मिशन के विद्वानों द्वारा नियमित व्याख्यानों के आयोजन पर सहमति जताई। इस पहल से युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विच. ारों को जीवन में आत्मसात करने की दिशा में प्रेरणा मिलेगी। यह यात्रा शिक्षा और अध्यात्म के संगम की दिशा में उठाया गया एक सशक्त कदम साबित हुई। सुभारती विवि और रामकृष्ण मिशन का यह सहयोग भारतीय सांस्कृतिक और शैक्षिक मूल्यों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक ऐतिहासिक शुरुआत मानी गई।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### रेलवे कुश्ती प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे शीर्ष पहलवान

**नई दिल्ली, वार्ता।** उत्तर रेलवे के तत्वावधान में अखिल भारतीय अंतर रेलवे कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन यहां करनैल सिंह रेलवे स्टेडियम में किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का उद्घाटन आज सुबह उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने किया। यह प्रतियोगिता दिनांक 07 से 09 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें भारतीय रेलवे के विभिन्न जोन से आए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पहलवान भाग लेंगे और अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

### मिमी रोड्स ऑर्डर ऑफ मेरिट के खिताब की तलाश में

**गुरुग्राम, वार्ता।** भारत में प्रमुख लेडीज यूरोपियन टूर इवेंट के रूप में, हीरो महिला इंडियन ओपन एक प्रमुख मंच के रूप में खड़ा है जहां वैश्विक प्रतिभाओं का भारतीय उत्कृष्टता से मिलन होता है - एक ऐसा मंच जो न केवल महिला गोल्फ का जश्न मनाता है, बल्कि अक्सर सीजन के भविष्य को आकार देने में भी निर्णायक साबित होता है। इस साल, सबकी नजरें इंग्लैंड की उभरती हुई स्टार मिमी रोड्स पर हैं, जो तीन जीत और प्रतिष्ठित लेडीज यूरोपियन टूर ऑर्डर ऑफ मेरिट खिताब जीतने के मौके के साथ भारत पहुंच रही हैं। डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में एक शानदार प्रदर्शन पूरे सीजन के लीडरबोर्ड में शीर्ष पर उनकी स्थिति को मजबूत कर सकता है और एक शानदार साल का समापन कर सकता है।

### आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप शॉटगन 2025 के लिए भारत तैयार

**नई दिल्ली, वार्ता।** दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शॉटगन निशानेबाज एथेंस, ग्रीस में आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप शॉटगन 2025 में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। यह प्रतियोगिता 8 से 19 अक्टूबर तक ग्राजधानी के मालाकासा शूटिग रेंज में आयोजित की जाएगी। कुल पांच पदक स्पर्धाएँ - पुरुष और महिला ट्रैप व स्कीट, साथ ही ट्रैप मिक्स्ड टीम इवेंट-जो सभी ओलंपिक इवेंट हैं, सात दिनों तक चलेंगी। प्रतियोगिता की शुरुआत 10 अक्टूबर, 2025 से होगी। कुल 68 संघों के 406 खिलाड़ी 518 इवेंट्स में हिस्सा लेंगे, जिनमें छह मौजूदा ओलंपिक पदक विजेता भी शामिल हैं। भारत ने 12 सदस्यीय दल भेजा है जिसमें एशियाई चैंपियंस-पुरुष स्कीट में अनंत. जीत सिंह नरूका और महिला ट्रैप में नीरू धांडा - शामिल हैं। हाल ही में समाप्त शिमकेंट एशियन चैम्पियनशिप के पुरुष ट्रैप रजत पदक विजेता भवनीश व महिला ट्रैप कांस्य पदक विजेता आशिमा भी है।

# रैंकिंग में मंधाना टॉप पर कायम




● **कप्तान हरमनप्रीत कौर को 2 स्थान का नुकसान, बॉलर्स में दीप्ति शर्मा छठे नंबर पर खिसकीं**

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी की वीकली विमेंस रैंकिंग अपडेट हो चुकी है। भारत की लेफ्ट हैंड बैटर स्मृति मंधाना नंबर-1 बैटर बनी हुई हैं। हालांकि, कप्तान हरमनप्रीत कौर को 2 स्थान का नुकसान हुआ। गेंदबाजों में दीप्ति शर्मा भी छठे नंबर पर पहुंच गई। टीमों में इंडिया विमेंस तीसरे नंबर पर बरकरार है। एश्ले गार्डनर टॉप-5 में पहुंचीं विमेंस वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के पहले मैच में शतक लगाने वालीं एश्ले गार्डनर को 7 स्थान का फायदा मिला। वे वनडे बैटर्स रैंकिंग में पांचवें नंबर पर पहुंच गईं। साउथ अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्ज भी 2 स्थान ऊपर उठकर चौथे पर पहुंच गईं। न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन 7 स्थान सुधरकर 8वें पर आ गईं।

भारत की स्मृति मंधाना नंबर-1, इंग्लैंड की कप्तान नैटली सिवर ब्रंट दूसरे नंबर और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी तीसरे नंबर पर कायम हैं। बैटर्स रैंकिंग में भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर को 2 स्थान का नुकसान हुआ। वे 16वें नंबर पर पहुंच गईं। दीप्ति शर्मा 17वें नंबर पर आईं। स्मृति मंधाना ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 50 गेंदों पर शतक लगाया था। बॉलर्स में दीप्ति को नुकसान वनडे बॉलर्स रैंकिंग में भारत की स्पिनर दीप्ति शर्मा को एक स्थान का नुकसान हुआ, वे टॉप-5 से बाहर होकर छठे नंबर पर पहुंच गईं। साउथ अफ्रीका की मारिजान कैप ने उन्हें पीछे धकेला। इंग्लैंड की सोफी एकलस्टन टॉप पर हैं। दूसरे से चौथे नंबर तक ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर, मेगन शट और किम गार्थ हैं। विमेंस वनडे आलराउंडर्स रैंकिंग में साउथ अफ्रीका की मारिजान कैप को एक स्थान का नुकसान हुआ। वे तीसरे नंबर पर पहुंच गईं, इस कारण वेस्टइंडीज की हैली मैथ्यूज दूसरे नंबर पर आ गईं। ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर नंबर-1 और भारत की दीप्ति शर्मा चौथे नंबर पर कायम हैं। भारत की स्नेह राणा 12 स्थान की छलांग लगाकर 28वें नंबर पर जरूर आ गईं। दीप्ति शर्मा ऑलराउंडर्स रैंकिंग में चौथे नंबर पर कायम हैं।

ऑस्ट्रेलिया टॉप टीम वनडे टीमों में ऑस्ट्रेलिया पहले, इंग्लैंड दूसरे और भारत तीसरे नंबर पर कायम हैं। टीम रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ, यह वर्ल्ड कप खत्म होने के बाद ही अपडेट होगी। टी-20 टीम और प्लेयर्स रैंकिंग में भी कोई बदलाव नहीं हुआ। टी-20 में भी ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत ही टॉप-3 पोजिशन पर हैं।

# चीन की युआन ने हार का बदला लिया

● **विश्व रैंकिंग में 69वें स्थान पर काबिज युआन ने 2:21 मिनट में मैच जीता**

**वुहान, चीन।** चीन की युआन यू ने सोमवार को 2025 वुहान ओपन के अपने पहले मैच में इटली की लूसिया ब्रोंज़ेटी को दो टाईब्रेक सेटों में हराकर कड़े मुकाबले में जीत हासिल की, जबकि वांग शिन्यू को जापान की उचिजिमा मोयुका से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिग में 69वें स्थान पर काबिज युआन ने दो घंटे 21 मिनट तक संघर्ष करते हुए ब्रोंज़ेटी को 7-6 (2), 7-6 (1) से हराया, जिसमें लंबी रैलियां भी शामिल थीं। युआन ने कहा कि यह वाकई एक रोमांचक मुकाबला था, दोनों सेट टाईब्रेक तक गए और हर अंक महत्वपूर्ण लगा। मुझे खुशी है कि मैंने आज रात महत्वपूर्ण क्षणों को अच्छी तरह से संभाला। यह जीत युआन के लिए खास थी, जो 2021 में इतालवी क्ले कोर्ट पर ब्रोंज़ेटी से 6-1, 6-1 से हार गई थीं।

युआन ने कहा कि उस समय मैं बुरी तरह हारी थी। आज रात मैं बहुत खुश हूं, क्योंकि अब पीछे मुड़कर देखने पर मुझे सचमुच पता चलता है कि पिछले कुछ सालों में मैंने कितना सुधार किया है। युआन की अगली प्रतिद्वंदी इटली की सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी होंगी। सोमवार को ही, दुनिया की 91वें नंबर की खिलाड़ी मोयुका, जिन्होंने क्वालीफायर में फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा एला और चीन की वांग ज़ियू को हराया था।

● **आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड का ऐलान**

# अभिषेक शर्मा-कुलदीप यादव नामित हुए




**दुबई, वार्ता।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने प्लेयर ऑफ द मंथ (सितम्बर) अवार्ड के लिए तीन दावेदारों के नाम की घोषणा कर दी है।

इसमें भारत से ओपनर अभिषेक शर्मा और स्पिनर कुलदीप यादव शामिल हैं। इनके अलावा जिम्बाब्वे के ओपनर ब्रायन बेनेट भी रेस में हैं। अभिषेक एशिया कप में टॉप बैटर रहे थे। वहीं, कुलदीप ने सबसे ज्यादा विकेट लिए थे। भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने सितम्बर में सबसे ज्यादा रन बनाए। एशिया कप में उन्होंने 7 टी-20 मैचों

● **जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट भी रेस में शामिल**

में कुल 314 रन बनाए। इसमें तीन अर्द्धशतक शामिल रहे। स्ट्राइक रेट भी 200 से ज्यादा का रहा। इस प्रदर्शन के दम पर भारत ने एशिया कप का खिताब जीता और अभिषेक को टूर्नामेंट का बेस्ट खिलाड़ी चुना गया। खास बात यह रही कि उन्होंने टी-20 इंटरनेशनल रैंकिंग में सबसे ज्यादा रेटिंग पाइंट्स हासिल किए। उनके अभी 926 पाइंट्स है। अभिषेक शर्मा ने एशिया कप में 314 रन बनाए। कुलद. ीप यादव ने 17 विकेट लिए एशिया कप में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले कुलदीप यादव भी प्लेयर ऑफ द मंथ के रेस में शामिल है। उन्होंने टूर्नामेंट में 17 विकेट हासिल किए। इकोनामी रेट 6.27 रही। टूर्नामेंट ले 2 मैचों में उन्होंने 4-4 विकेट भी लिए। कुलदीप यादव ने एशिया कप में सबसे ज्यादा विकेट लिए। ब्रायन के नाम 497 रन जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट पूरे सितम्बर में शानदार फार्म में रहे। टी-20 वर्ल्ड कप के अफ्रीकन क्वालिफायर में उन्होंने 9 मैचों में 55.22 की औसत और 165.66 के स्ट्राइक रेट से 497 रन बनाए। उन्होंने इस टूर्नामेंट के पहली 3 इनिंग में 72, 65 और 111 के स्कोर बनाए।

# मिताली राज और रवि कल्पना के नाम पर होंगे विजाग स्टेडियम के स्टैंड

● **यह सम्मान इस बात को दर्शाता है कि भारतीय महिला क्रिकेट को नई पहचान देने वाली इन अग्रदूतों के प्रति हमारी गहरी प्रतिबद्धता है**

**विशाखापट्टनम, वार्ता।** भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज और विकेटकीपर बल्लेबाज रवि कल्पना के नाम पर विशाखापट्टनम क्रिकेट स्टेडियम के स्टैंड रखे जाएंगे। 12 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला विश्व कप का भारत का मैच होने से पहले इस स्टैंड का उद्घाटन होगा।

अगस्त में ब्रेकिग द बाउंड्रीज चैट के दौरान भारतीय ओपनर स्मृति मंधाना ने आंध्र प्रदेश के आईटी मिनिस्टर नारा लोकेश को सुझाव दिया था जिसके बाद यह निर्णय लिया गया। एसीए ने अपने बयान में कहा कि मिताली राज और रवि कल्पना को समर्पित एसीए का यह सम्मान इस बात को दर्शाता है कि भारतीय महिला क्रिकेट को नई पहचान देने वाली इन अग्रदूतों के प्रति हमारी गहरी प्रतिबद्धता है। उन्होंने आने वाली पीढ़ी को बड़े सपने देखने की प्रेरणा दी है। मंत्री लोकेश ने कहा कि स्मृति मंधाना का विचार जनता की व्यापक भावना को दर्शाता है। उस सुझाव को तुरंत अमल में लाना हमारे सामूहिक संकल्प को दिखाता है। लैंगिक समानता के प्रति और महिला क्रिकेट की अग्रदूतों को सम्मान देने के प्रति। मिताली महिला क्रिकेट की दिग्गज़ों में से एक है जिनके नाम महिला वनडे क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है। उन्होंने 232 वनडे मैचों में 50.68 की औसत के साथ 7805 रन बनाए हैं जिसमें 7 शतक शामिल रहे हैं। भारत के लिए खेले 89 टी-20 मैचो में उन्होंने 17 अर्द्धशतकों के साथ 2364 रन बनाए हैं।

# धोनी ने ड्रोन पायलट का प्रशिक्षण पूरा किया



**चेन्नई, वार्ता।** भारत के अग्रणी ड्रोन निर्माता, गरुड़ एयरोस्पेस ने घोषणा की है कि उसके ब्रांड एंबेसडर और निवेशक, महेंद्र सिंह धोनी ने चेन्नई स्थित कंपनी के डीजीसीए-अनुमोदित रिमोट पायलट ट्रेनिग ऑर्गनाइजेशन (आरपीटीओ) में अपना ड्रोन पायलट प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

यह उपलब्धि न केवल कंपनी के साथ धोनी के जुड़ाव को मजबूत करती है, बल्कि भारत के सबसे प्रसिद्ध खेल दिग्गजों में से एक के विमानन प्रौद्योगिकी के भविष्य में कदम रखने के एक महत्वपूर्ण क्षण को भी चिन्हित करती है। यह निवेश और ब्रांड एंबेसडरशिप से परे

● **यह निवेश और ब्रांड एबेसेडरशिप से परे गरुड़ एयरोस्पेश के साथ जुड़ाव को मजबूत करता है**

गरुड़ एयरोस्पेस के साथ उनके जुड़ाव को और मजबूत करता है। कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने के बाद, धोनी अब ड्रोन उड़ाने के लिए प्रमाणित हो गए हैं, जो भारत की विकास गाथा को बदलने की उनकी क्षमता को उजागर करता है।

यह प्रशिक्षण प्रमाणित और सुरक्षित ड्रोन संचालन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें सैद्धांतिक ग्राउंड कक्षाओं के साथ-साथ सिमुलेटर और वास्तविक ड्रोन पर गहन व्यावहारिक उड़ान सत्र भी शामिल हैं। गरुड़ एयरोस्पेस अपने प्रशिक्षण केंद्रों के बढ़ते नेटवर्क और अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से स्थापित 300 से अधिक उत्कृष्टता केंद्रों के माध्यम से इस प्रयास में अग्रणी है। ये पहल यह सुनिश्चित करती हैं कि पायलट औपचारिक रूप से प्रमाणित हों, जिससे कंपनी की गुणवत्ता और विश्वसनीयता के प्रति प्रतिबद्धता और भी मजबूत होती है। धोनी की उपलब्धि के बारे में बात करते हुए, गरुड़ एयरोस्पेस के संस्थापक और सीईओ अग्निश्वर जयप्रकाश ने कहा कि हमारे ब्रांड एंबेसडर और निवेशक, एमएस धोनी का व्यक्तिगत रूप से प्रशिक्षण लेना और पायलट के रूप में प्रमाणित होना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने इसे बहुत जल्दी सीख लिया और सीखने पर बेहद ध्यान केंद्रित किया। ड्रोन उद्योग में क्रांति लाने के हमारे मिशन में उनका अटूट विश्वास पूरी टीम के लिए प्रोत्साहन का एक बड़ा ़ेत है। माही भाई एक प्रेरणा हैं, और उनका व्यावहारिक दृष्टिकोण उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है।

# भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से ड्रॉप हुए लाबुशेन रेनशॉ को मिला मौका

**मेलबर्न, वार्ता।** मार्नस लाबुशेन को भारत के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम से बाहर कर दिया गया है। उनकी जगह क्वींसलैंड के साथी खिलाड़ी मैट रेनशॉ को फॉर्मेट में डेब्यू करने का मौका मिल सकता है।

लाबुशेन का बाहर होना ज्यादा चौंकाने वाला नहीं है, क्योंकि उन्होंने अपनी पिछली 10 वनडे पारियों में केवल 47 रन का सर्वोच्च स्कोर बनाया है। अगर मैथ्यू शॉर्ट, जो इस टीम में शामिल हैं, दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले साइड स्ट्रेन के कारण बाहर नहीं होते तो शायद लाबुशेन तब भी नहीं खेलते। इस बार उनके बाहर होने का फायदा यह है कि वह शेफील्ड शील्ड में टेस्ट वापसी के लिए दबाव बना सकते हैं। उन्होंने सीजन की शुरुआत तस्मानिया के खिलाफ 160 रन की पारी से की है। रेनशॉ को यह मौका उनकी लिस्ट-ए क्रिकेट में शानदार फॉर्म की बदौलत मिला है जिसमें डार्विन में श्रीलंका ए के खिलाफ एक शतक भी शामिल है। रेड-बॉल क्रिकेट में वह इस समय ओपनिग कर रहे हैं और एशेज के लिए एक संभावित विकल्प भी हैं, लेकिन 50 ओवर फॉर्मेट में वह ज़्डादातर नंबर 3 या 4 पर खेलते रहे हैं। नवम्बर 2021 से अब तक उनका औसत 48-68 रहा है और सात करियर शतकों में से छह इसी दौरान आए हैं। वह ज्20 क्रिकेट में भी प्रभावशाली मिडल-ऑर्डर बल्लेबाज बन चुके हैं। वह पहले भी 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चुने गए थे, लेकिन तब उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला था। मिचेल स्टार्क, जिन्होंने पिछले नवम्बर के बाद से कोई वनडे नहीं खेला है, भी टीम में लौट आए हैं। यह चयन उपलब्ध खिलाड़ियों में से एक पूर्ण शक्ति वाली टीम को दर्शाता है। एलेक्स केरी सीरीज के पहले मैच में नहीं खेलेंगे ताकि वह साउथ ऑस्ट्रेलिया के लिए शेफील्ड शील्ड का दूसरा राउंड खेल सकें।

# सभी प्रारूपों में मप्र की कप्तानी करेंगे रजत




**नई दिल्ली, वार्ता।** रजत पाटीदार को 2025-26 घरेलू सीजन की शुरुआत से पहले मध्य प्रदेश की सभी फॉर्मेट की कप्तानी सौंपी गई है, जो रणजी ट्रॉफी के साथ 15 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। पाटीदार ने शुभम शर्मा की जगह ली है और यह जिम्मेदारी उन्हें एमपी के क्रिकेट निदेशक चंद्रकांत पंडित से मिली है। समझा जा रहा है कि मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन पाटीदार की हालिया सफलताओं के बाद उनके लिए एक बड़ी भूमिका चाहता था। 32 वर्षीय पाटीदार को पिछले साल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान पहली बार कप्तान के रूप में आजमाया गया था जब उन्होंने पंडित से आईपीएल में रॉयल

● **पाटीदार ने शुभम की जगह ली है और यह जिम्मेदारी उन्हें एमपी के क्रिकेट निदेशक से मिली**

चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ इसी तरह की संभावना पर बात की थी। उन्हें कप्तानी दी गई और उन्होंने एमपी को फाइनल तक पहुंचाया, जहां टीम मुंबई से हार गई थी। पाटीदार ने इसके बाद आरसीबी को उनका पहला आईपीएल खिताब दिलाया और हाल ही में उन्होंने सेंट्रल ज़ोन की कप्तानी करते हुए दलीप ट्रॉफी में 2014-15 के बाद पहली बार टीम को चैंपियन बनाया। पिछले हफ्ते पाटीदार ने ईरानी कप में एक मजबूत रेस्ट ऑफ इंडिया टीम की कप्तानी की जिसमें ईशान किशन, रुतुराज गायकवाड़ और अभिमन्यु ईश्वरन जैसे खिलाड़ी थे जो अपने राज्यों की कप्तानी करते हैं। हालांकि, टीम को विदर्भ के हाथों 93 रनों से हार झेलनी पड़ी। पाटीदार ने 2024-25 रणजी सीजन में 11 पारियों में 48-09 की औसत से 529 रन बनाए, जिसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल थे। यह उस सीजन में एमपी के लिए शुभम शर्मा के 943 रनों (औसत 104-77) के बाद दूसरे सबसे ज़्डादा रन थे। इस सीजन में भी पाटीदार शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने सात पारियों में दो शतक और तीन अर्द्धशतक लगाए हैं। उनका एक शतक दलीप ट्रॉफी के फाइनल में आया जिसने सेंट्रल ज़ोन को पहली पारी में बढ़त दिलाई और अंततः साउथ ज़ोन पर छह विकेट से जीत दर्ज करने में मदद की। एमपी अपनी रणजी ट्रॉफी मुहिम की शुरुआत पंजाब के खिलाफ इंदौर में घरेलू मैच से करेगी। रणजी सीजन दो चरणों में खेला जाएगा। पहला चरण 15 अक्टूबर से 19 नवम्बर तक होगाी

# महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिग में ब्रिट्स करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर

**दुबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज तेजमिन ब्रिट्स इस सप्ताह जारी आईसीसी महिला वनडे खिलाड़ी रैंकिग में दो स्थान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। सोमवार को आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में न्यूजीलैंड पर दक्षिण अफ्रीका की छह विकेट की जीत में ब्रिट्स 101 रन बनाकर बल्लेबाजों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गईं। ब्रिट्स का यह शतक इस साल उनका पांचवां शतक है, जिससे यह किसी महिला क्रिकेटर द्वारा एक कैलेंडर वर्ष में बनाये गए अब तक के सबसे ज़्डादा शतक हैं। दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में इंग्लैंड से मिली हार के बाद शानदार वापसी की है। ऑस्ट्रेलिया की ऐश गार्डनर सात स्थान की छलांग लगाकर बल्लेबाजों में 697 रेटिग अंकों के साथ 5वें स्थान पर पहुंच गई।

# रणजी ट्रॉफी के दूसरे राउंड में हो सकती है पंत की वापसी



**नई दिल्ली, वार्ता।** 25 अक्टूबर से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी 2025-26 के दूसरे राउंड में ऋषभ पंत एक्शन में वापसी कर सकते हैं।

इसके साथ ही वह 14 नवम्बर से शुरू होने वाली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के जरिए टेस्ट क्रिकेट में वापसी की प्रक्रिया भी शुरू कर सकते हैं। यह उसी लाइन में है जैसा कि मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने पिछले महीने दुबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के लिए टीम घोषित करते समय संकेत दिया था। जुलाई के अंत में ओल्ड ट्रैफर्ड टेस्ट दाहिने पैर में फ्रैक्चर होने के बाद पंत अब अपने रिहैब के अंतिम चरण में हैं और इस हफ्ते के अंत में बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में फटिनेस टेस्ट से गुजरने वाले हैं। उनके पैर से तीन सप्ताह पहले प्लास्टर हट गया था और अब वह बिना किसी तकलीफ के चल-फिर रहे हैं।

पंत ने अपने पैर की मजबूती के लिए मोबिलिटी एक्सरसाइज और वेट ट्रेनिग ड्रिल्स शुरू कर दी हैं और नेट्स में बल्लेबाज़ी भी दोबारा शुरू कर दी है। यदि फिटनेस टेस्ट में उन्हें क्लियरेंस मिल जाती है, तो पंत के दिल्ली टीम से जुड़ने की उम्मीद है, जो रणजी ट्रॉफी के पहले राउंड में 15 अक्टूबर से हैदराबाद के खिलाफ खेलेगी। हालांकि, दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) के अनुसार, इस मैच के लिए पंत की उपलब्धता थोड़ी संदिग्ध है। पंत पिछले जुलाई से मैदान से बाहर हैं, जब उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में क्रिस वोक्स की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलते हुए अपने ही पैर पर गेंद मार ली थी। उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा और स्कैन में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई।

हालांकि वह अगले दिन दोबारा बल्लेबाज़ी करने लौटे, लेकिन विकेटकीपिग नहीं कर पाए। पंत ने उस सीरीज में चार टेस्ट में 479 रन बनाए थे, जिनमें दो शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल थे। पंत की अनुपस्थिति में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज़ के लिए ध्रुव जुरेल और एन जगदीशन को विकेटकीपर के रूप में चुना है। पंत ऑस्ट्रेलिया के 19 अक्टूबर से शुरू होने वाले सीमित ओवरों के दौरे से भी बाहर रहेंगे क्योंकि उन्हें अभी तक सीओई से षरिटर्न टू प्लेष सर्टिफकिट नहीं मिला है।

### हेनिल व खिलन पटेल ने 3-3 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 को 135 पर समेटा

**मैकाय, वार्ता।** हेनिल पटेल और खिलन पटेल ने तीन-तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 को दूसरे युवा टेस्ट के पहले दिन मंगलवार को पहली पारी में 135 रन पर समेट दिया। भारत अंडर 19 ने इसके जवाब में स्टंप्स तक सात विकेट पर 144 रन बनाकर नौ रन की बढ़त हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 की तरफ से एलेक्स ली यंग ने सर्वाधिक 66 रन बनाये। यश देशमुख ने 22 रन का योगदान दिया। हेनिल ने 21 रन पर तीन विकेट, खिलन ने 23 रन पर तीन विकेट और उद्धव मोहन ने 23 रन पर दो विकेट लिए। जवाब में भारत अंडर 19 ने स्टंप्स तक सात विकेट पर 144 रन बना लिए। भारतीय टीम ने 82 रन पर अपने छह विकेट गंवा दिए थे लेकिन खिलन ने 26 और हेलिन ने नाबाद 22 रन बनाकर टीम को संभाला और बघ्त दिलाई। वेदांत त्रिवेदी ने 25 और वैभव सूर्यवंशी ने 20 रन का योगदान दिया। स्टंप्स के समय हेनिल के साथ दीपेश देवेन्द्रन छह रन बनाकर क्रीज पर थे। ऑस्ट्रेलियाई टीम की तरफ से कैसी बार्टन ने तीन और विल बायरोम ने दो विकेट लिए।

# सम्पादकीय

बुधवार, 8 अक्टूबर 2025

## हटाए गए नामों का स्पष्टीकरण

मंगलवार को बिहार में विशेष गहन परीक्षण के बाद तैयार की गई मतदाता सूची से हटाए गए 3.66 लाख मतदाताओं का ब्यौरा सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची की पीठ ने चुनाव आयोग को गुरुवार तक उपलब्ध जानकारी कोर्ट को देने को कहा। उसी दिन इस मामले में अगली सुनवाई भी होगी। इस पर चुनाव आयोग ने कोर्ट को बताया कि अधिकतर नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं और जिनके नाम हटाए गए हैं, उनमें किसी ने अब तक शिकायत दर्ज नहीं कराई, लेकिन इस तर्क से अदालत संतुष्ट होती दिखाई नहीं दी। पीठ का कहना था कि 30 सितम्बर को प्रकाशित की गई अंतिम सूची सबके पास है, इसलिए दोनों की तुलना करके जरूरी जानकारी दी जा सकती है। कोर्ट का यह भी कहना था कि उसके आदेशों से चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जनसामान्य की पहुंच बढ़ी है। कोर्ट का यह कहना भी बहुत कुछ कह जाता है कि अंतिम सूची में मतदाताओं में वृद्धि देखने को मिल रही है, इसलिए किसके नाम जोड़े गए हैं यह स्पष्ट किया जाना चाहिए ताकि भ्रम न हो। कोर्ट ने चुनाव आयोग को यह कहकर याद दिलाया कि ऐसा लग रहा है कि आपने मसौदा सूची में 65 नाम हटाए। जबकि यह अदालत पहले ही कह चुकी है कि मृतक हैं या कहीं ओर चले गए हैं, उन्हें हटाना ठीक है, लेकिन यदि किसी का नाम हटा रहे हैं तो नियम 21 या एसओपी का पालन करें और हटाए गए नामों की जानकारी अपने दफ्तरों में लगाएं। अदालत ने यह भी कहा कि अब अंतिम सूची में मतदाताओं की संख्या बढ़ गई है, जिससे भ्रम की स्थिति बनी है कि जोड़े गए नाम पुराने हटाए गए लोगों के हैं या नए मतदाताओं के। इस पर चुनाव आयोग के वकील राकेश द्विवेदी ने जवाब दिया कि अधिकतर जोड़ गए नाम नए मतदाताओं के हैं, हालांकि कुछ पुराने भी हैं। आयोग ने अदालत को यह भी बताया कि कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 37 लाख घटकर 7.42 करोड़ रह गई। जो पहले 7.89 करोड़ थी और यह विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद हुआ। हालांकि मसौदा सूची की तुलना में अंतिम आंकड़ा 17.87 लाख बढ़ा है। इस पूरी कवायद से साफ है कि कभी एसआईआर का मामला उतनी पारदर्शिता के साथ सामने नहीं आ रहा है, जैसीकि अपेक्षा चुनाव आयोग ने की थी। मसौदा सूची में 65 लाख मतदाताओं को हटाया गया था जिनमें वे लोग शामिल थे, जो मर चुके थे या दूसरी जगह पर चले गए थे या जिनके नाम दो बार दर्ज थे। 9 तारीख को अदालत की सुनवाई में क्या तस्वीर सामने आती है यह तो तब ही पता चलेगा, लेकिन एक बात साफ है कि जिस तरह का तर्क-वितर्क एसआईआर को लेकर अदालत में व अदालत से बाहर चल रहा है, वह हमारे लोकतंत्र के लिए कोई अच्छी स्थिति नहीं है। विपक्षी दल पहले ही बिहार में एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग को घेरते रहे हैं और यह क्रम अभी भी जारी है। चुनाव आयोग को समझना होगा कि भले ही उसके पास कितने ही विशेषाधिकार हों, वह जनता के बीच जवाबदेही से नहीं बच सकता और यह विशेषाधिकार भी उसके पास इसलिए हैं, क्योंकि उससे अपेक्षा की जाती है कि निष्पक्ष काम करेगा।

## इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या



उप्र के रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या सिर्फ एक इंसान की नहीं, इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या है। आज भारत में दलित, आदिवासी, मुसलमान, पिछड़े और गरीब-हर उस व्यक्ति को निशाना बनाया जा रहा है, जिसकी आवाज कमजोर है, जिसकी हिस्सेदारी छीनी जा रही है और जिसकी जिंदगी सस्ती समझी जाती है, देश में नफरत, हिंसा और भीड़तंत्र को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है, जहां संविधान की जगह बुलडोजर ने ले ली है और इंसाफ की जगह डर ने, मैं हरिओम के परिवार के साथ खड़ा हूं, उन्हें न्याय जरूर मिलेगा, भारत का भविष्य समानता और मानवता पर टिका है और यह देश चलेगा संविधान से, भीड़ की सनक से नहीं।

**-राहुल गांधी, विपक्ष नेता, लोकसभा**

# समय आ गया है जब साम्राज्य अपने साए से ही डरने लगे



वाहिद नसीम

दुनिया की सरहदें कभी जमीन पर नहीं बनतीं वे विचारों के बीच बनती हैं और जब विचार बदलते हैं, तो साम्राज्य ढहते हैं। आज वही दृश्य फिर से इतिहास के कैनवास पर उभर रहा है। गजा और इसराइल के बीच की जंग अब किसी धार्मिक संघर्ष से आगे निकलकर भू-राजनीतिक पुनर्जन्म का संकेत बन गई है। कई लोग इस युद्ध को तबाही की निशानी मान रहे हैं, लेकिन शायद यह आने वाले दो-राष्ट्र समाधान की भूमिका है। ट्रंप, जो एक व्यापारी के रूप में राजनीति में उतरे, अब शतरंज के ऐसे मोहरे चल रहे हैं जिससे इसराइली लॉबी और वैश्विक बैंकिंग सिंडिकेट की नींद उड़ गई है। वो लॉबी जिसने डॉलर को ईश्वर और वॉल स्ट्रीट को उसका मंदिर बना दिया था कृ अब अपनी ही छाया से डरने लगी है। उधर ब्लादिमीर पुतिन, जो दशकों से भू-राजनीति के शतरंज पर चुपचाप चल रहे थे, शायद अब नेतन्याहू को यह भरोसा दे चुके हैं कि इरान इजराइल के लिए खतरा नहीं, बल्कि नई स्थिरता का आधार बन सकता है। अगर यह समीकरण सच है, तो मध्य-पूर्व में अस्थाई शांति का वह क्षण आ चुका है जिसे कई पीढ़ियों ने सिर्फ किताबों में देखा था। इजराइल को अब अरब देशों से पूर्ण मान्यता मिलना कोई चमत्कार नहीं, बल्कि एक सुविचारित ऐतिहासिक आवश्यकता लगती है।

**चीन और अमेरिका**- दूसरी तरफ, चीन ने अमेरिका में एक ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा के निवेश का प्रस्ताव दिया है। जबकि सऊदी अरब और कतर पहले ही लगभग 4 ट्रिलियन डॉलर के वादे कर चुके हैं। यह वही क्षण है, जब ट्रंप का नारा Make America Great Again अब किसी रैली का नारा नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था की धड़कन बन गया है। इतना बड़ा पूंजी निवेश न केवल करोड़ों अमेरिकी नौकरियों को जन्म देगा, बल्कि पश्चिमी आर्थिक ढांचे को नया जीवन भी देगा। अब बात करते हैं यूक्रेन की इतनी शांति और आर्थिक पुनर्निर्माण की पृष्ठभूमि में, ट्रंप का NATO से बाहर निकलने का बयान सिर्फ धमकी नहीं एक संकेत है। संकेत इस बात का कि अमेरिका अब यूरोप की रूस-विरोधी महत्वाकांक्षाओं में दिलचस्पी नहीं रखेगा। यही कारण है कि यूक्रेन युद्ध के अंत की फुसफुसाहट अब राजनयिक गलियारों में सुनाई देने लगी है।

**ताइवान व चीन-बिना लड़े जीती हुई जंग**

ट्रंप के झुकाव और यूरोप की थकान के बीच, चीन की छठी पीढ़ी की रक्षा प्रणाली ने शायद बिना एक भी गोली चलाए जंग जीत ली है। ताइवान अब अमेरिका की प्राथमिकता नहीं रहेगा और यह बीजिंग की सबसे बड़ी रणनीतिक जीत संभव हो चुकी है। अब आते हैं गोल्ड यानी सोने पुनर्जन्म पर, जब साम्राज्य थकने लगते हैं, तो धरती फिर से सोने की ओर लौटती है। आज दुनिया के सेंट्रल बैंक और अरबपति तेजी से सोना खरीद रहे हैं क्योंकि उन्हें पता है कि आने वाला समय पेपर करेंसी का नहीं, गोल्ड-बैक्ड करेंसी का होगा। सोने की कीमतों का असामान्य उछाल सिर्फ बाजार की प्रतिक्रिया नहीं यह विश्व मुद्रा प्रणाली के पुनर्लेखन की शुरुआत है।

**डॉलर साम्राज्य का डूबता सूरज**-इजराइली लॉबी, बैंकिंग सिंडिकेट और डॉलर के अदृश्य मालिक अब इतिहास के आखिरी अध्याय में पहुंच चुके हैं। उनकी पकड़ ढीली हो रही है और दुनिया नई करेंसी व्यवस्था स्वर्ण आधारित संतुलन की ओर बढ़ रही है। हर देश चाहता है कि उसके नागरिक आने वाले आर्थिक झटकों से सुरक्षित रहें और यही कारण है कि गोल्ड अब फिर से गॉड बनने जा रहा है।

**खेल अभी बाकी है**-इतिहास की घड़ी फिर से टिक-टिक कर रही है। पुराने साम्राज्य ढह रहे हैं, नई सभ्यताएं जन्म ले रही हैं और शायद, बहुत जल्द हम देखेंगे कि युद्धों से नहीं, बुद्धि और अर्थव्यवस्था की शांति से नया विश्व बनने की संभवन स्पष्ट होने लगी है।

## डिजिटल गोल्ड और नई मुद्राः नियमों की सुबह होने को है



जब इतिहास थक जाता है, तो भविष्य उसकी जगह ले लेता है। आज वही क्षण है जब डॉलर का युग अपने अंत की आहट सुन रहा है और गोल्ड-बेस्ड डिजिटल करेंसी का नया अध्याय खुलने जा रहा है। दुनिया एक बार फिर उस दिशा में लौट रही है जहां धन का मूल्य कागज नहीं, धातु तय करती थी।

**डिजिटल गोल्ड नई सभ्यता का विश्वास कोड**

डिजिटल गोल्ड को समझना आसान नहीं, क्योंकि यह सिर्फ अर्थव्यवस्था नहीं विश्वास का पुनर्निर्माण होगा। केंद्रीय बैंक अब धीरे-धीरे अपने भंडार में भौतिक सोने को जोड़ रहे हैं, लेकिन अगला कदम उससे भी बड़ा होगी

**सोने को ब्लॉकचेन पर टोकनाइज करना**

इसका अर्थ यह है कि हर ग्राम सोना अब डिजिटल रूप में, एक सुरक्षित कोड के रूप में, वैश्विक लेन-देन का आधार बनेगा और यही वह बिंदु है जहां केंद्रीय बैंक डिजिटल करेंसी (CBDC) और गोल्ड-बैक्ड टोकन मिलकर एक नई आर्थिक सभ्यता रचने की ओर बढ़ चले हैं।

**रूस, चीन और अरब ब्लॉक नई मुद्रा की धुरी होंगे**

रूस ने पहले ही घोषणा कर दी है कि वह BRICS बैंकिंग नेटवर्क को सोने आधारित ट्रेडिंग सिस्टम से जोड़ना चाहता है। चीन ने युआन को गोल्ड-बैक्ड क्लियरिंग करेंसी में बदलने की योजना शुरू कर दी है और सऊदी अरब तेल सौदों में अब डॉलर के बजाय युआन और स्वर्ण दोनों को स्वीकार कर रहा है। इसका अर्थ यह है कि पेट्रोडॉलर पेट्रोगोल्ड में बदल रहा है। मध्य पूर्व, जिसे कभी अमेरिका ने सिर्फ तेल का कुआं समझा था, अब विश्व आर्थिक पुनर्संतुलन का केंद्र बन चुका है। रियाद, दोहा, अबू धाबी और तेहरान ये चारों शहर मिलकर वो नींव डाल रहे हैं जिस पर नई करेंसी व्यवस्था खड़ी होगी।

**अमेरिका और यूरोप**- ट्रंप भले ही निवेश और नौकरियों की भाषा बोल रहे हों, लेकिन वॉल स्ट्रीट के गलियारों में डर है, क्योंकि गोल्ड-बेस्ड सिस्टम का अर्थ है कि बैंकिंग का अदृश्य नियंत्रण खत्म। क्योंकि अब मुद्रा का मूल्य किसी फेडरल रिजर्व की इच्छा पर नहीं, बल्कि सोने के वास्तविक भंडार पर निर्भर करेगा। यही कारण है कि डॉलर की अदृश्य सत्ता जो दशकों तक दुनिया की सांसों को नियंत्रित करती रही अब ढलते सूरज की तरह लाल पड़ने लगी है।

**भारत-चौराहे पर खड़ा है**- भारत, जो कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था, यह अलग बात है कि सोना मसाले निर्यात से प्राप्त होता था। अब इस नए समीकरण का स्वाभाविक हिस्सा बन सकता है। अपितु भारत को निर्यात के लिए नए उत्पाद की खोज करनी होगी। भारत के पास दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा गोल्ड रिजर्व तो है, मगर यहां अधिकतर गोल्ड जनता के पास है, यहां की सभ्यता में सोना एक अति आवश्यक पात्र बना हुआ है जो हर रीति रिवाज त्योहार धर्म अधर्म सब के बीच अपना विशेष स्थान बनाए हुए है। रिजर्व बैंक ने गोल्ड-बैक्ड डिजिटल रूपांतरण की दिशा में कोई कदम उठाएगा तो भारतीय सभ्यता छुपाने का चलन बहुत सी कठिनाइयां उत्पन्न करेगा। अभी भी अगर अपनी नई दासवाद की नीति को समाज वाद से जोड़ ले तो रुपया BRICS ब्लॉक की स्थिर मुद्रा बन सकता है। भारत का पारंपरिक स्वर्ण-प्रेम अब आर्थिक शक्ति में बदलने का समय आ चुका है। सिर्फ नीतियों में जागृति की जरूरत होगी है। कुछ अर्थ दार्शनिक तलाशने होंगे।

**डिजिटल गोल्ड बनाम क्रिप्टो एक बड़ा भ्रम**

कुछ लोग डिजिटल गोल्ड को क्रिप्टोकरेंसी समझने की भूल कर रहे हैं, लेकिन दोनों में फर्क वही है जो मूल्य और कल्पना में होता है। क्रिप्टो एक अदृश्य मूल्य की कल्पना है, जबकि डिजिटल गोल्ड वास्तविक संपत्ति का डिजिटलीकरण है। एक हवा पर चलता है, दूसरा जमीन पर खड़ा है। यह बदलाव सिर्फ अर्थशास्त्र नहीं, सभ्यता का पुनर्लेखन है, क्योंकि जब मुद्रा बदलती है, तो समाज का चरित्र बदलता है। विश्वास अब नोट पर नहीं लिखा जाएगा वह कोड में एन्क्रिप्ट होगा। सवाल यह नहीं कि कौन-सी करेंसी चलेगी, सवाल यह है कौन इसे नियंत्रित करेगा। अगर यह नियंत्रण फिर से कुछ चुनिंदा देशों या टेक-कार्टेल्स के हाथ में चला गया, तो डिजिटल गोल्ड भी एक नया साम्राज्य बन जाएगा, लेकिन अगर इसका नियंत्रण पारदर्शी और बहु-राष्ट्रीय ढांचे में हुआ तो दुनिया पहली बार न्यायपूर्ण मुद्रा प्रणाली का स्वाद चखेगी। सोना सिर्फ धातु नहीं, यह सभ्यताओं की याददाश्त है। यह हमें याद दिलाता है कि धन तभी स्थाई है, जब वह धरती से जुड़ा हो। शायद आने वाले वर्षों में जब डॉलर की जगह गोल्ड टोकन या BRICS Coin लेगा, तो इतिहास फिर से वह कहेगा सभ्यताएं लौट आती हैं, बस उनका स्वरूप बदल जाता है। खेल अभी बाकी है पश्चिम का Debt Empire अब अपने ही बोझ से गिरने लगा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्व की आर्थिक स्थिति में हो रही उथल-पुथल को पूरी तरह से रेखांकित करने के साथ भविष्य भी समझा रहे हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# प्लानिंगः किसकी शह पर यह कांड कराया गया



पुष्प रंजन

बार से सस्पेंडेड वकील राकेश किशोर ने कहा मैंने परमात्मा के आदेश का पालन किया। CJI को जूते मारने का कोई पछतावा नहीं। परमात्मा मुझसे यही कराना चाहता था। इसके लिए कोर्ट या बार से माफी नहीं मांगेंगे। अब आप पता करते रहिए, यह परमात्मा रायसीना हिल के किसी आलीशान-अभेद कार्यालय में विराजमान है या लोक कल्याण मार्ग की किसी कोठी में? परमात्मा है, तभी इस भटकती आत्मा में हिम्मत आई और इतना बड़ा काण्ड कर बैठा। परमात्मा जी मिलें कभी, तो मैं भी पूछूं कि क्या आप इससे भी नीचे गिर सकते हैं? 71 साल का वकील राकेश किशोर, 2009 में दिल्ली बार काउंसिल (बीसीडी) में प्रैक्टिस के लिए रजिस्टर्ड हुए थे। मान्यवर, मयूर विहार फेज 1 में रहते हैं। राकेश किशोर ने यदि भूल से भी परमात्मा के बारे में मुंह खोला, उनके प्राण पखेरू मुक्त कर दिए जाएंगे।

**जूता फेंकने की वजह**-यह घटना मध्य प्रदेश के खजुराहो परिसर में क्षतिग्रस्त विष्णु प्रतिमा की पुनःस्थापना से जुड़ी याचिका के सिलसिले में हुई थी। 16 सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट ने खजुराहो के जवारी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट ऊंची मूर्ति के पुनर्निर्माण और पुनः स्थापना के लिए याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने इसे प्रचार हित याचिका करार दिया।

**चीफ जस्टिस गवई ने क्या कहा था?**

चीफ जस्टिस गवई ने कहा था, यह पूरी तरह से प्रचार हित याचिका है। जाइए और स्वयं भगवान से कुछ करने के लिए कहिए। यदि आप भगवान विष्णु के प्रबल भक्त हैं तो प्रार्थना कीजिए और थोड़ा ध्यान भी कीजिए। इस टिप्पणी पर हिंदूवादी संगठनों ने नाराजगी जाहिर की थी और सोशल मीडिया पर भी इस पर व्यापक बहस हुई।


क्या जस्टिस गवई की छवि एंटी हिन्दू बनाई जा रही है? पिछले हफ्ते ही भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की मां कमलताई गवई ने महाराष्ट्र के अमरावती में होने वाले संघ के शताब्दी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल नहीं होने का फैसला किया। उन्होंने आरोपों और बदनामी के कारण कार्यक्रम में शामिल न होने का फैसला किया। कमलताई गवई ने यह बात एक खुले पत्र में बताई। 5 अक्टूबर के कार्यक्रम के लिए उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दीं और कहा कि वह आरएसएस के शताब्दी कार्यक्रम में चीफ गेस्ट नहीं बनेंगी। कमलताई गवई ने पत्र में आगे लिखा कि जैसे ही कार्यक्रम की खबर प्रकाशित हुई, कई लोगों ने न केवल मेरी बल्कि स्वर्गीय दादासाहेब गवई उनके पति, बिहार के पूर्व राज्यपाल आरएस गवई की भी आलोचना और आरोप लगाना शुरू कर दिया। हमने डॉ. बीआर आंबेडकर की विचारधारा के अनुसार अपना जीवन जिया है, जबकि दादासाहेब गवई ने अपना जीवन आंबेडकरवादी आंदोलन को समर्पित कर दिया था। अलग विचारधारा के मंच पर अपनी विचारधारा साझा करना भी जरूरी है, जिसके लिए साहस की जरूरत होती है।

**दलित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की चुप्पी**

अगले महीने 23 नवंबर 2025 को मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई अवकाश ग्रहण करेंगे। इतना वक्त इज्जत-प्रतिष्ठा से काटना मुश्किल हो रहा है। सबसे दुखद है, इस पूरे प्रकरण पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का चुप रहना। अफसोस के एक शब्द नहीं और जिस रंग-बिल्ला की शह पर इस तरह की गुंडई हो रही है, वो क्यों भला कुछ बोले?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# त्योहारों के मौसम में रखें सेहत का खास ख्याल



शहनाज हुसैन

त्योहारों का सीजन शुरू हो चुका है त्यौहारों का मौसम जश्न मनाने और दावतों का समय होता है इन दिनों में जायके के शौकीन लोग कई तरह के लजीज पकवान और मिठाईयां जमकर खाते हैं, जिसका असर सीधा सेहत पर पड़ता है। फेस्टिव सीजन आते ही हर घर में मिठाइयों, तले-भुने पकवानों और भारी भोजन का सिलसिला शुरू हो जाता है। इस फेस्टिव ट्रीट में जिन मिठाईयों और खाने के आइटम्स परोसे जाते हैं उनमें चीनी और फैट अधिक मात्रा में होती है। जिससे हमें भूख अधिक लगती है और अधिक खाने से पाचन तन्त्र गड़बड़ा जाता है जिसके सीधा असर हमारी सेहत पर पड़ता है।

त्योहारों के दौरान घर की साफ सफाई, मेहमानों की आवभगत की तैयारियों और भाग दौड़ की बजह से अक्सर हम समय पर भोजन नहीं ले पाते हैं। इसके अलावा अधिक तेल। मसाले वाला भोजन और मिठाइयों का ज्यादा सेवन गैस, एसिडिटी, अपच और कब्ज जैसी परेशानियों का कारण बनता है। मेरा मानना है कि त्योहारों में जमकर खाने का लुफ्त उठाने के साथ साथ ही पेट और सेहत का ध्यान रखने के लिए थोड़ी सावधानी और समझदारी बेहद जरूरी है त्योहारों में स्वाद और खुशियों के साथ-साथ सेहत को भी प्राथमिकता देना जरूरी है।

**खानपान**

त्योहारों के दिनों में लोगों को सेहत का सन्तुलन बनाए रखने के लिए माइंडफुल ईटिंग पर ध्यान देना चाहिए। बीमारियों को दूर करने के लिए खानपान और आदतों में बदलाव करना जरूरी है।



त्योहारों में तरह-तरह के व्यंजन और मिठाइयां देखकर अक्सर हम जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं, जिससे गैस, एसिडिटी और अपच जैसी समस्याएं हो जाती हैं। त्योहारों में नमकीन, बिस्किट, समोसे कचौड़ी जैसे व्यंजनों को बनाने के लिए सबसे ज्यादा मैदे का उपयोग किया जाता है। जिसमें ट्रांस फैट अत्यधिक होता है, जिसकी वजह से कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है। लड्डू, गुलाब जामुन, गुजिया और नमकीन पकोड़े जैसे स्वादिष्ट पकवानों में चीनी, तेल और कैलोरी की मात्रा अधिक होती रोजाना ज्यादा मीठा या तली-भुनी चीजें खाने से वजन बढ़ने के साथ-साथ ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल लेवल भी प्रभावित हो सकता है। मिठाइयों में उपयोग किया जाने वाले तेल और मावे की बजह से हेल्थ पर बुरा प्रभाव पड़ता है। ज्यादा शुगर खाने से धामनिया संकुचित होने लगती हैं और हार्ट अटैक का जोखिम बढ़ता है। इसलिए फेस्टिव सीजन में सीमित मात्रा में ही मिठाइयों का सेवन करें। मेरा सुझाव है की आप मिठाइयों की जगह ड्राई फ्रूट्स, खजूर या गुड़ से बनी चीजों को प्राथमिकता दें। खास तौर पर बाजार में तैयार खाद्य पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। बाजार से मिठाई खरीदने की जगह नारियल की बर्फी आदि मिठाइयों को आप आसानी से घर पर ही बना सकते हैं। अपनी डाइट में फाइबर से भरपूर चीजों को शामिल करें। फल, सलाद और साबुत अनाज जैसे विकल्प पाचन तंत्र को सही रखने में मदद करते हैं। फाइबर युक्त भोजन आपके पाचन तंत्र में पानी को बनाए रखता है जिससे भोजन को आसानी से पचाने में मदद मिलती है। मेरी सलाह है कि प्लेट में उतना ही लें जितना भूख हो, और छोटे-छोटे हिस्सों में बार-बार खाएं। त्योहारों में खाने की विविधता भले ही आकर्षक हो लेकिन ओवरईटिंग से बचना सबसे जरूरी।

**मिठाइयों को सीमित मात्रा में लें**

त्योहारों में मिठाइयों का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए क्योंकि उनमें चीनी, कैलोरी और फैट अधिक होता है, जिससे वजन बढ़ना, डायबिटीज, और हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा होता है। मिठाई, नमकीन, मसालेदार और तले हुए खाद्य पदार्थों से पूरी तरह परहेज करना तो मुश्किल है, लेकिन इनकी मात्रा को सीमित करने से डाइट को मैनेज करने में मदद मिलती हे। ध्यान रखें कि आप कितना खा रहे हैं।

**गुड़, शहद या फलों का प्राकृतिक मीठापन चुनें**

त्योहारों में मिठाइयों के साथ-साथ कई नमकीन पकवान भी बनाए जाते हैं, जिसको देखकर हम अपने मन पर नियंत्रण नहीं कर पाते और काफी मात्रा में इसका सेवन कर लेते हैं जिससे हाई ब्लड प्रेशर की समस्याए, हार्ट अटैक, स्ट्रोक और दिल से जुड़े कई बीमारियों के होने का जोखिम रहता है।

**व्यायाम**

त्योहारों में नियमित रूप से व्यायाम करें, नियमित रूप से व्यायाम करने से वजन नियंत्रण में रहता है, मूड बेहतर होता है मानसिक तनाव कम होता है। आप रोजाना कुछ मिनट टहलकरए घर पर हल्की-फुल्की स्ट्रेचिंग करके या सामुदायिक गतिविधियों में भाग लेकर सक्रिय रह सकते हैं। इस तरह आप त्योहारी मौसम के दौरान भी स्वस्थ और ऊर्जावान महसूस करें। व्यायाम हमारे शरीर और मन को प्रकृति की बदलती लय के अनुकूल बनाने में मदद करता है। यदि आप दशहरा और दिवाली के त्योहारों के दौरान योग का अभ्यास जारी रखते हैं, तो आपको अधिक आत्मविश्वास और शालीनता से घूमने।फिरने के लिए ऊर्जा में वृद्धि महसूस होगी। अपनी दिनचर्या में नियमित वृक्षासन, ताड़ासन और भुजंगासन को शामिल करें। यह योग वजन कंट्रोल करने में मदद करेंगे।

**हाइड्रेटेड रहें**-दिन की शुरुआत पानी से करें त्योहारों के सीजन में लोगों की दौड़-धूप बहुत ज्यादा हो जाती है। ऐसे में शरीर को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी है। अपने दिन की शुरुआत एक बड़े गिलास निम्बू पानी से करें। इससे मेटाबॉलिज्म तेज होगा, कोशिकाएं हाइड्रेट होंगी और विषाक्त पदार्थ बाहर निकलेंगे जिससे शरीर को ऊर्जा मिलेगी। पानी पाचन तंत्र को साफ रखता है और एसिडिटी व कब्ज जैसी समस्याओं से बचाता है। पानी की कमी से आप दिन भर की भाग दौड़ नहीं कर सकेंगे क्योंकि इससे रक्त चाप बढ़ सकता है और आपका शरीर थका-थका महसूस करेगा। अपने आहार में तरबूज, खीरा, संतरा और स्ट्रॉबेरी जैसे खाद्य पदार्थ शामिल करें। ये खाद्य पदार्थ न सिर्फ हाइड्रेटेड रखते हैं बल्कि जरूरी विटामिन और खनिज भी प्रदान करते हैं। फल और सब्जियां आपको कम कैलोरी देती हैं इन्हें स्नैक्स में शामिल कर आप कम वसा का सेवन करने में सफल हो सकते हैं। दावतों के दौरान भारी और तैलीय व्यंजनों के साथ सलाद या फलों की थाली का संतुलन बनाएं। ये खाद्य पदार्थ न केवल हाइड्रेट करते हैं, बल्कि आवश्यक विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट भी प्रदान करते हैं। अपने साथ पानी की 1 बोतल रखें और हर आधे घंटे में पानी पीते रहें।

(लेखिका अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य विशेषज्ञ हैं और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पाक अपने लोगों पर बम गिराता है: भारत

**वाशिंगटन।** भारत ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में कश्मीर को लेकर झूठे प्रचार करने पर पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की। ओपन डिबेट के दौरान संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में भारत के राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है, जो अपने ही लोगों पर बम गिराता है और नरसंहार करता है।

हरीश ने कहा कि जो अपने लोगों पर बम गिराए और 4 लाख महिलाओं के साथ रेप जैसा अमानवीय अपराध करे, उसे दूसरों को सिखाने का कोई अधिकार नहीं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान दुनिया का ध्यान भटकाने और गुमराह करने के लिए झूठ और बढ़ा-चढ़ाकर बातें करता है। हरीश ने यह बयान उस समय दिया, जब एक पाकिस्तानी



अधिकारी ने आरोप लगाया कि कश्मीरी महिलाएं दशकों से यौन हिंसा झेल रही हैं। वहीं, भारत ने एक बार फिर दोहराया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। हरीश ने कहा कि पाकिस्तान वही देश है जिसने 1971 में ऑपरेशन सर्चलाइट चलाया था और अपनी सेना को 4 लाख महिला नागरिकों के नरसंहार और सामूहिक बलात्कार के सुनियोजित अभियान को मंजूरी दी थी। दुनिया पाकिस्तान के इस झूठे प्रचार को भली-भांति समझती है। पाकिस्तान की सेना ने 1971 में ऑपरेशन सर्चलाइट के तहत पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में क्रूर दमन शुरू किया, जिसमें 30 लाख लोग मारे गए और महिला नागरिकों के साथ बलात्कार किया गया। पाकिस्तान की खैबर पख्तूनख्वा की तिराह घाटी में पाकिस्तानी सेना ने 22 सितम्बर को बिना कोई चेतावनी जारी किए ही बम गिरा दिए। इस हमले की चपेट में आकर 30 लोगों की जान चली गई थी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान की वायुसेना इन हमलों के जरिए आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को निशाना बनाने की कोशिश कर रही थी।

## अवैध रूप से भारत में रह रहा नाइजीरियाई नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस की एएटीएस टीम ने एक नाइजीरियाई नागरिक, अपेह नन्ना मालाची को गिरफ्तार किया, जो पिछले चार साल से भारत में बिना वैध वीजा के अवैध रूप से रह रहा था। पुलिस ने विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय, दिल्ली की सहायता से उसे उसके देश निर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर राम कुमार की अगुवाई वाली टीम अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए सक्रिय थी। 3 अक्टूबर को एएसआई विनोद कुमार और एएसआई धर्मेंद्र को सूचना मिली कि नांगल राया, वसंतकुंज साउथ में एक नाइजीरियाई नागरिक किराए का मकान तलाश रहा है।

# पाक ने अमेरिका को खनिजों की पहली खेप भेजी

## इमरान खान की पार्टी पीटीआई विरोध में, सीक्रेट सौदे से देश के हालात बिगड़ेंगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने पहली बार अमेरिका को दुर्लभ खनिजों (रेयर अर्थ मटेरियल) की छोटी खेप भेजी है। ये खनिज पिछले महीने अमेरिकी कंपनी यूएस स्ट्रैटेजिक मेटल्स (यूएसएसएम) के साथ हुए 50 करोड़ डॉलर के सौदे के तहत भेजे गए। हालांकि इन्हें भेजने की टाइमिंग नहीं पता चल पाई है।

इस सौदे का मकसद पाकिस्तान में खनिजों की खोज और प्रोसेसिंग के लिए कारखाने बनाना है। ये नमूने पाकिस्तानी सेना की ब्रांच फ्रंटियर वर्कर्स आर्गेनाइजेशन (एफडब्ल्यूओ) की मदद से तैयार किए गए। यूएसएसएम ने इसे पाकिस्तान और अमेरिका के बीच दोस्ती का बड़ा कदम बताया। कंपनी का कहना है कि यह समझौता खनिजों की खोज से लेकर प्रोसेसिंग तक सब कुछ कवर करता है। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने इसका विरोध किया है। पीटीआई नेता शेख



- इस सौदे का मकसद पाकिस्तान में खनिजों की खोज और प्रोसेसिंग के लिए कारखाने बनाना है
- USSM ने इसे पाक व अमेरिका के बीच दोस्ती का बड़ा कदम बताया

वक्कास अकरम ने कहा ऐसे सीक्रेट सौदे से देश के हालात खराब हो सकते हैं। पीटीआई ने मांग की कि सरकार अमेरिका के साथ हुए सौदों का पूरा ब्योरा जनता को बताए। पीटीआई के नेता ने कहा कि संसद और लोगों को विश्वास में लेना चाहिए। हम देश के हितों के खिलाफ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं करेंगे। यूएसएसएम कंपनी का कहना है कि यह सौदा खनिजों की खोज से लेकर रिफाइनरी बनाने तक सब कुछ कवर करता है। मिसूरी की यह कंपनी ऐसे खनिज बनाती और रिसाइकल करती है जो रक्षा, तकनीक और ऊर्जा के लिए जरूरी हैं। खेप में एंटीमनी, कापर कंसन्ट्रेट और रेयर अर्थ एलिमेंट्स जैसे नियोडिमियम व प्रेजियोडिमियम शामिल हैं। इससे पहले सितम्बर में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ, सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मुलाकात की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### सोने की खदान ढहने से चार की मौत

**लुसाका।** उत्तरी ज़ाम्बिया के शिवांगंडु जिले में एक सोने की खदान ढहने से चार अवैध खनिकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी राय हमोंगा ने बताया कि न्यू सीन गोल्ड माइन की एक खदान की दीवार रविवार दोपहर उस समय ढह गई जब चारों लोग हाथ से सोना निकाल रहे थे। अधिकारी ने फ़ेसबुक पर एक बयान में कहा कि शवों को निकालने के तुरंत प्रयास किए गए, लेकिन दुर्भाग्य से, जब तक बचाव दल वहां पहुंचे, तब तक चारों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मृतकों की पहचान कर ली है।

### मेडागास्कर के राष्ट्रपति ने नए पीएम की नियुक्ति की

**एंटानानारिवा।** मेडागास्कर के राष्ट्रपति एंड्री राजोइलिना ने रुपिन फ़ोर्टुनैट डिम्बिसोआ ज़ाफिसाम्बो को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। यह नियुक्ति व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बीच सरकार के भंग होने के एक सप्ताह बाद की गई थी। राजोइलिना ने कहा कि नए प्रधानमंत्री को 'व्यवस्था बहाल करने और लोगों का विश्वास फिर से हासिल करने में सक्षम' होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि उनका मुख्य कार्य लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना और देश की प्रमुख प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाना होगा।

### सूडान: आरएसएफ के तोपखाने हमले में 13 नागरिक मारे गए

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान में उत्तरी दारफुर की राजधानी एल फशर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) द्वारा आवासीय इलाकों को निशाना बनाकर की गई गोलाबारी में कम से कम 13 नागरिक मारे गए और 19 अन्य घायल हो गए। स्वयंसेवी समूहों ने यह जानकारी दी। सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने एक बयान में कहा कि हताहतों में सात बच्चे और एक गर्भवती महिला शामिल हैं और प्रभावित इलाकों में और भी शव और घायल लोग फंसे हुए हैं, जिनकी सही संख्या अज्ञात है।

# गाजा जंग के 2 साल: 80 फीसद इमारतें और 40% स्कूल तबाह

## 65 हजार से ज्यादा मौतें, मृतकों में 18 हजार बच्चे शामिल

**गाजा।** हमास के हमले से शुरू हुए गाजा युद्ध के आज दो साल पूरे हो गए हैं। लगातार बमबारी और जमीनी सैन्य कार्रवाई ने गाजा पट्टी को मलबे के ढेर में बदल दिया है। यूएन की सैटेलाइट रिपोर्ट के मुताबिक 80 प्रतिशत इमारतें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। करीब 90 प्रतिशत स्कूल खंडहर बन चुके हैं और 98.5 प्रतिशत खेत उजड़ गए हैं। 65 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई। वहीं, लाखों फलस्तीनी टेंटों में रहने को मजबूर हैं-जहां न पानी है, न बिजली, न इलाज। गाजा अब सिर्फ दर-दर भटकते लोगों की मायूसी और मलबे का ढेर बनकर रह गया है।

7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजरायल में घुसपैठ की और करीब 251 लोगों को बंधक बना लिया। जवाब में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तुरंत जंग का ऐलान किया और हमास पर हमले शुरू कर दिए। हमास ने इसे 'अल-अक्सा फ्लड' (सैलाब जैसा जवाबी हमला) का नाम दिया, जबकि इजरायल ने इसे 'सिमचत तोराह वार' (यहूदी लोगों का एक त्योहार) कहा। 2 साल में 90 प्रतिशत लोग बेघर हुए गाजा के 23 लाख लोगों में से 90 प्रतिशत लोग बेघर हैं। उत्तर और दक्षिण गाजा से भगाए गए लाखों लोग अब टेंटों में बिना पानी, बिजली और दवा के दिन गुजार रहे हैं।



- गाजा अब सिर्फ दर-दर भटकते लोगों की मायूसी और मलबे का ढेर बनकर रह गया है, वहीं, लाखों फलस्तीनी टेंटों में रहने को मजबूर हैं-जहां न पानी है, न बिजली

### गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से इजरायल को 21 अरब डॉलर की सैन्य मदद दे चुका अमेरिका, रिपोर्ट में खुलासा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में मंगलवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका, बीते दो साल में इजरायल को करीब 21.7 अरब डॉलर की सैन्य सहायता दे चुका है। इसमें बाइडन प्रशासन और ट्रम्प प्रशासन द्वारा दी गई मदद शामिल है। हमास के इजरायल पर हमले और गाजा में इजरायल की जवाबी कार्रवाई को दो साल पूरे हो चुके हैं। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमला किया था। जिसके बाद संघर्ष की शुरुआत हुई और यह अभी भी जारी है। ब्राउन विश्वविद्यालय के वाटसन स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स द्वारा प्रकाशित 'कास्ट्स ऑफ वार' (युद्ध की लागत) नामक एक अध्ययन में ये भी कहा गया है कि अमेरिका ने पिछले दो वर्षों में पश्चिम एशिया में सुरक्षा सहायता और विभिन्न अभियानों पर करीब 10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक रकम खर्च की है।

गाजा पट्टी का करीब 80 प्रतिशत इलाका मिलिट्री जोन में है, जहां आम नागरिकों का प्रवेश वर्जित है। यूएन एजेंसियों के अनुसार आधे से ज्यादा लोग भुखमरी से जूझ रहे हैं।

अब तक 66158 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं, इनमें 18430 बच्चे (लगभग 31 प्रतिशत) शामिल हैं। गाजा में करीब 39384 बच्चे सूचि ब) हैं जिनके माता या पिता में से कोई एक मारा गया है। वहीं, 17000 फलस्तीनी बच्चे माता-पिता दोनों खो चुके हैं। राहत एजेंसियां कहती हैं- यह अब शहर नहीं, जिंदा बचे लोगों का कैंप मात्र है। यूनिसेफ की रिपोर्टों के मुताबिक, गाजा में 5 साल से कम उम्र के 43,000 से अधिक बच्चे कुपोषण का शिकार हैं।

गाजा में करीब 54 मिलियन टन मलबा, इसे हटाने में 10 साल लगेंगे पिछले 2 साल से लगातार इजरायली बमबारी के बाद गाजा अब एक मलबे का शहर बन गया है। यूएन रिपोर्ट के मुताबिक 80 प्रतिशत इमारतें तबाह हो गई हैं। जिनमें से आधी से ज्यादा पूरी तरह ढह गईं। इससे करीब 4.5 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। गाजा में इजरायली सेना के हमलों में तबाह हुई इमारतों का करीब 54 मिलियन टन से ज्यादा मलबा जमा है। विशेषज्ञ कहते हैं, इसे साफ करने में कम से कम 10 साल और 1.2 लाख करोड़ रुपये लगेंगे। इजरायल ने एक किलोमीटर गहरा बफर जोन और 4 सैन्य कारिडोर बना दिए हैं।

# मैंने जो कहा, वह बहुत असरदार था, वे रुक गए: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच मई में चले संघर्ष को रुकवाने का दावा किया है। इतना ही नहीं ट्रम्प एक बार फिर से टैरिफ को हथियार बताने से भी नहीं चूके।

उन्होंने सोमवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष को रोकने में टैरिफ (आयात शुल्क) का इस्तेमाल एक हथियार के रूप में किया। जो उन्होंने कहा था, वह बहुत असरदार साबित हुआ। ओवल आफिस में पत्रकारों से बातचीत में ट्रम्प ने कहा कि टैरिफ अमेरिका के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। हम टैरिफ की वजह से शांति-रक्षक हैं। हम सैकड़ों अरब डॉलर कमाते हैं, लेकिन साथ ही टैरिफ के कारण हम युद्ध रोकने की ताकत भी रखते हैं। उन्होंने दावा किया कि अगर उन्होंने टैरिफ की ताकत का इस्तेमाल न किया होता, तो आज भी चार युद्ध चल रहे होते। ट्रम्प ने कहा कि मैं युद्ध रोकने के लिए टैरिफ का इस्तेमाल करता हूं। अगर आप भारत और पाकिस्तान को देखें, तो वे एक-दूसरे पर हमला करने के लिए तैयार थे। सात विमान गिराए गए थे। वे लड़ाई के लिए



- ट्रम्प ने फिर किया भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा

तैयार थे। दोनों ही परमाणु शक्ति से संपन्न देश हैं। मैं इसका जिक्र नहीं करना चाहता कि मैंने क्या कहा था, लेकिन जो मैंने कहा वह बहुत प्रभावी था। वे रुक भी गए। यह टैरिफ और व्यापार पर आधारित था। गौरतलब है कि भारत ने पहलगाम हमले के साजिशकर्ताओं को सबक सिखाने के लिए 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचों को निशाना बनाया गया था। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे।





लंदन। इजरायल-हमास युद्ध की वर्षगांठ पर गाजा में मारे गए लोगों के लिए संसद स्कवायर में मुखौटा पहनकर जुलुस निकालते फलस्तीन समर्थक।

## बलूचिस्तान सीमा के पास जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर हमला, कई डिब्बे पटरी से उतरे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सिंध और बलूचिस्तान की सीमा के पास सुल्तानकोट इलाके में मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर हमला हुआ। यह ट्रेन क्वेटा जा रही थी, तभी पटरियों पर लगाए गए विस्फोटक में धमाका हो गया। धमाके की वजह से ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक, कई यात्री घायल हुए हैं, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं है कि कुल कितने लोग घायल या हताहत हुए हैं। बचाव दल और सुरक्षा बल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य कर रहे हैं, घायलों का इलाज किया जा रहा है और अधिक. ारी हमले की जांच में जुटे हैं। जाफर एक्सप्रेस को इससे पहले भी कई बार निशाना बनाया जा चुका है।

## ट्रम्प को पुतिन की चेतावनी, यूक्रेन को टामहाक मिसाइलें देने से हमारे संबंध खराब होंगे

**मास्को।** वैश्विक ताकतों के टकराव और लंबे समय से जारी संघर्षों के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को लंबी दूरी की टामहाक मिसाइलों की आपूर्ति की तो वाशिंगटन और मास्को के बीच संबंधों खराब हो जाएंगे। सितम्बर के अंत में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा था कि व्हाइट हाउस कीव को टामहाक मिसाइलें देने पर विचार कर रहा। एक मिसाइल की कीमत 11.44 करोड़ रुपये है। इनकी मारक क्षमता 2,500 किलोमीटर है, जिससे ये मिसा. इलें मास्को और उसके बाहर भी हमला कर सकेंगी।

# बांग्लादेश में हिल्सा मछली को बचाने के लिए जंगी जहाज तैनात

**ढाका।** बांग्लादेश में हिल्सा मछली को अवैध रूप से पकड़ने से बचाने के लिए सेना की तैनाती की गई है। न्यूज एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक इसके लिए 17 वार शिप और गश्ती हेलिकाप्टर तैनात किए गए हैं। ये जहाज और गश्ती विमान घरेलू और विदेशी मछुआरों को गहरे समुद्र में घुसपैठ से रोकने के लिए 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं।

बांग्लादेशी अधिकारियों ने कहा है कि 4 से 25 अक्टूबर तक हिल्सा मछली के प्रजनन वाले इलाके में मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पिछले साल दक्षिण-पूर्वी बांग्लादेश के शमलापुर गांव में मछुआरे मछलियां पकड़ते हुए। हिल्सा को बांग्लादेश में इलिश

- हेलिकाप्टर से निगरानी भी हो रही, प्रजनन के समय अवैध शिकार रोकने की कवायद तेज

मछली भी कहा जाता है। यह बांग्लादेश की राष्ट्रीय मछली है और इसे वहां पर 'मां' का दर्जा दिया गया है। हिल्सा प्रजनन के लिए हर साल अंडे देने के लिए समुद्र (गर्म पानी) से नदियों (ठंडे पानी) की ओर लौटती है। हिल्सा मछली पर लाखों लोग निर्भर हैं। ढाका में फिलहाल इसकी कीमत 2800 से 3000 टका (2050 से 2200 रुपये) प्रति किलोग्राम है। भारत के पश्चिम बंगाल में भी यह मछली बहुत पसंद की जाती है और महंगी कीमत पर बिकती है। भारतीय मछुआरे गंगा नदी और उसके डेल्टा के खारे पानी में मछली पकड़ते हैं, जिससे कोल. काता और पश्चिम बंगाल की जरूरतें पूरी होती हैं। लेकिन ज्यादा मछली पकड़ने से हिल्सा के प्रजनन के समय मछली का स्टाक कम हो सकता है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन और समुद्र के जलस्तर का बढ़ना हिल्सा मछली के स्टाक पर असर डाल रहा है। इसके साथ ही यह डर भी है कि नौसेना के जहाज हिल्सा के प्रजनन के दौरान शांत पानी में बाधा डाल सकते हैं। वर्ल्ड फिश की परियोजना के पूर्व प्रमुख मोहम्मद अब्दुल वहाब ने कहा कि हिल्सा को प्रजनन के लिए शांत और निर्बाध पानी चाहिए।

# ब्रिटेन से 40 हजार आईफोन चुराकर चीन भेजे

## गिरोह लंदन में फोन चोरी के 40 प्रतिशत मामलों में शामिल, एक भारतीय समेत 18 लोग गिरफ्तार

**लंदन।** ब्रिटेन की पुलिस ने एक अंतर्राष्ट्रीय मोबाइल फोन तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है, जिस पर आरोप है कि उसने पिछले साल 40000 चोरी किए गए मोबाइल फोन ब्रिटेन से चीन तक भेजे। मेट्रोपालिटन पुलिस का कहना है कि यह ब्रिटेन में फोन चोरी के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा आपरेशन है।

इसमें 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 2000 से ज्यादा चोरी किए गए फोन बरामद किए गए। गिरफ्तार लोगों में 2 अफगानी और एक भारतीय नागरिक की पहचान हुई है। पुलिस का दावा है कि यही गिरोह लंदन में चोरी हुए कुल फोन में से करीब 50 प्रतिशत



- यह ब्रिटेन में फोन चोरी के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा आपरेशन है, 2000 से ज्यादा चोरी किए गए फोन बरामद

को विदेश भेजने के लिए जिम्मेदार था। फोन लेकर भागते चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ये घटना 9 सितम्बर की है। यह जांच तब शुरू हुई जब पिछले साल क्रिसमस पर एक पीड़ित ने अपने चोरी हुए आईफोन को ट्रैक किया और उसकी लोकेशन हीथ्रो एयरपोर्ट के पास एक गोदाम में मिली। वहां सुरक्षाकर्मियों ने जब जांच की, तो फोन एक डिब्बे में मिला जिसमें 894 और फोन थे। जांच में पता चला कि लगभग सभी फोन चोरी किए गए थे और उन्हें हान्गकान्ग भेजा जा रहा था। इसके बाद पुलिस ने आगे की खेप रोक दी और फोरेंसिक जांच से दो संदिग्धों की पहचान की। पुलिस को पता चला कि ये कार में पन्नी में लपेटकर फोन की तस्करी करते थे ताकि चोरी का सामान पकड़ा न जाए। दोनों आरोपी 30 साल के अफगान नागरिक हैं। उन पर चोरी का माल रखने और आपराधिक संपत्ति छिपाने की साजिश का आरा. `प है। तस्करी के गिरोह में एक 29 साल का भारतीय नागरिक भी शामिल है। दो अफगान नागरिकों की गिरफ्तारी के बाद कार में कई फोन मिले, जिनमें से कुछ पन्नी में लिपटे हुए थे। डिटेक्टिव इंस्पेक्टर मार्क गेविन के मुताबिक, यह गिरोह लंदन में चोरी हुए फोनों को विदेश भेजने में शामिल था। गेविन ने कहा कि लंदन में फोन चोरी के मामले तेजी से बढ़े हैं। साल 2020 में 28609 फोन चोरी हुए थे, जो 2024 में बढ़कर 80588 हो गए। यानी चार साल में यह संख्या लगभग तीन गुना हो गई।

# फिजिक्स का नोबेल तीन अमेरिकी वैज्ञानिकों को

**स्काटहोम।** इस साल फिजिक्स का नोबेल पुरस्कार 3 अमेरिकी वैज्ञानिकों जान क्लार्क, मिशेल डेवोरेट, जान मार्टिनिस को मिला है। स्वीडन की रायल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। यह पुरस्कार इलेक्ट्रिक सर्किट में बड़े पैमाने पर मैक्रोस्कोपिक क्वांटम टनलिंग और ऊर्जा के स्तरों की खोज के लिए मिला है।

क्वांटम टनलिंग वह प्रक्रिया है जिसमें कोई कण किसी बाधा (बैरियर) को कूदकर नहीं बल्कि उसके 'आर-पार' होकर निकल जाता है, जबकि सामान्य फिजिक्स के हिंसाब से यह असंभव होना चाहिए। आम जिंदगी में हम देखते हैं कि कोई

- मैक्रोस्कोपिक क्वांटम टनलिंग के लिए मिला, चिकित्सा, अंतरिक्ष और रक्षा तकनीक में फायदा होगा

गेंद दीवार से टकराकर वापस आ जाती है, लेकिन क्वांटम की दुनिया में छोटे कण कभी-कभी दीवार को पार कर दूसरी तरफ चले जाते हैं। इसे क्वांटम टनलिंग कहते हैं। आम जिंदगी में गेंद दीवार से टकराकर वापस आ जाती है, लेकिन क्वांटम की दुनिया में यह दीवार के पार चली जाती है। रायल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने कहा कि इन वैज्ञानिकों ने यह साबित किया कि क्वांटम इफेक्ट मानव स्तर पर भी दिखाई दे सकते हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108